स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
13 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष 4
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 351 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

आईसीसी के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी बने शुभमन गिल



BALAJI WAFERS

MD. QASIM

To ensure you are dealing directly with Balaji Wafers

please visit our official website at https://www.balajiwafers.com

BALAJI WAFERS

## फतेहपुर प्रकरण पर विधानसभा में जमकर हंगामा

- कानून अपना काम करेगा : सरकार
- सपा बोली सद्भाव बिगाड़ने का काम हुआ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन फतेहपुर में मकबरे-मंदिर विवाद की घटना को लेकर जमकर हंगामा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इस मुद्दे को उठाते हुए योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का काम हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जताते हुए कहा, विपक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं है। अगर मुद्दों पर बात करनी है तो नोटिस पर चर्चा करें, वरना सदन बंद कराने के लिए भी हम तैयार हैं। नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस मामले सें सरकार का कोई संबंध नहीं है। इस बात का हम पूरी तरह से खंडन करते हैं। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के इतना कहते ही विपक्ष हंगामा करने लगा। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विधायकों को शांत रहकर वित्त मंत्री का जवाब देने की अपील की। खन्ना ने आगे बताया कि 11 अगस्त को थाना कोतवाली फतेहपुर में इस मामले में 10 लोगों के खिलाफ नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में कानून अपना काम करेगा। जो भी कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे न्यायिक प्रक्रिया में तहत दंड मिलेगा। इस पर माता प्रसाद पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि आपकी पार्टी के अध्यक्ष ने घोषणा की थी, उस मुकदमे में उनका नाम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती है कि यूपी में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़े और एक पक्षिय राजनीति इनकी चल सके। वहीं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

सपा नेता व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने बताया कि एक पार्टी के नेता ने एलान किया कि ये मकबरा हिंदुओ का है, हम इस पर कब्जा करेंगे। बड़ी संख्या में लोगों को लेकर वहां पहुंच गए थे। पुलिस ने उसकी बैरिकेडिंग की थी, लेकिन वहां पर्याप्य पुलिस नहीं थी। इसकी वजह से ये लोग पुलिस को धक्का देते हुए वहां घुस गए और तोड़फोड़ की गई।

इसके बाद विपक्ष के नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया और तानाशाही बंद करो-बंद करो के नारेबाजी करना शुरू दिया। हंगामा करते हुए सपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष के सामने आकर खड़े हो गए थे।



### फतेहपुर में मस्जिद पर चढ़ने वाला नेता सपा से निष्कासित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** फतेहपुर में मकबरे पर चढ़कर बवाल करने वाले में भाजपाइयों के साथ पुलिस ने सपा नेता पप्पू चौहान पर भी शिकंजा सका है। उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। तमाम वीडियो में पप्पू चौहान भी भाइपाइयों के साथ दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कड़ा एक्शन लेते हुए पप्पू चौहान को पार्टी से निकाल दिया है। अखिलेश यादव के निर्देश पर फतेहपुर के सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने पप्पू चौहान को पार्टी से बाहर करने का आदेश जारी किया। हालांकि उन्होंने अपने लेटर में मकबरे को लेकर हुए बबाल या उसमें शामिल होने का जिक्र नहीं किया है। पप्पू चौहान को सपा से निकालने का कारण पार्टी विरोधी गतिविधियां बताया गया है। वहीं पप्पू चौहान ने एक वीडियो जारी कर सपा से इस्तीफा देने का ऐलान भी किया है। पप्पू चौहान ने कहा कि फतेहपुर में सपा केवल वही काम कर रही है जो मुस्लिमों को पसंद है।

### बहराइच में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**बहराइच।** बहराइच जिले की महसी तहसील के पडोहिया गांव में कुछ अराजक तत्वों ने एक देव स्थान पर बने चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर दिया और परिसर में लगे कई पेड़ों को भी काट दिया। श्रद्धालु जब सुबह पूजा करने पहुंचे, तो देव स्थान का ऐसा हाल देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। विधायक ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने मामले में सात लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए तीन बड़े फैसले

## लखनऊ मेट्रो के विस्तार को मंजूरी

- 18541 करोड़ की योजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को तीन बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ रुपये की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 रुपये खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिसा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगी। कैबिनैट ने दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनैट ने 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथ टाटो-टू हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 700 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनैट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी।

केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है। इन इलाकों में शामिल हैं- अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेगंज और चौक जैसे वाणिज्यिक केंद्र। इस परियोजना के बाद मेट्रो नेटवर्क से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (मेडिकल कॉलेज) व प्रमुख पर्यटक आकर्षण, जैसे इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाजा भी जुड़ जाएंगे। शहर की समृद्ध और ऐतिहासिक खान-पान की संस्कृति के लिए प्रसिद्ध पाककला स्थल भी मेट्रो के नए फेज से जुड़ जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 5,801 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।



भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। आज स्वीकृत प्रस्ताव SiCSem, कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, 3डी ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज से जुड़े हैं। ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन पर लगभग 4,600 करोड़ रुपये का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट लेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा। इसके असर से कई अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा होंगी। देश में आईएसएम के तहत अब कुल 10 स्वीकृत परियोजनाएं हैं। पूर्व की परियोजनाओं के तहत 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

## जस्टिस वर्मा प्रकरण में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू

- लोकसभा अध्यक्ष ने हटाने का प्रस्ताव किया स्वीकार
- तीन सदस्यीय समिति गठित

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए बहुदलीय नोटिस स्वीकार करने के बाद उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। इससे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस जांच समिति में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी. वी. आचार्य शामिल हैं।

बिरला ने कहा, समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव जांच समिति की रिपोर्ट मिलने होने तक लंबित रहेगा। इससे पहले



लोकसभा स्पीकर ने कहा कि उन्हें 21 जुलाई को रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित 146 लोकसभा सदस्यों की ओर से न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव मिला था।14 मार्च को उनके सरकारी आवास पर जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली से इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के संबंधित कानूनों और फैसलों का हवाला देने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने पाया कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के थे। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने 7 अगस्त, 2025 को कहा था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने की सिफारिश करने वाली आंतरिक जांच प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है।

## वोटर वेरिफिकेशन पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

- विपक्षी सांसद 'मिंता देवी' की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे
- दावा- यह 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गई। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर हंगामा हुआ, जिसके चलते दोनों सदन फिर से 3 बजे तक स्थगित रहे। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया। राहुल गांधी ने कहा, केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।



बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा- हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है।विपक्ष के हंगामे के कारण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी बिना चर्चा के 8 विधेयक बिना बहस के ही पास हो गए। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल, इनकम टैक्स (नंबर 2) बिल और टैक्सेशन लॉ (संशोधन) बिल पास हुआ।

राज्यसभा में गोवा में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्समायोजन से जुड़ा बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, मणिपुर विनियोग बिल और मणिपुर जीएसटी (संशोधन) बिल पास किए गए।

## यूपी में वृद्धावस्था पेंशन का बढ़ा दायरा

- 67.50 लाख बुजुर्ग होंगे लाभान्वित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 67.50 लाख पात्र बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन पहुंचाने का नया लक्ष्य रखा है। इससे पहले, बीते वर्ष की पहली तिमाही में ही 56 लाख गरीब बुजुर्गों को रु.1000 प्रति माह की पेंशन प्रदान कर आर्थिक सहायता की गई है। सरकार ने समाज कल्याण विभाग की वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 61 लाख पेंशनरों के लक्ष्य को पार करते हुए यह नया लक्ष्य निर्धारित किया है, जो बुजुर्गों के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस योजना की खासियत है सिंगल नोडल एकाउंट (एसएनए) प्रणाली, जिसके तहत पेंशन सीधे आधार-लिंक्ड खातों में भेजी जाती है, जिससे वितरण प्रक्रिया डिजिटल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनती है। योगी सरकार ने 2017 में इस योजना का विस्तार किया था, तब लाभार्थी संख्या 37.47 लाख थी, जो अब तेजी से बढ़कर 67.50 लाख तक पहुंचने का लक्ष्य है। पिछले वर्षों में वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या और राशि में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता का प्रमाण है।

### दिल्ली में स्विमिंग सीखने आई दो बच्चियों से गैंगरेप

**नई दिल्ली।** नरेला स्थित स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने गई नौ और 12 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अनिल और उसके साथी मुनील के रूप में हुई है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने घटना की पुष्टि की है। घटना 5 अगस्त की है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक दोनों बच्ची स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने जाती है। आरोप है कि 5 अगस्त को 9 साल की बच्ची वहां गई थी, जिसे अनिल ने पकड़कर एक कमरे में ले गया, जहां 12 साल की बच्ची पहले से मौजूद थी।

### खुदरा महंगाई 1.55 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** जुलाई में खुदरा महंगाई दर घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। यह जून 2017 के बाद सबसे कम है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। सरकार ने मंगलवार को खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीती घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों और अनाजों सहित खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। सरकार ने मंगलवार को खुदरा महंगाई से जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून में 2.1 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। जुलाई 2025 की मुद्रास्फीति जून 2017 के बाद सबसे कम है जब यह 1.46 प्रतिशत थी।

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की योजना नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई प्लानिंग नहीं है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा- संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच बांटी गई विधायी शक्तियों के मुताबिक पशुओं का संरक्षण ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है। बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार गायों के संवर्धन, संरक्षण और पालन के लिए राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के उठाए कदमों का समर्थन करने के लिए दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू कर चुकी है।

## 'तैयार रहें, हम आपसे मतदाताओं से जुड़े तथ्यों पर सवाल करेंगे'

- चुनाव आयोग से बोला सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग की ओर से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की पीठ ने राजद नेता मनोज झा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों से सुनवाई शुरू की। सिब्बल ने तर्क दिया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग ने दावा किया था कि 12 लोग मृत थे, लेकिन वे जीवित पाए गए, जबकि एक अन्य मामले में जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के अभियान में कुछ खामियां होना स्वाभाविक है। यह दावा करना कि मृत लोगों को जीवित घोषित किया गया और जीवित लोगों को मृत घोषित किया गया, हमेशा सही किया जा सकता है, क्योंकि यह केवल एक मसौदा सूची है। पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहे, क्योंकि कोर्ट प्रक्रिया से पहले मतदाताओं की संख्या, पहले और अब मृतकों की संख्या और अन्य प्रासंगिक विवरणों पर सवाल उठाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर को लेकर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई में कहा कि इस मामले में बड़ा विवाद नहीं, बल्कि यह ज्यादातर भरोसे की कमी का मामला लगता है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि करीब 1 करोड़ वोटर इस प्रक्रिया से बाहर रह गए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा - जब 7.9 करोड़ वोटरों में से 7.24 करोड़ ने जवाब दिया, तो 1 करोड़ वोटर गायब होने की थ्योरी टिकती नहीं है। चुनाव आयोग ने भी सुप्रीम कोर्ट को बताया कि लगभग 6.5 करोड़ लोगों को बिहार एसआईआर में कोई दस्तावेज जमा नहीं करना पड़ा, क्योंकि वे या उनके माता-पिता 2003 की मतदाता सूची में पहले से शामिल थे। अदालत ने साफ किया कि आंकड़ों से ज्यादा यह मामला भरोसा और धारणा का है, न कि किसी बड़े पैमाने की गड़बड़ी का।



### 'हम देश के हर नागरिक के संरक्षक हैं'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को खुद को देश के सभी नागरिकों का संरक्षक बताया। अदालत ने कई मामलों में जांच एजेंसियों की ओर से मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को तलब करने पर स्वतः संज्ञान लिया और अपना फैसला सुरक्षित रखा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान पीठ ने टिप्पणी की, हम देश के सभी नागरिकों के संरक्षक हैं। पीठ ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि न्याय प्रशासन के एक हिस्से के रूप में वकीलों को संरक्षण दिया जाना चाहिए। किसी वकील के किसी अपराध में शामिल होने के मुद्दे पर, पीठ ने कहा कि उसने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें गढ़ने के संबंध में सलाह देने की उनकी सामान्य कार्यप्रणाली से कोई भी भटकाव उन्हें मिली प्रतिरक्षा को समाप्त कर देगा।

### 'सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें राज्य'

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी पाए गए सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। पीठ ने कहा, %इस आदेश की प्रति रजिस्ट्री द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई आरोपी या दोषी सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में तो बंद नहीं है।

# दबंगो ने गिरा दिया बेवा का घर, ट्रैक्टर से कर दी जुताई

## विरोध करने पर बेवा और उसके बच्चो को दौड़ाकर पीटा



**खुटार।** जमीन पर कब्जा करने के इरादे से ट्रैक्टर लेकर आए दबंगों ने एक बेवा के घर को गिरा दिया और उसमें रखे सामान को तोड़फोड़ कर सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद दबंगों ने बेवा के मकान पर ट्रैक्टर हैरो चला कर उसकी जुटाई कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने बेवा और उसके परिवार के लोगों की जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और मामले की तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। क्षेत्र के गांव अठकोना मे रहने वाली विधवा हसीना बेगम ने बताया कि उसका गांव में एक कच्चा मकान है। जिसमें वह अपने पांच बच्चों के साथ रह रही है। उसके साथ उसका भतीजा व उसकी पत्नी भी रहती है। मंगलवार दोपहर लगभग 11बजे उसका भतीजा किसी काम से पुवायां गया हुआ था। तभी गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने मिलकर उसके मकान पर जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से फावड़ा लेकर आ गए और उसका मकान गिराने लगे। बेवा हसीना के विरोध करने पर सातो दबंगो ने विधवा हसीना बेगम के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दबंगो ने उसके मकान को गिरा दिया और ट्रैक्टर हैरो से जबरन जोत दिया। दबंगों द्वारा दिनदहाड़े विधवा के घर को गिराकर उसमें रखा सारा सामान कपड़े, अनाज, बर्तन, चारपाई, अटैची व सोने का पेंडल, चांदी की पायल आदि सब नाली एवं आसपास फेंक दिया। कुछ सामान अपने घर उठा ले गए। पीडिता ने इसका विरोध किया तो दबंग तमंचा लेकर मारने को दौड़ पड़े और विधवा के सीने पर तमंचा रख कर धमकाया कि यदि ज्यादा चिल्लाओगी, तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीडिता ने आरोप लगाया दबंगो ने उसके कपड़े फाड़ डाले व मोबाइल भी छीन लिया। घटना की सूचना पीडिता ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना देख थाने को सूचना दी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद पीडिता थाने पहुंची और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

# खतौनी दुरस्ती को निरस्त कराने को 15 दिन से काट रहा चक्कर,एसडीएम से शिकायत

**तिलहर शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत)।** अवैध रूप से दर्ज की गई खतौनी दुरस्ती को निरस्त करने के लिए ग्रामीण तहसीलदार के 15 दिनों से चक्कर लगा रहा है। समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण ने एसडीएम रविंद्र कुमार से शिकायत की। खेड़ा बझेड़ा के सुरजूपुर गांव निवासी प्रेम पाल ने बताया कि उनकी जमीन बिनौरा बिनौरिया गांव में है। आरोप है कि तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो ने अवैध रूप से उसकी जमीन की विरासत गलत दर्ज कर खतौनी में अंकित कर दी। जब इसकी शिकायत की गई तो लेखपाल ने उक्त विरासत निरस्त कर खतौनी दुरस्तीकरण अवैध रूप से दूसरे के नाम कर दिया। आरोप है कि यह यह खतौनी दुरस्तीकरण किसी भी सरकारी रजिस्टर में दर्ज नहीं है और फर्जी रूप से इसका क्रमांक भी जारी कर दिया गया है। प्रेमपाल ने बताया कि इसको निरस्त करने के लिए वह कई दिनों से तहसीलदार के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। आरोप है कि तहसीलदार कार्यालय में निजी स्वार्थ के लिए उसे टरकाया जा रहा है। शिकायत पर एसडीएम रविंद्र कुमार ने नायब तहसीलदार पूनम मधुकर को जांच कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

# थाने पर हुई शांति समिति की बैठक

**तिलहर।** जन्माष्टमी, चेहल्लुम एवं गणेश चतुर्थी को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। अधिकारियों ने मिल जुलकर त्यौहार मनाने की सभी से अपील की। एसडीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई विवादित पोस्ट पर कमेंट और लाइक न करें। सीओ ज्योति यादव ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। कोतवाल राकेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें और कोई करता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। इस दौरान एसडीओ कैलाश यादव,शहर इमाम मो.स्वालेह उर्फ सद्दन मियां, सौरभ गुप्ता रवि, चांद अंसारी, हितेश गुप्ता रिंकू, अभिषेक शर्मा, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाढ़पीड़ितों के लिए आपदा तो राजस्वकर्मियों के लिए पिकनिक स्पॉट



**मिर्जापुर -शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)।** गंगा और रामगंगा में आई प्रलयंकारी बाढ़ जहां नदियों के खादर में बसे गांवों के बाशिंदों के सिर पर आपदा बनकर टूटी है। वहीं राजस्व और पुलिसकर्मियों के लिए यह बाढ़ किसी पिकनिक स्पॉट से कम नहीं है। दैवीय आपदा में बाढ़पीड़ितों की मदद के लिए सरकारी किराए पर लिए गए मोटर वोट में सेफ्टी जैकेट पहने राजस्व और पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी बाढ़ क्षेत्र की जलमग्न सड़कों पर भ्रमण कर मस्ती लेते घूम रहे हैं। वहीं बाढ़ के पानी से घिरे बाढ़पीड़ित इसी बाढ़ के पानी से प्यास बुझाने को मजबूर हैं। गंगा की बाढ़ का पानी ग्राम पैलानी उत्तर,कटैला नगला,लोहार नगला,पंखिया नगला,भरतपुर,मस्जिद नगला,आजाद नगर,इस्लाम नगर आदि दो दर्जन से अधिक गांवों में पहुंच चुका है। क्षेत्र की लगभग सभी सड़के जगह जगह बाढ़ के पानी से कट चुकी हैं। जिससे बाढ़पीड़ितों का आवागमन लगभग थम सा गया है। गंगा की बाढ़ से जलमग्न ग्राम पैलानी उत्तर,भरतपुर, पकड़िया नगला,धियरपुरा,धोबिन नगला,कटैला नगला,लोहार नगला,मस्जिद नगला,आजाद नगर,इस्लाम नगर आदि गांवों के कई घरों में भरे बाढ़ के पानी से बाढ़पीड़ितों के सामने खाने पीने के साथ ही भादों की अंधेरी रात में रोशनी की सबसे बड़ी समस्या है। जलमग्न घरों में सूखे स्थानों पर जहां बाढ़पीड़ित रात काटते हैं,वहीं सांप बिच्छुओं को भी सूखा ही पसंद है। अंधेरी रात में बाढ़पीड़ितों का जीवन खतरे में है। प्रशासनिक अधिकारी मोटर वोट और छोटी नाव को किराए पर लेकर सरकारी खजाने से बाढ़ राहत के बजट में सेंध लगा रहे हैं,वहीं बाढ़पीड़ित काली अंधेरी रात में रोशनी के लिए एक अदद मोमबत्ती के लिए तरस रहे हैं। जलमग्न घरों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे हैंडपंपों से सीधे बाढ़ का पानी निकल रहा है। यही बाढ़ का पानी पीकर बाढ़पीड़ित बीमारियों को दावत दे रहे हैं। दूसरी तरफ बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण और बाढ़पीड़ितों का सर्वे करने वाले राजस्वकर्मी जलमग्न सड़कों पर मोटरबोट से भ्रमण कर फोटो और वीडियो शूट कर उच्चाधिकारियों को भेजकर अपनी कर्मठता और बाढ़पीड़ितों की सेवा में लगे होना प्रमाणित कर रहे हैं। यही नहीं राजस्व विभाग के कर्मचारी बाढ़पीड़ितों के सर्वे के नाम पर प्रधान की चौपाल पर बैठकर वोटर लिस्ट से प्रधान की सलाह पर बाढ़पीड़ितों की सूची बना रहे हैं। जिससे प्रधानों के चहेते परिवारों के कई कई सदस्यों को बाढ़ राहत सामग्री मिल जाएगी तो कई परिवार इस सरकारी खैरात से भी वंचित रह जायेंगे।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु रेडक्रॉस सचिव ने अपर जिलाधिकारी से की मुलाकात



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देश पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार से कैंप कार्यालय में मुलाकात कर आपदा प्रबंधन में रेडक्रॉस के सहयोग का पत्र दिया। अपर जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए डॉ. जौहरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की प्रबंध समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें रेडक्रॉस के अतिरिक्त रेडक्रॉस द्वारा जिला स्तर पर बाढ़-आपदा से प्रभावित जिलों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके लिए जिला स्तर से रा'य मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा जाना है। वर्तमान में वर्षा-आपदा से प्रभावित जरूरतमंद लोग, जिनके क'चे, खपरैल व झोपड़ीनुमा मकान वर्षा के कारण टपक रहे हैं तथा जिनके परिवार के सदस्यों को असुविधा हो रही है, ऐसे लोगों को रेडक्रॉस द्वारा शीघ्र ही तिरपाल उपलब्ध कराए जाएंगे, जो प्राप्त किए जा सकते हैं।इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्तर पर तत्काल आपदा प्रबंधन हेतु रेडक्रॉस से सहयोग की आवश्यकता हो, तो जिलाधिकारी/अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के अनुमोदन के पश्चात रेडक्रॉस के उद्देश्यों के अंतर्गत आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

# नगर पंचायत से निकाला गया सफाई कर्मी करेगा भूख हड़ताल

## नगर विकास मंत्री का आदेश भी नही मान रहे चेयरमैन और ईओ

**खुटार।** नगर पंचायत मे ठेका पर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी को 13 माह पूर्व बगैर कोई कारण बताए नौकरी से हटा दिया गया। जिससे उसका परिवार भुखमरी की कगार पर आ गया है। पीड़ित सफाई कर्मचारी ने अधिशाषी अधिकारी से लेकर नगर विकास मंत्री तक न्याय की गुहार लगाई। लेकिन नतीजा बेअसर रहा। परेशान होकर उसने नगर पंचायत कार्यालय पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

नगर के मोहल्ला कोट मे रहने वाले शांतनु कुमार ने बताया कि वह नगर पंचायत खुटार में ठेका सफाई कर्मचारी पद पर कार्य कर रहा था। लेकिन उसे बिना कोई कारण बताए 6 अगस्त 2024 को पद से हटा दिया गया। उसने पद से हटाए जाने का कारण व पुनः नियुक्ति के लिए अधिशाषी अधिकारी व चेयरमैन को प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। जबकि इस बीच अनुचित तरीके से अन्य लोगों की नियुक्ति कर दी गई। जिसके बाद पीड़ित ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री को पुनः नियुक्ति के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसका नगर विकास मंत्री ने संज्ञान लेते हुए 17 सितंबर 2024 को व एसटीएससी आयोग के सदस्य ने 19 जून 2025 को शांतनु की पुनः नियुक्ति का आदेश दिया। इसके बाबजूद भी उसकी नियुक्ति नहीं की गई। बेरोजगार होने के कारण उसका परिवार भुखमरी की कगार पर है। शांतनु ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, एसटीएससी आयोग, सफाई कर्मचारी आयोग केंद्र व राज्य, नगर विकास मंत्री, जिला अधिकारी सहित शासन प्रशासन से पुनः नियुक्ति की गुहार लगाई है। शांतनु ने बताया कि यदि उसकी पुनः नियुक्ति नहीं की गई तो वह विवश होकर परिवार सहित 25 अगस्त से नगर पंचायत कार्यालय के परिसर में भूखड़ताल करेगा। जिसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत खुटार व जिला प्रशासनका है।

# डीएम केअध्यक्ष होने बाद भी डिग्री कालेज में बिना परमिट पेड़ काटे

## प्रशासन ने झाडा पल्ला और जांच का दिया अश्वासन

पुवायां,शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)। नगर के जेवाँ रोड पर गन्ना किसान डिग्री कालेज व उसके बाहर लगे सेमल के पे? काटे जाने का खबर वायरल होने पर संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों ने कार्रवाई कराए जाने का दावा किया है। मंगलवार को नगर के जेवाँ रोड स्थित गन्ना किसान डिग्री कालेज में लगे लगभग आधा दर्जन व रोड के किनारे लगे कई सेमल के पे? काटे जाने का खबर सोशल मीडिया पर वायरल हई। जिसमें कुछ रामलीला कमेटी के लोग भी बताए गए। जिस पर ह?कम्प मच गया। इस डिग्री कालेज के जिलाधिकारी स्वयं इस कालेज के अध्यक्ष हैं। सूचना मिलने पर एसडीएम चित्रा निर्वाल ने तत्काल वन विभाग व सम्बंधित लेखपाल को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वायरल तस्वीरों में पे? काटने की घटना चोरी जैसी प्रतीत नहीं हो रही है क्योंकि दिन में कालेज के भीतर ट्रैक्टर पहुंचना और गेट पर यूपी 31टी 5773 नम्बर की डीसीएम ख?ी कर लक?ी लोड करना चोरी से नहीं हो सकता। कालेज के स्टॉफ से बात करने पर उन्होंने पे? काटे जाने की बात को स्वीकार किया लेकिन जिला गन्नाधिकारी के पास कालेज के चार्ज होने की बात कहकर जिम्मेदारी से अपना पल्ला झा? लिया, उधर वन विभाग ने भी पे? समिति की जमीन में ख? होने और कालेज समिति के द्वारा कार्रवाई किए जाने की बात कहकर अपना हाथ खींच लिया, जबकि इस समिति का सारा जिम्मा डीएम व एसडीएम के पास है।

### डिग्री कालेज के एक प्रोफेसर का नाम चर्चा में आया

**पुवाया।** गन्ना किसान डिग्री कालेज की समिति में स्वयं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष और एसडीएम चित्रा निर्वाल सचिव हैं। डिग्री कालेज समिति के पदाधिकारी उच्च पदों पर बैठे है। जिलाधिकारी जिस संस्थान के मुखिया हों वहां इतने सुगम तरीके से ऐसी घटना होना गले से नहीं उतर रही है । घटना के बारे जानकारी करने पर कालेज के ही एक प्रोफेसर का नाम काफी चर्चा में आया। हालांकि उस व्यक्ति के द्वारा रामलीला कमेटी से माफी मांग कर काटी गई लक?ी वापस करने की बात भी सामने आ रही है। इस मामले की गहनता से जांच की जाए तो सच्चाई का पर्दा उठ जायेगा।

# कुर्रियांकला में निकली तिरंगा यात्रा



**कांट शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** क्षेत्र के कुर्रिया कलां में भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष राजकमल वाजपेई की नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकली गई। ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला एवं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने भी प्रतिभाग किया महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत भी किया गया । सोमवार कोन क्षेत्र के कुर्रिया कलां गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महानगर उपाध्यक्ष राजकमल बाजपेई के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांव के कोन क्षेत्र स्थित शिव मंदिर से एक भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जो गांव की मुख्य गलियों से होते हुए एक मैरिज लान के पास समाप्त हुई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए इस दौरान ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ,उपाध्यक्ष राजकमल बाजपेई ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा मानू, धीरज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम ने ट्रैक्टर से भ्रमणकर लिया गंगा की बाढ़ का जायजा



**मिर्जापुर - शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)** गंगा के खादर में बसे दो दर्जन से अधिक गांवों में गंगा की बाढ़ से त्राहि त्राहि मची हुई है। एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने राजस्वकर्मियों के साथ जलमग्न गांवों का ट्रेक्टर से भ्रमणकर स्थिति का जायजा लिया। पैलानी उत्तर ग्राम पंचायत के इंचार्ज लेखपाल हिमांशु रंजन ने बताया कि एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह और तहसीलदार सृजित कुमार ने गंगा की बाढ़ से जलमग्न ग्राम इस्लाम नगर,आजाद नगर,मस्जिद नगला का ट्रेक्टर से जाकर जायजा लिया। वहीं राजस्व निरीक्षक रामकुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजस्व टीम ने बाढ़ग्रस्त ग्राम महोलिया ,मोहकमपुर, पैलानी उत्तर में मोटर वोट से भ्रमण कर बाढ़ की भयावहता देखी। राजस्व निरीक्षक रामकुमार श्रीवास्तव, लेखपाल हिमांशु रंजन,आशुतोष,योगेश कुमार,मनमोहन मिश्रा आदि के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति भयावह होना तो स्वीकार किया। किंतु बाढ़पीड़ितों के लिए अभी किसी प्रकार की कोई राहत की व्यवस्था नहीं होने की बात भी कही। बोले ¬ बाढ़पीड़ितों का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के बाद राहत सामग्री की डिमांड डीएम के माध्यम से शासन को भेजी जाएगी। शासन से जो भी मदद बाढ़पीड़ितों के लिए अनुमन्य होगी,वितरण की जाएगी।

# निगोही में साइबर ठगी दो खाता धारक शिकार

निगोही। निगोही में हो रहीं ठगी ,नहीं हो रहा खुलाशा खाताधारकों का उठता बैंक से भरोसा घासी राम पुत्र लल्लू राम ने थाने पर दी तहरीर में पुलिस को बताया कि उसका खाता बैंक ऑफ़ बड़ौदा में है खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 50000 व 49999रू निकाल लिया जिसकी तत्काल सूचना भी दर्ज कराई गई लेकिन अभी तक इस साइबर ठगी का खुलासा नहीं हो सका तब तक दूसरी घटना कस्बा निगोही निवासी शिवम वर्मा पुत्र आशा राम वर्मा के साथ घटित हो गई शिवम वर्मा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका खाता बैंक ऑफ़ बड़ौदा निगोही में हैं! उसके खाता रुपए निकले का मैसेज आया बैंक से पता चला कि उसके खाते पर साइबर ठगी कर 238 000 रुपया दो बार में ठगी कर निकाला गया! जिसकी सूचना थाना पुलिस के अलावा संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है !लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

# ढका घनश्याम में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

बंडा शाहजहांपुर ।मंगलवार को ढका घनश्याम में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। देशभक्ति के रंग में रंगी ढका घनश्याम की तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा में हम सबका एक ही धर्म ङ्क राष्ट्रधर्म, एक ही पहचान ङ्क तिरंगा!ß के नारे गूंजे।कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी उपेंद्र पाल,मंडल अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश, ब्रजेश सिंह, आलोक शुक्ला, दीपक शुक्ला, बजरंग दल, नवीन अवस्थी प्रधान, हरीश वर्मा पत्रकार सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल में लगी आग से 1 लाख की दवा खाक

**तिलहर।** मीरानपुर कटरा में सोमवार की देर रात एक मेडिकल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। मोहल्ला इस्लामनगर स्थित आजम मेडिकल स्टोर से धुआं निकलता देख राहगीरों ने स्टोर मालिक आजम मंसूरी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे आजम मंसूरी ने जब दुकान का ताला खोला तो देखा कि अंदर से आग की लपटें निकल रही थीं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। हादसे में एक लाख रुपए से अधिक की दवाइयां और अन्य सामान जलकर राख हो गया।स्थानीय लोगों के द्वारा यदि जागरूकता दिखाते हुए आग पर काबू न पाया जाता तो आसपास की दुकानों और घरों में भी नुकसान हो सकता था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना को लेकर स्थानीय क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

# जागृति ग्रुप फ़ाउंडेशन ने लगाया डायबिटीज जाँच शिविर




**शाहजहांपुर।** सामाजिक सरोकारों से जुड़े जागृति ग्रुप फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में एक निःशुल्क डायबिटीज़ चेक-अप कैंप चार खंभा स्थित पेट्रोल पंप पंजाब सर्विस स्टेशन में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को मधुमेह जैसी बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में पैरामेडिकल स्टाफ ने उपस्थित करीब सौ लोगों की ब्लड शुगर जाँच की तथा उन्हें मधुमेह की रोकथाम और नियंत्रण संबंधी जानकारी दी। प्रतिभागियों को आहार, जीवनशैली और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी बताया गया। संस्था की एडमिन ऊषा मिश्रा एवं निधि बहल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचे और लोग समय पर अपनी जाँच करवाकर बीमारियों से बचाव कर सकें। शिविर आयोजक अमरजीत बाबा ने कहा कि मधुमेह एक मौन बीमारी है, जो समय रहते पहचानने पर पूरी तरह नियंत्रित की जा सकती है। संस्था की ओर से सचिव रिद्धि बहल एवं सोनी गुप्ता ने बताया गया कि हम आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे इसके लिए एक कार्यकारिणी टीम भी गठित कर ली है। कैंप को सफल बनाने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के हेड सेल्सऑफिसर अनूप कुमार मिश्रा का विशेष रूप से सहयोग रहा। आयोजित शिविर में विशेष रूप से कृषदीप सिंह, रेनू अग्रवाल,नीति रस्तोगी, रचना चिनारिया, सुदेश मल्होत्रा, प्रज्ञा पाठक, सीमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा से देशभक्ति के रंग में डूबा नगर



तिलहर शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत) मंगलवार को तिलहर नगर मे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी, भाजपा ग्रामीण मंडल के द्वारा गुरगंवा कालोनी से तिरंगा यात्रा बिरियागंज चौराहा होते हुए शहीद कुटी पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा नेता चीनी मिल के उप सभापति दोदराम कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हम सभी के हृदय में एक नई ऊर्जा का संचार करता है तिरंगा हमेशा साहस और शक्ति प्रदान करता है हम भारतीयों के लिए बेहद गौरव की बात है कि इस बार हम अपनी भारतीय सेवा को आगामी 15 अगस्त को गौरान्वित करने का कार्य करेंगे, क्योंकि हमारी भारतीय सेवा ने मिशन सिंदूर के माध्यम से संपूर्ण विश्व को अपनी शक्ति का परिचय दिया था।तिरंगा यात्रा के संयोजक जिला पंचायत सदस्य झब्बू सिंह यादव सभी को देश के इस महापर्व अपना समय अवश्य देना चाहिए यह पर हमें अपनी देश प्रेम की भावना एवं भक्ति को दर्शाता है।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए ।जनपद शाहजहांपुर के कस्बा तिलहर में दिव्य एवं भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला पंचायत सदस्य श्री झब्बू सिंह यादव द्वारा किया गया सभी लोगों ने शहीदों की प्रतिमा पर फूल माल्यार्पण कर नमन किया।इस दौरान तिरंगा यात्रा में अरुण यादव चैनू जिला उपाध्यक्ष भाजपा , गौ रक्षक दल के यशवन्त मैथिल, प्रेमपाल सिंह चौहान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा तिलहर साहित तमाम वरिष्ठ नागरिक एव सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महिला प्रधान से लेखपाल ने की अभद्रता

## नाराज प्रधान पीड़ित ने लेखपाल के खिलाफ थाने पर दी तहरीर

**खुटार।** बगैर प्रस्ताव के आरसीसी सेंटर के लिए भूमि की पैमाइश किए जाने की जानकारी करने से नाराज लेखपाल ने महिला प्रधान के साथ गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। जिससे नाराज प्रधान थाने पहुंचे और मामले की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने मामला राजस्व विभाग से जुडा होने की वजह से इसे एसडीएम लेवल का बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद प्रधानों ने फोन से इसकी शिकायत एसडीएम और डीएम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहारु की प्रधान जसोदा देवी ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में आरसीसी केंद्र बनने के लिए स्वीकृत हुआ है। जिसके लिए गांव के लेखपाल प्रवेश वर्मा ने बिना प्रस्ताव के ही आरसीसी सेंटर के लिए गांव के अंदर आबादी में भूमि का चयन कर इसकी पैमाइश शुरू कर दी थी। मंगलवार को भूमि की पैमाइश होने की जानकारी जब प्रधान जसोदा देवी को हुई, तो उन्होंने बिना प्रस्ताव के पैमाइश किए जाने के संबंध में प्रधान जसोदा देवी ने लेखपाल प्रवेश वर्मा को फोन कर जानकारी की। जिससे लेखपाल भड़क गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। ग्राम प्रधान का आरोप है कि इस दौरान लेखपाल ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया और धमकी दी कि अगर वह चाहे, तो उसके घर की पैमाइश का उसके घर के अंदर आरसीसी सेंटर का निर्माण कार्य कर देगा। लेखपाल के द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की जानकारी प्रधान जसोदा ने प्रधान संघ अध्यक्ष अधीर शुक्ला को दी। जिसके बाद तमाम प्रधान पीड़ित प्रधान के साथ थाने पहुंचे और मामले की तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने मामला राजस्व विभाग का होने की वजह से इसकी शिकायत एसडीएम से करने की बात कही। जिसके बाद प्रधान संघ के अध्यक्ष अधीर शुक्ला ने मामले की शिकायत एसडीएम पुवायां और जिलाधिकारी से करते हुए लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# जलालाबाद में नदियों का जलस्तर बढ़ा, स्थिति सामान्य

## तहसीलदार ने बताया एक दर्जन गांव पानी से घिरे हैं खतरे की कोई बात नहीं

**जलालाबाद।** क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने लगी है मौजूदा नदियों में पानी थोड़ा भी अधिक बढ़ा तो हालत बिगाड़ सकते हैं बहगल व रामगंगा नदी में पानी पर्याप्त मात्रा में आ चुका है और यदि इससे ज्यादा आता है तो निश्चित तौर पर नदी किनारे बसे गांव प्रभावित हो जाएंगे फिलहाल अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक तहसील जलालाबाद में स्थिति सामान्य है लेकिन लगभग एक दर्जन गांव पानी से घिर गए हैं लेकिन पानी मकानों से दूर है।

बतादें कि शारदा खंड से जारी होने वाले पानी रिलीजिंग की जानकारी इस बार नहीं मिल पा रही है जिसकी वजह से पानी बढ़ने और घटने का अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो रहा है प्रतिवर्ष शारदा खंड से पानी रिलीजिंग को लेकर चिट्ठी जारी की जाती थी जिससे आंकलन हो जाता था कि कितने घंटे में पानी इस इलाके में पहुंच जाएगा पानी अधिकतर इस इलाके को प्रभावित करने मामले में हरेली डैम, खो बैराज, कालागढ़ से छोड़ा जाता है तो यह इलाका प्रभावित होता है फिलहाल प्रशासनिक तौर पर बाढ़ से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है अधिकारियों की माने तो दो नाव खंडहर क्षेत्र में व एक एक शेरपुर चुरघुटी व लालपुर तालुके चाचुआपुर में रखी गई है इसके अलावा अल्हादादपुर बैहारी उर्फ कसारी गांव के लिए मोटर बोट की व्यवस्था की गई है। इधर प्रभारी तहसीलदार अनुराग दुबे से पूछने पर उन्होंने बताया की तहसील जलालाबाद में बाढ़ की स्थिति पूर्णत्यः सामान्य है लेकिन एक दर्जन गांव ऐसे हैं जो नदी के किनारे बसे हुए हैं नदी में पानी यदि और बढ़ता है तो यह गांव अधिक प्रभावित होंगे। फिलहाल इन गांव के अंदर पानी नहीं घुसा है उन्होंने बताया कि बाढ़ चैकियों पर कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर कर दिया है। पल-पल की रिपोर्ट ली जा रही है। एसडीएम प्रभात राय भी गस्त पर हैं राजस्व विभाग के कर्मचारी लेखपाल कानून गो को दायित्व सौंप दिए गए हैं हर स्थिति से निपटने के लिए तहसील प्रशासन तैयार है।

# बहुत जल्द ग्रामीण सड़कों का विस्तार, हाइवे का चौड़ीकरण होगा : सांसद

## सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर ने हाइवे के चौड़ीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का विस्तार और पक्कीकरण समेत कई मांगों को लेकर मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात कर पत्र दिया था। साथ ही औद्योगिक केंद्रों से हाइवे को जोड़ने, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बस स्टैंडो पर डिजिटल टिकटिंग और यात्री प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं स्थापित करने जैसी मांगे पत्र में की गई थीं। मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद की मांगों को गंभीरता से लेकर संबधित अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। सांसद अरुण सागर ने उनका आभार जताया है।

सांसद ने कहा कि शाहजहांपुर हाइवे चौड़ीकरण समेत कई समस्याओं से मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराया था। उन्होंने मांगो पर विचार करने का आश्वासन दिया था। बहुत जल्द सकारात्मक जवाब मिला है। मंत्री की तरफ से सभी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को पत्र लिख दिया गया। उम्मीद है कि बहुत जल्द जिन समस्याओं से अवगत कराया गया था। वह सभी पूरी हो जाएंगी। सांसद ने कहा कि उनके द्वारा जनपद में होने वाली समस्याओं को दिल्ली से लेकर लखनऊ में मंत्रियों तक पहुंचाई जा रही हैं। ताकि उन समस्याओं को दूर कर जनता को राहत दी जा सके। कई समस्याओं को दूर किया जा चुका है। सांसद ने कहा कि देश की नागरिकों की समस्याओं को दूर करना पार्टी की पहली प्राथमिकता है। फिर चाहें जनकल्याणकारी योजनाएं हो या फिर देश में विकास की बात हो। जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। तब से विकास ने रफ्तार पकड़ ली है। जनपद में ग्रामीण से लेकर शहर की गलियों से लेकर मुख्य रोड और गांव की सड़के बनवाई जा रही हैं। योजनाओं का लाभ सीधे गरीब जनता तक पहुंच रहा है। सांसद ने कहा कि इससे पहले रेलवे की समस्याओं को रेल मंत्री के सामने रखा था तो उसके फौरन बाद डीआरएम मुरादाबाद ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। जिसमे निर्माण कार्य में होने वाली खामियों को दूर कराया गया था।

# चार भैंस चोरी,तीन मिली,एक भैंस गायब

**कलान।** थाना क्षेत्र के ग्राम छेदा नगला (छिदकुरी) निवासी भूरे यादव पुत्र राम रहीस यादव ने थाने पर तहरीर दी है कि उसकी चार भैंस घर के बाहर बंधी थी।चारो भैंस को १० अगस्त की रात चोर ले गए।जब पता चला तो काफी खोजबीन की लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। उसने बताया है कि रास्ते में तीन भैंसे आती दिखाई दी जो मिल गई लेकिन एक भैंस का पता नहीं चला।उसकी गले की कंठी रास्ते में पड़ी देखी।पता चला है कि उस भैंस को चोर पिकअप में लाद कर ले गए हैं। उसने इस तरह की पशु चोरी पर प्रतिबंध लगाकर चोरों का खुलासा किए जाने की थाना प्रभारी से मांग की है।

# नगर मे निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**खुदागंज शाहजहांपुर।** मंगलवार को खुदागंज नगर मे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी, सर्वप्रथम भाजपाइयों द्वारा पक्का तालाब स्थित ठाकुर रोशन सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह,भाजयुमो जिला अध्यक्ष इंजी.रोहित सिंह एवं मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह ने समस्त कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण किया सभी कार्यकर्ता पहले पक्का तालाब एवं नगर पंचायत सभागार मे एकत्रित हुए तिरंगा यात्रा निगोही मोड,रामसाहे चौराह,मुख्य बाजार, मोहल्ला सदर आदि स्थानों से होते हुए पुनः ठाकुर रोशन सिंह जी की प्रतिमा पर आकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजीनियर रोहित सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हम सभी के हृदय में एक नई ऊर्जा का संचार करता है तिरंगा हमेशा साहस और शक्ति प्रदान करता है हम भारतीयों के लिए बेहद गौरव की बात है कि इस बार हम अपनी भारतीय सेवा को आगामी 15 अगस्त को गौरान्वित करने का कार्य करेंगे, क्योंकि हमारी भारतीय सेवा ने मिशन सिंदूर के माध्यम से संपूर्ण विश्व को अपनी शक्ति का परिचय दिया था। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने सभी को देश के इस महापर्व अपना समय अवश्य देना चाहिए यह पर हमें अपनी देश प्रेम की भावना एवं भक्ति को दर्शाता है! कार्यक्रम संयोजक अरविंद सिंह ने द्वारा बनाई गई रूपरेखा अनुसार संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ,कार्यक्रम पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह एवं मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह जी के नेतृत्व मे आयोजित किया गया था! सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह पुलिस फोर्स के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए । इस दौरान उपस्थित रहने वाले लोगों में अभिषेक सिंह,सभासद विनोद सिंह,मानवेंद्र सिंह ,मुकेश राठौर,जिला पंचायत सदस्य पति राजेश सिंह,पीयूष राठौर,उदय राठौर,मंडल महामंत्री रंजीत सिंह,लखपत सिंह,सेठपाल सिंह,प्रदीप सिंह,प्रवीण सिंह,अरविंद सिंह,अवधेश सिंह, मोहित सिंह,कौशलेंद्र प्रताप सिंह,मोहम्मद कासिम,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर, रामासरे,तुलसीराम कोहली,गीता देवी, मोहित त्रिवेदी,धीरेंद्र गंगवार,आदि कार्यकर्ता अन्य नगर के सम्मानित जन शामिल रहे।

# छात्रों ने निकाली हर घर तिरंगा रैली

**शाहजहांपुर।** विकास क्षेत्र सिंधौली के प्राथमिक विद्यालय तेरा के छात्रों ने हर घर तिरंगा रैली निकाली, जिसमें भारत माता की जय और राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानी अमर रहे के नारे बुलंद किये। मंगलवार को स्कूल के छात्र हाथों में तिरंगा लेकर निकले। छात्रों ने शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद ठाकुर रोशन सिंह सहित बलिदानियों के नारे लगाये। रैली समाप्ति पर प्रधानाध्यापक सरताज अली ने कहा कि छात्र पूर्ण मनोयोग से प?ाई करें और अपने देश के लिये अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना प्रत्येक छात्र की शक्ति है। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया के संचालन में सारिका गुप्ता, रामनरायन, आरफा, सफवान, निशांत, अनितेश, अंशू पाल, साजिम, आलोक, प्रांशू, तल्हा, आशीष, रजनीश, अक्सा, जोया, दीपांशी, तसकीन, हलीमा सादिया, इरम, अदीबा नूरी, उम्मेसाफिया, अलतविस, अलशिफा, रुमम, अरफी, सिदरा, आदि मौजूद रहे।

# मुख्य चैराहा को अम्बेडकर चौराहा घोषित कराने उमड़ी भीड़

## जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जमकर नारेबाजी की

**जलालाबाद (स्वतंत्र भारत)।** भारत रत्न बाबा साहेब सेवा समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी जलालाबाद को सौंपा है जिसमें नगर के मुख्य चैराहे को अंबेडकर चैराहा नाम से घोषित किए जाने की मांग की गई है। भारत रत्न बाबा साहब सेवा समिति उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष तेजपाल कठेरिया के आवहान पर नगर के काकोरी शहीद इंटर कॉलेज मैदान में सैकड़ों की संख्या में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से जुड़े लोग एकत्र हुए तथा एक घंटा संबोधन के बाद सभी लोग नगर के मुख्य चैराहा होते हुए तहसील परिसर पहुंचे और उन्होंने ज्ञापन उप जिलाधिकारी प्रभात राय को दिया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नगर के मुख्य चैराहे पर भारत रत्न बाबा साहब डा. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा सन 1987 में स्थापित की गई थी तभी से जनमानस मुख्य चैराहा को अंबेडकर चैराहा के नाम से जानते हैं व संबोधित करते हैं लेकिन शासकीय रूप से अभी तक अंबेडकर चैराहा को घोषित नहीं किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराते हुए समिति के लोगों ने मुख्य चैराहा को डा. बी आर अंबेडकर चैराहा घोषित करने की मांग की साथ ही अंबेडकर चैराहा के नाम से बोड लगवाने की भी मांग की। इस दौरान बसपा विधानसभा अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा, विधानसभा कोषाध्यक्ष राजकुमार कठेरिया आदि ने संबोधित किया। दूसरी ओर डा. बी आर अंबेडकर समिति जलालाबाद के महामंत्री श्यामलाल सागर एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित दूसरा ज्ञापन दिया गया जिसमें नगर पालिका परिषद जलालाबाद द्वारा अंबेडकर पार्क की बाउंड्री के अंदर एक लोहे का पिलर लगाकर उस पर एलइडी टीवी डिस्पले 2019 में लगाया गया था डिस्प्ले लगातार चलता रहता था जिसमें अंबेडकर चैराहा जलालाबाद और यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश चलते रहते थे। उन्होंने मुख्य चैराहा जलालाबाद को बी आर अंबेडकर चैराहा घोषित कर नगर पालिका परिषद द्वारा अंबेडकर चैराहे का बोर्ड लगवाने की मांग की है। इस दौरान पातीराम गौतम, मो. आकिल सिद्दीकी, अनिल कुमार, पंकज कुमार, इस्तेखार हुसैन, रमेश चंद जाटव, महेश कुमार जाटव, अरविंद कुमार वर्मा, सतीश चंद्र, अंकित कुमार, दिनेश कुमार, आदि शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**जलालाबाद(स्वतंत्र भारत)।** भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई के आह्वान पर आज नगर में तिरंगा यात्रा धूमधाम से निकाली गई जिसका नेतृत्व मनमोहन द्विवेदी उर्फ गोपाल एवं विनय शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिसका नेतृत्व महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कुसुमा देवी ने किया।

शाम 4:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से आरंभ हुई तिरंगा यात्रा शहीद स्तंभ पर समाप्त हुई। इस दौरान नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने प्रतिभाग किया एवं भारत माता के जयकारे लगाए। तिरंगा यात्रा बरेली-फर्रुखाबाद रोड, सदर बाजार, रामताल रोड, तहसील रोड होती हुई शहीद स्तंभ पर समाप्त हुई। इस दौरान अमर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। भारतीय सैनिकों के सम्मान में नारे लगाए। इस दौरान मनमोहन द्विवेदी उर्फ गोपाल, विनय शर्मा भाजपा नेता, कृष्ण कुमार मंगलम, गौरव प्रताप राघव, वीर गुप्ता उर्फ बिट्टू, ब्लाक प्रमुख श्रीमती लता सिंह, जोनू चैहान, अर्पित भामाशाह, अल्हागंज अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, श्याम बाबू सिंह, करतार सिंह, दिनेश सिंह राठौर, विकास चंद्र गुप्ता, मोहित श्रीवास्तव, पंकज गुर्जर, सुबोध कुमार, प्रवीण कुमार गुप्ता, सुधीर गुप्ता उर्फ डिंपल भाजपा नगर अध्यक्ष, आलोक सिंह, अनंतराम सागर, आशुतोष गुप्ता, राहुल गुप्ता एवं महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कुसुमा देवी एवं महामंत्री ज्ञान देवी शुक्ला आदि बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में लोगों ने प्रतिभाग किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# एसपी ने कोतवाली में बाल शिशु गृह का किया उद्घाटन

पुवायां,शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)। पुलिस आधीक्षक द्वारा कोतवाली में महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित,सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु बाल शिशु गृह का उद्घाटन किया गया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी कोतवाली पहुंचे और परिसर में बने बाल शिशु गृह का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बाल शिशु गृह विशेष रुप से डियूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को ध्यान में रखते हुए स्थापित किया गया है,ताकि वे डियूटी पर रहते हुए अपने शिशुओं एवं छोटे बच्चों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और अनुकूल वातावरण में रखकर अपनी ड्यूटी संबंधी जिम्मेदारियों का सुचारु रुप से निर्वहन कर सके।इस बाल शिशु गृह में छोटे बच्चों के खेलने के लिए अनेक संसाधन जैसे कि झूले,खिलौने,अन्य खेलने सम्बन्धी सामग्री की व्यवस्था की गई है,जिसमें बच्चों को आरामदायक और आनंददायक वातावरण प्राप्त हो सके।यहां स्वच्छता,सुरक्षा एवं देखभाल की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।इस दौरान व्यापार क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक,कोतवाल रवि करन सिंह , मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार लील,कपिल गुप्ता,शशि अग्निहोत्री,लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, सहित कई व्यापारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को यूटा ने डीएम और बीएसए को दिया ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर अपूर्बा सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 की निर्वाचन नामावलियों के बृहद पुनरीक्षण कार्य में अधिकांश शिक्षकों की प्राथमिकता के आधार पर बीएलओ कार्य हेतु ड्यूटी लगाई गई है जिसमें बहुत से एकल शिक्षक एवं इंचार्ज शिक्षकों की भी बीएलओ में ड्यूटी लगा दी गई है।जिसके फलस्वरूप विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन का कार्य प्रभावित होगा। जो कि उचित नहीं है जबकि शिक्षकों की गैर शैक्षणिक कार्य /बीएलओ कार्य में कदापि ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2000 से लेकर 28 मार्च 2005 तक विभिन्न भर्ती विज्ञापन के आधार पर शिक्षामित्रों की नियुक्ति शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष हुई है जिनमें से अधिकांश अब विभिन्न भर्ती प्रक्रिया में चयनित होकर स0अ0 पद पर कार्यरत हैं। है। शिक्षामित्र से समायोजित होकर अ0 पुरानी पेंशन योजना से समायोजित स0अ0 पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित होनें बाले शासनादेश की परिधि में आते हैं नियमानुसार पुरानी पेंशन हेतु इनका विकल्प पत्र लिया जाना आवश्यक है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश निर्गत कर विकल्प पत्र लिया गया है। शाहजहांपुर जनपद में भी उक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित करने के लिए विकल्प पत्र लिए जाने की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने हेतु आदेश निर्गत किया जाये। ज्ञापन में हरिशंकर जिला महामंत्री पृथ्वीराज जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार यादव जिला संगठन मंत्री अवनीश कुमार सिंह जिला संयुक्त महामंत्री चंदन वर्मा सोनपाल जिला लेखाकार राघवेंद्र सिंह कुशवाहा जिला उप मंत्री विधु शेखर ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा नितिन वर्मा ब्लॉक महामंत्री मौजूद रहे।

# कार ने मारी ठेली में टक्कर, 1 की मौत 6 घायल

## मृतक के परिजनों ने कार में तोड़ फोड़ करते हुए,कार सवार लोगों के साथ मार पीट का किया प्रयास

तिलहर शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत) मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे तिलहर सब्जी मंडी के सामने लखनऊ बरेली हाईवे पर सीआरपीएफ जवान की कार की टक्कर से सब्जी लेकर जा रहे ठेली चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार चार महिलाओं सहित 6 लोग घायल हो गए। मृतक के परिजनों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए कार सवारों के साथ मारपीट करने का प्रयास किया। पुलिस ने पहुंच कर मामले को शांत किया इसके बाद मृतक के शव को पीएम के लिए भिजवाया।

बुलंदशहर के गोटनी गांव निवासी प्रदीप कुमार सीआरपीएफ में जवान है। जवान प्रदीप कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी नेहा, बहन पूजा, बुलंदशहर के पंचावली की रहने वाली मामी पुष्पा एवं मंजू के साथ बरेली के मनौना धाम दर्शन करने जा रहे थे। हाईवे पर मंगलवार की सुबह नवीन मंडी से ठेली पर सब्जी लेकर आ रहे बहादुरगंज मोहल्ला निवासी 54 वर्षीय सुरेश कश्यप एवं दूसरी ठेली पर सब्जी लेकर आ रहे बहादुरगंज मोहल्ला निवासी इरशाद खान से उनकी कार टकरा गई। हादसे में सुरेश कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इरशाद और कार सवार सभी पांचो लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर सुरेश के परिजन एवं मोहल्ले के तमाम लोग पहुंच गए। गुस्से में आकर सुरेश के परिजनों ने भीड़ के साथ प्रदीप की कार में तोड़फोड़ की और कार सवार घायलों को भी पीटने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत किया और घायलों को सीएचसी भिजवाया जहां से सभी घायलों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।तहरीर मिलने के बाद आगे को कार्यवाही की जाएगी।

# किराना व्यापारी के घर से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**कलान ।** नगर पंचायत के मोहल्ला गंगानगर निवासी संजीत गुप्ता ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया है कि वह नीचे के हिस्से में मकान में लेटा सो रहा था और पुत्र अभिषेक व पुत्रवधू शालिनी दूसरी मंजिल पर सो रहे थे।पुत्र अभिषेक की रात के करीब 2 बजे आंख खुली तो देखा सेफ खुली पड़ी है।जब देखा तो वह सन्न रह गया कि उसमें रखा माल गायब है।उधर यह भी बताया जाता है कि सेफ में आर्टिफिशियल जेवर एवं कटे फटे रुपए चोर सेफ में ही छोड़ गए।बताया जाता है कि सोमवार की रात करीब 1-30 के बाद अज्ञात चोर किसी समय घर में घुस गए और जिस कमरे में पुत्र व पुत्रवधू सो रहे थे।उसी में रखी सेफ जिसमें डेढ़ लाख रुपए नगद रखे थे और सोने का एक हार,दो जंजीर एवं दो अंगूठी,पेंडल तथा चांदी की पायजेवरी आदि जेवर जिसकी कीमत नगदी समेत 10 लाख बनती है।सेफ की चाबी मिलाकर चोरों ने चुरा ली।बताते हैं कि चाबी भी सिंगार दानी में रखी थी।उधर पीड़ित संजीत गुप्ता ने बताया है कि उसने बैंक से मकान पर 9.50 लाख का लोन भी लिया था।जिसमें जेवर बनवाया दुकान भी की और डेढ़ लाख रुपये नगदी बची थी।वह सब चोर ले गए।जब परिवार जागा।तब पीआरबी 112 को फोन कर घटनास्थल पर बुलाया गया।वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद एवं कस्बा इंचार्ज यशपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और चोरी के संबंध जानकारी ली। उधर जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।मामले की जांच की जा रही है।

# छात्र-छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**शाहजहांपुर ।** स्वास्थ्य विभाग की आरबीएस के टीम द्वारा मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपूरा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बच्चों को टीडी का टीका लगाया और एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाने के साथ-साथ अन्य दवाइयां भी वितरित की गई स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक मोहम्मद यूसुफ एवं डॉ आलोक सिंह टीम के साथ मदरसा पहुंचे और 143 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया चिकित्सकों ने बच्चों से कहा आप साफ सफाई का विषय ध्यान रखें बासी खाना खाने से परहेज़ करें और कोई भी दिक्कत हो तो आप नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपना इलाज कराए ए एन एम डोली ने कक्षा 5एवं 10 के छूटे हुए छात्र-छात्राओं को टीडी का टीका लगाया इस मौके पर प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, शारिक अली खान, साजिद अली खान, ममनून खान, सैयद शारिक अली खान, मोईन खान, मोहम्मद ?हूर, जाहिद, सुबूही आदि मौजूद रहे

## तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान,निष्ठा का प्रतीक : मिथिलेश

**शाहजहांपुर ।**नरेंद्र मोदी के देशव्यापी आवाहन की लेकर जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। आज इसी क्रम में भारत मंडपम से मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम तक आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में मंत्रीगण, सांसदगण, पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ताशामिल हुए। यात्रा में लहराते तिरंगे, ढोल और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान भव्य तिरंगा यात्रा में सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने भी सहभागिता की। इस दौरान कठेरिया ने कहा, यह मात्र यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा की तिरंगे की शान देशभक्ति का मान और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को हृदय से जीने का यह गौरवपूर्ण अवसर है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कटियुली विकास खंड जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

**मनरेगा/ग्रामनिधि के अंतर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटियुली में मनरेगा/ग्रामनिधि की योजना अन्तर्गत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म दिनांक 18-08-2025 समय दिन के 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदाएं खोली जायेंगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत, |
|---|---|---|
| 1 | प्राइमरी स्कूल कटियुली में किचन शेड निर्माण कार्य 10X5 मी. | 2.29 लाख |

सामग्री आपूर्ति का विवरण- उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरिंग, बजरी, रेता, सरिया, ईंट रोढ़ी, मिट्टी, गिट्टी, लोहे का पाइप, टीन शेड, इण्टरलॉक ईंट, प्लास्टिक कूड़ादन, पीवीसी पाइप, सीआईबी बोर्ड, गेट, विन्डो, लोहे का तार आदि की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जाएगा, अग्रिम नहीं। नोट- यदि एक भी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से सामग्री लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। अधिक जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है

**सुरेन्द्रपाल सिंह प्रधान** **अजय सिंह सचिव**



**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 पुवायाँ (शाहजहाँपुर)**

पत्रांकः 308/GM/2025-26 दिनांकः 12.08.2025

**निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2025-26 हेतु इस मिल समिति में विभिन्न प्रकार के सामानों की आपूर्ति, विक्रय एवं अन्य कार्य कराये जाने हेतु मूल उत्पादको अधिकृत विक्रेताओं एवं अनुभवी पंजीकृत ठेकेदरों से ई-निविदाये / सामान्य निविदाये आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा चीनी मिल एवं संघ की बेबसाइट www.etender.up.nic.in/ www.upsugarfed.org पर 13.08.2025 से 26.08.2025 तक देखा एवं अपलोड किया जा सकता है एवं सामान्य निविदा इस मिल समिति में निर्धारित तिथि 13.08.2025 से 26.08.2025 तक निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में धरोहर धनराशि मिल कोष में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओ को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**



स्वतंत्र भारत
लखनऊ, बुधवार 13 अगस्त, 2025





# बाढ़ पीड़ितों के लिए अस्थाई बाढ़ चौकी बनाई जा रही : एसडीएम

## गंगा व रामगंगा का जलस्तर बढ़ा,दर्जनों गांव हुए जलमग्न

**कलान।** तहसील कलान क्षेत्र में गंगा और रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं।आजादनगर,इस्लामनगर, मस्जिद नगला और पैलानी उत्तर,बीघापुर,मोती नगला,अभिचारपुर,कटौला नगला,गुटेटी उत्तर,धियरपुरा, महोलिया,मोहकमपुर,बख्तावर गंज,लोहार नगला,पखिया नगला,पकड़िया नगला,धोवियन नगला,भरतपुर समेत अनेक गांव जलमग्न हो गए हैं। फर्रुखाबाद के गांव चौरा से कलान तहसील के बसोला गांव तक सड़क पर तीन फिट से अधिक पानी भर गया है।गांवों की सड़कों पर बाढ़ का पानी बहने से आवागमन बाधित है। गंगा की सहायक रामगंगा और बहगुल नदियां भी उफान पर हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भांवरे दीक्षा अरुण ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। प्रशासन ने प्रभावित हाईवे पर बैरिकेडिंग लगवाकर यातायात बंद करवा दिया है। मिर्जापुर-जरियनपुर और ढाईघाट मार्ग को भी बंद कर दिया गया है।बाढ़ के कारण तटवर्ती गांवों में रह रहे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।ग्रामीणों की फंसले नष्ट हो गई हैं।पशुओं के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शाहजहांपुर ने लोगों के लिए निःशुल्क नाव सेवा शुरू की है। एसडीएम कलान अभिषेक कुमार सिंह ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बताया कि इस्लामनगर में एक अस्थाई बाढ़ चौकी बनाई जा रही है।यहां लगभग 10-12 टैण्ट लगाकर पानी और बिजली की व्यवस्था की जा रही है।दो मंजिला मकान वाले लोग ऊपरी मंजिल पर रह रहे हैं।अन्य लोगों को अस्थाई बाढ़ चौकी में भेजा जाएगा।वहीं कम्युनिटी रसोई भी शुरू की जाएगी।

# मंगेतर के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी गांव के ही एक युवक से तय हुई थी। शादी तय होने के बाद दोनो एक दूसरे से बात करने लगे। और एक साथ बाहर आने जाने लगे। दोनो ने एक दूसरे के साथ फोटो भी खिंचवाए। इस बीच युवक ने अपनी मंगेतर के अश्लील फोटो भी खींच लिए। एक युवक ने अपने होने वाली पत्नी के मोबाइल पर अश्लील फोटो भेज दिए। युवती ने इस बात की शिकायत युवक के बड़े भाई व पिता से की। इस पर सभी ने एकजुट होकर युवती से गाली गलौज करने लगे। युवती की मां ने वह फोटो युवक की मां को दिखाए तो युवक की मां ने कहीं भी शिकायत करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर राजीव, उसके बड़े भाई आशीष, पिता रामेश्वर व उसकी मां के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा कार्यकर्ता ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पुवायां,शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)।** भारतीय जनता पार्टी के नगर व ग्रामीण कार्यकर्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देवव्यापी आवाहन पर जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में गांधी पार्क से तिरंगा यात्रा शुभारंभ कर तिरंगा यात्रा नगर के राजीव चौक चौराहा, राजा मार्केट,सर्राफा चौराहा,तिराहा बाजार,खजांची पुलिया,बर्फखाना,खुटार रोड होते हुए बड़गांव स्थित तुलाराम बाबा मंदिर पर पहुंची,और वहां मौजूद भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।तिरंगा यात्रा में भाजपा नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता,मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत ,विपिन मिश्रा डूडू, विपिन शुक्ला, रवि गुप्ता, सुरेश वर्मा, गौरव त्रिवेदी, मिथुन मिश्रा, मदनपाल, ब्रजेन्द्र प्रजापति, पवन भारद्वाज, मनोज सिंह, रोहित सोनी, प्रदीप कटियार, आभा गुप्ता, सभासद सचिन वर्मा, सभासद अनूप गुप्ता ,मोहित गुप्ता, रोहितास गुप्ता, अलंकृत शुक्ला,सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं करता है एनटीआई



**शाहजहांपुर।** बेहतर शिक्षा और उत्कृष्ट बच्चों के भविष्य के लिए जान नेव इंस्टिट्यूट सबसे बेहतर इंस्टिट्यूट के रूप में सामने आ रहा है जहां व्यावसायिक रोजगार परख शिक्षा बच्चों के भविष्य को सवार रही है। रोजगार परख शिक्षा के रूप में जान नेव इंस्टिट्यूट जाना जाता है। यहां के शिक्षक और शिक्षिकाएं हमेशा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। दशकों से यहां के पढ़े हुए बच्चे शहीदों की नगरी का व्यावसायिक शिक्षा का हुनर बाहर के जिलों में ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी अपना कौशल दिखा रहे हैं। शिक्षा के प्रति यहां ऐसा रुझान है कि हर कोई शिक्षा लेने के लिए नाम नेव जॉन इंस्टीट्यूट का ही नाम सबसे पहले रखता है। हो भी क्यों ना क्योंकि यहां पर अध्यापक आदि अध्यापिकाएं मेहनत और लगन से छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए पूरी मेहनत से पढ़ा रहे हैं। स्कूल के निदेशक आकाश मैसी , अंशुमान मेसी शिक्षा के प्रति हमेशा नए-नए आयाम के द्वारा बच्चों को और बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। अध्यापक और अध्यापिकाओं को उनकी बेहतर योग्यता के आधार पर रखा जाता है। जॉन नेव इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राएं लगातार अपनी मेहनत से स्कूल का नाम तो रोशन कर ही रही हैं साथी उनके भविष्य भी उज्जवल हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पुराना स्कूल माना जाता है यहां के छात्र-छात्राएं दूसरे राज्यों में जाकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं जब उनसे पूछा जाता है आपने कहां से शिक्षा प्राप्त की है तब एनटी आई का नाम बताते हैं। यह बात आए दिन सुनने को मिलती है। यहां के छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत के बल पर रोजगार भी आसानी से हासिल कर लेते हैं । क्योंकि यहां पर आईटीआई की ट्रेनिंग भी संचालित होती है। आईटीआई का प्रशिक्षण लेने के बाद बेरोजगार भी हासिल कर लेते हैं। यह जरूरी नहीं की नौकरी मिले लेकिन रोजगार पर शिक्षा के बाद रोजगार अवश्य मिल जाता है।

# जागृति ग्रुप फ़ाउंडेशन ने आयोजित किया डायबिटीज़ जाँच शिविर

**शाहजहांपुर।** जागृति ग्रुप फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में एक निःशुल्क डायबिटीज़ चेक-अप कैंप चार खंभा स्थित पेट्रोल पंप पंजाब सर्विस स्टेशन में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को मधुमेह जैसी बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में पैरामेडिकल स्टाफ ने उपस्थित करीब सौ लोगों की ब्लड शुगर जाँच की तथा उन्हें मधुमेह की रोकथाम और नियंत्रण संबंधी जानकारी दी। प्रतिभागियों को आहार, जीवनशैली और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी बताया गया। संस्था की पदाधिकारी ऊषा मिश्रा एवं निधि बहल ने कहा, “हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचे और लोग समय पर अपनी जाँच करवाकर बीमारियों से बचाव कर सकें। शिविर आयोजक अमरजीत बाबा ने कहा, “मधुमेह एक मौन बीमारी है, जो समय रहते पहचानने पर पूरी तरह नियंत्रित की जा सकती है। संस्था की ओर से सचिव रिद्धि बहल एवं सोनी गुप्ता ने बताया गया कि हम आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे इसके लिए एक कार्यकारिणी टीम भी गठित कर ली है7 कैंप को सफल बनाने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के हेड सेल्सऑफिसर अनूप कुमार मिश्रा का विशेष रूप से सहयोग रहा7आयोजित शिविर में विशेष रूप से कृष्दीप सिंह, रेनू अग्रवाल,नीति रस्तोगी, रचना चिनारिया, सुदेश मल्होत्रा, प्रज्ञा पाठक, सीमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व पश्चिमी जोन की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देशन में जनपद मुरादाबाद में न्याय यात्रा गांधी जी मूर्ति से उठकर अंबेडकर पार्क तक पदयात्रा की गई जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तथा उत्पीड़न के खिलाफ महिलाओं ने काली पट्टी बांधकर तथा थाली चम्मच बजाकर जिसका विरोध किया इसमें तमाम महिलाएं अलग-अलग जनपदों से जाटों के रूप में पधारी जिसमें मुख्य रूप से शाहजहांपुर से महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि 20 महिलाओं के साथ मुरादाबाद गई और महिलाओं की आवाज बुलंद की इसमें मुख्य रूप से महिलाएं जो उपस्थित रहे उसमें मेरठ की महिला कांग्रेस के अध्यक्ष बिजनौर जनपद की महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अमरोहा जनपद की महिला अध्यक्ष रामपुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष संभल गाजियाबाद नोएडा आदि क्षेत्रों की महिला जिला अध्यक्ष सैकड़ो महिलाओं ने प्रदर्शन किया । महिला कांग्रेस की पश्चिमी जोन की प्रदेश अध्यक्ष भारतीय त्यागी ने कहा कि भाजपा की सरकार वोट चोर सरकार है अब हमारी महिलाएं इससे डरने वाली नहीं है हम महिलाओं ने कसम खाई है कि जब तक भाजपा की सरकार उखाड़ नहीं लेंगे तब तक नहीं रुकेंगे। जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम पर है लोग परेशान हैं। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। रोजगार नहीं है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने है। न्याय की राजनीति हो।जो कांग्रेस ही कर सकती हैं। कांग्रेस सरकार में मंहगाई नहीं थी रोजगार था सब खुश थे।इस मौके पर बीटोली देवी, महानगर सीमा अध्यक्ष सीमा गौतम तबस्सुम रूबी रानी आदि मौजूद थी

# इस्लामिया इण्टर कॉलेज की टीम विजयी



शाहजहांपुर इस्लामिया इण्टर कॉलेज में जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसने जनपद की बहुत सारी टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सीनियर स्तर पर इस्लामिया इण्टर कॉलेज की टीम विजयी रही जिस ने रामदत्त पंचायत इण्टर कॉलेज को परास्त कर खिताब अपने नाम रखा। वहीं पर जूनियर स्तर पर पुवायां इंटर कॉलेज की टीम चैंपियन रही तथा सब जूनियर स्तर पर भी इस्लामिया इण्टर कॉलेज की टीम चैंपियन रही। प्रतियोगिता के विजई टीमों को प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब ने मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद स्तर के व्यक्तित्व उपस्थित रहे जिसमें मालवीय जी तथा कप्तान राम कुमार वर्मा उपस्थित रहे। रेफरी की जिम्मेदारी मुजीब ने निभाई। मोहम्मद अयूब, प्रधानाचार्य ने फीता काट करप्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा क्रीड़ा प्रभारी श्री तस्दीक खान ने बुके पेश कर प्रधानाचार्य को सम्मानित किया। अतिथियों को सम्मानित करने का कार्य इश्तियाक अली और सगीर अहमद ने किया। अनुशासन व्यवस्था का कार्य श्री निसार हसन खान की देख रेख में रहा। खान पान व जलपान की व्यवस्था तस्लीम अहमद और मुहम्मद राशिद खान निभाया। लेखा विभाग का कार्य श्री मोहम्मद हलीम व आदिल फारूक के कंधों पर था। संचालन व्यवस्था श्री फैसल रियाज खान और मालवीय जी ने निभाया। मीडिया और फोटो ग्राफी का श्री तौहीद अलम खान और हसन ने निभाया। तस्दीक खान अंत सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# वारंटी को किया गिरफ्तार

**तिलहर।** न्यायालय द्वार 1 वारंट जारी होने पर पुलिस टीम ने वारंटी को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी रामपाल पुत्र रामबहोरन उम्र 40 वर्षीय के खिलाफ न्यायालय द्वारा जारी होने पर नगरिया चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने पुलिस टीम के साथ सोमवार को पहुंचकर वारंटी को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# भाजपाइयों एवं व्यापारियों ने संयुक्त रूप से निकाली तिरंगा यात्रा

**निगोही।** व्यापारियों और भाजपाईयों द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया तिरंगा यात्रा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्रा ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष रजनीश राठौर, समाजसेवी सत्यपाल एडवोकेट वरिष्ठ नेता राजीव वर्मा सभासद रीना कौर, कुलसुमनाज, नरेश वर्मा, नीरज राठौर संजय सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में समय 11:00 बजे ब्लॉक प्रांगण निगोही से निकलकर थाना गेट आदर्श इंटर कॉलेज गेट रामलीला मैदान गेट हरिओम मार्केट बगीचा बड़ी बाजार सब्जी मंडी वारहराणा होते हुए पुवाया रोड स्थित गुरुद्वारा रोड से सीधे हमजापुर चौराहा पहुंचे इस बीच नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर गगन भेदी नारों के साथ यात्रा का किया स्वागत, तिरंगा यात्रा में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता के साथ महिलाएं भी मौजूद रहीं ! सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी तत्परता से लगा रहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं व्यापार मंडल पदाधिकारी द्वारा विगत कई दिनों से तिरंगा यात्रा को लेकर रूपरेखा बनाकर तैयारी की जा रही थी !विधानसभा सत्र के चलते विधायक सलोना कुशवाहा की अनुपस्थिति में उनके भाई एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना ने मंगलवार के दिन समय 11:00 बजे तिरंगा यात्रा निकलवाने में कुशल भूमिका निभाई ! हमजापुर चौराहा स्थित आजाद भगत सिंह मुर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प बरसा किया गया।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार,भेजा जेल

**शाहजहांपुर।** थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 90 ग्राम स्मैक और एक सैमसंग कीपैड मोबाइल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देश, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में सोमवार को जैतीपुर पुलिस टीम गश्त व वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बनखण्डी पुलिया से करीब 20 कदम पहले नवादा मोड़ की तरफ से आ रहे ईस्लाम पुत्र अब्दुल ( उम्र 45 वर्ष), निवासी मोहल्ला बाबर नगर, मीरगंज, बरेली को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से लगभग 90 ग्राम स्मैक और एक काला रंग का सैमसंग कीपैड मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह स्मैक उसे सद्दाम निवासी ग्राम हल्दी खुर्द, थाना मीरगंज, बरेली से मिली थी, जिसे वह हाईवे के पास ट्रक ड्राइवरों और आसपास के लोगों को छोटे-छोटे पैकेट में बेचता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# अफतियापुर प्रधान के घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट

**जलालाबाद (स्वतंत्र भारत)।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव अफतियापुर के ग्राम प्रधान रमेश के घर में कुछ लोगों ने घुसकर डंडे लाठी से मारपीट की जिसमें घर के कई लोगों को चोटें आई हैं इस मामले में पीड़ित की तरफ से थाना जलालाबाद में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की हड़ताल कर रही है। सोमवार की रात अफतियापुर के ग्राम प्रधान रमेश की पत्नी व उनकी भान्जी से किसी बात को लेकर गांव के अन्य लोगों से विवाद हो गया था जो बाद में शांत करा दिया गया था लेकिन रात को लाठी डंडों से लैस होकर कुछ लोग प्रधान के घर में घुस गए और मारपीट की जिससे ग्राम प्रधान व उनकी पत्नी व भांजी व घर के अन्य सदस्यों को चोटें आई हैं आज थाना जलालाबाद में घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# सहायक निदेशक मत्स्य को प्रतिकूल प्रविष्टि

## डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्य योजनाओं की समीक्षा

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त ग्रेड एवं रैंकिंग एवं विकास एवं निर्माण कार्य योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने संचालित सभी योजनाओं तथा निर्माण कार्यों के प्राप्तांक की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ?समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों/निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करें। मत्स्य विभाग में मत्स्य संपदा योजना से संबंधित प्राप्त आवेदन लंबित होने के कारण शून्य अंक प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नारा?गी व्यक्त करते हुए सहायक निदेशक मत्स्य को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। यदि इस माह में रैंक में सुधार नहीं होता है तो निलंबन की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं फैमिली आईडी की प्रगति तथा रैंक कम होने पर जिलाधिकारी ने एनआरएलएम में अधिक से अधिक ऋण संबंधी आवेदनों पर बैंकों से समन्वय बनाकर स्वीकृत एवं वितरित करने के निर्देश दिए। ब्लॉक मिर्जापुर एवं कलान की फैमिली आईडी बनने में सबसे कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने नारा?गी व्यक्त की। उन्होंने मिर्जापुर एवं कलान के खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैमिली आईडी बनने में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में रोपे गए हरिशंकरी पौधों पर 16 अगस्त तक शत-प्रतिशत ट्री गार्ड लगाए जाएं तथा उन पर बच्चों के नाम की नेम प्लेट लगाई जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। उन्होंने कहा कि कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दर्शाने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और कथित फर्जी मतदान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय, टाउनहॉल स्थित राजीव सभागार से शुरू हुआ और नगर निगम कार्यालय तक गया, जहाँ पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई। जिला अध्यक्ष रफी उल हसन ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि उनकी मुख्य मांगें स्पष्ट हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से पिछले वर्षों की डिजिटल वोटर लिस्ट को सार्वजनिक करने की मांग की, ताकि फर्जी वोटिंग की सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि “फर्जी वोट बनाकर लोकतंत्र की लूट को बंद किया जाना चाहिए।” रफी उल हसन ने चेतावनी दी है कि यदि चुनाव आयोग जल्द ही पिछले वर्षों की वोटर लिस्ट को सार्वजनिक नहीं करता है, तो बड़ा आंदोलन शुरू करेंगी। लोकतंत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ में क्रांतिकारी नेता अमिल खान , जिला सचिव फरमान खान , जिला उपाध्यक्ष मोहसिन खान , प्रदेश सचिव सिकंदर अली , जिफ कॉलेज अध्यक्ष कैफ , उपाध्यक्ष शबू खान , रोहित जाट, प्रदेश प्रवक्ता शाश्वत मिश्रा, आदर्श मिश्रा , हर्ष गंगवार ,अरबाज खान , जैद अंसारी , मुजम्मिल खान , अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष सईद अंसारी , और तमाम साथी मौजूद रहे।

# व्यापारियों को वितरित किए तिरंगा झंडा

**शाहजहांपुर।** हर घर तिरंगा हर प्रतिष्ठान तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता महामंत्री नाजिम खान सहित अनेकों पदाधिकारियों ने गोविंदगंज रेलवे फाटक से पैदल चलकर पंखी चौराहा सदर बाजार बहादुरगंज मशीनरी मार्केट तारीन बहादुरगंज घंटाघर तक सभी व्यापारियों को संगठन की ओर से फ्री झंडा वितरित किए गए। जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ एवं नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता की ओर से सभी व्यापारियों को अनुरोध किया गया कि 14 एवं 15 अगस्त को सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर झंडा अवश्य लगाएं। एवं देश की आन बान शान के लिए हमें राष्ट्रध्वज का पूर्णतया सम्मान भी करना है। राष्ट्र प्रेम से बढ़कर देशवासियों के लिए कुछ भी बढ़ नहीं है अपनी एकता अखंडता के लिए हमें राष्ट्रीय ध्वज अपने प्रतिष्ठान पर लगाना ही चाहिए। व्यापारियों ने थाना सदर बाजार नगर निगम कार्यालय पर भी झंडा दिया इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री धर्मपाल रहना जिला महामंत्री नाजिम खां नगर महामंत्री अतुल गुप्ता कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता सतनाम चावला युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल विभु गुप्ता जितेंद्र वर्मा चंद्र प्रकाश गुलाटी लक्ष्मण प्रसाद मुकेश गुप्ता सुरेंद्र सेठी शकील अहमद खान कमाल फहीम सोनू सिंह रमेश गंभीर सिंह शिबू अहमद खां सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए करे काम, चिन्मयानंद

## नव-आगंतुक विद्यार्थी निर्देशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय में नव-आगंतुक विद्यार्थी निर्देशन कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती द्वारा किया गया। स्वामी जी ने कहा कि संविधान और कानून के जानकारी प्राप्त कर राष्ट्र के एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित कार्यकर्ता बनकर लोक जीवन में अनुशासित होकर कार्य करेंगे। हमारी ज़िंदगी कितनी बेहतर हो सकती है, यह हमारी शिक्षा और संस्कार पर निर्भर करता है मुमुक्षु शिक्षा संकुल “सर्वे भवंतु सुखिनः” मंत्र के साथ जाति, धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए जो लक्ष्य निर्धारित करता है आप उस लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य करेंगे जिससे कि महाविद्यालय को गर्व महसूस होगा। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ.अमित सिंह ने बताया कि हमारे विश्विद्यालय द्वारा विधि पाठयक्रम में विधि के सभी नवीन संशोधन को शामिल करते हुए नवीन पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिससे राष्ट्र को योग्य विधि विशेषज्ञ, न्यायाधीश और अधिवक्ताओं को समर्पित किया जा सके। साथ ही उन्होंने विधि अध्ययन की तकनीकियों से विद्यार्थियों का परिचय कराया। उन्होंने विधि व्यवसाय को समाज में न्याय और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया यदि आप अच्छे विद्यार्थी हैं तो भविष्य के समाज निर्माण की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह ने विधि विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ने, लिखने, बोलने और समूह चर्चा का अभ्यास करने की नसीहत दी, साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को खुद को दूसरों से और बेहतर साबित करने के लिए पूरी क्षमता से अधिक मेहनत द्वारा लक्ष्य प्राप्ति का मंत्र दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ओम प्रकाश मिश्र ने न्याय व्यवस्था को जाति धर्म से ऊपर बताया और कहा कि अपराधी की कोई जाति धर्म नहीं होती अधिवक्ता के रूप में कार्य करने वालों का मुख्य दायित्व समाज में संविधान की मंशा के अनुसार निष्पक्ष न्याय की स्थापना करना होना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. विकेश त्रिपाठी ने विधि निर्माण की ऐतिहासिक भूमिका और विधि शिक्षा के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए भारत के पारंपरिक ज्ञान और धर्म के विधि शास्त्रीय प्रभाव की चर्चा की। डॉ. अवनीश मिश्रा ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए महाविद्यालय निरंतर प्रयास करेगा और जब आप विधि शिक्षा पूर्ण कर निकलेंगे, तो निश्चित रूप से आपकी बौद्धिक क्षमता इतनी उच्च स्तर की होगी कि हम आपके ऊपर गर्व कर सकें। मशहूर राष्ट्रवादी कवि ब्रजेश अवस्थी ने इस अवसर पर छंद, दोहा मुक्तक आदि के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। डॉ. दीप्ति गंगवार ने मंच संचालन किया। अतिथिगण द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को परिचय पत्र और बैग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. पवन कुमार गुप्ता अशोक कुमार, डॉ. प्रेम सागर, डॉ. अमित यादव, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ल, अरविंद कुमार, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, प्रदीप सिंह, प्रियंक वर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, रूपल मिश्रा, अभिलाष पाण्डेय, अमित सैनी, गौरव गुप्ता, अवनीश चौहान, शिवओम शर्मा, सुनील चौहान, सर्वेश शर्मा, रोहित कुमार, भानु, अरुण, हरीश, शिवम आदि का सहयोग रहा।

# जिले भर में निकाली गईं हर तिरंगा यात्राएं






- भाजपा नेताओं सहित सामाजिक संगठनों ने जगाई देशप्रेम की अलख
- सशस्त्र सीमा बल ने निकाली तिरंगा यात्रा बाइक रैली




स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह चैहान के नेतृत्व में खीरी मंडल के समस्त शक्ति केंद्र वीर बाबा शक्ति केंद्र, पिपरिया बाईपास, रामपुर, सुअगड़ा, नक्की बाबा, रमवापुर शक्ति, छाउछ, बाजार, पट्टी रामदास, बुढी माता मंदिर, खत्री टोला शक्ति केंद्र, तथासलेमपुर कौन में हर घर राष्ट्रीय ध्वज वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष सुधीर वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक अनूप पांडे, अवधेश गुप्ता मंडल महामंत्री, राजेश द्विवेदी, और अभिषेक वर्मा, सम्मानित बूथ अध्यक्ष एव तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। खीरी मंडल के ध्वज वितरण कार्य का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिस पर मंडल अध्यक्ष खीरी एवं समस्त कार्यकारी सभी सम्मानित कार्यकर्ता पूरे भरपूर जोश उल्लास के साथ लगे हुए दिखाई दिए। हर घर तिरंगा अभियान का कार्यक्रम पूरी लगन वह सजगताके साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आगामी 79 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ष्हर घर तिरंगाष् अभियान के अंतर्गत मंगलवार को श्री राजन कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट के दिशा निर्देशन में तिरंगा यात्रा बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया । इस बाइक रैली का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा। बाइक रैली को विश्वनाथ मिश्रा, उप कमांडेंट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली वाहिनी मुख्यालय से प्रारंभ होकर श्री लिलोटी नाथ मंदिर तक निकाली गई। बाइक रैली में वाहिनी के श्री अरुण कुमार मेवाड़ा, उप कमांडेंट तथा अधीनस्थ अधिकारीगण सहित भारी संख्या में बलकर्मी व महिला बलकर्मीयो ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारों के साथ बाइक रैली निकाली । इस बाइक रैली के माध्यम से सशस्त्र सीमा बल ने ष्हर घर तिरंगा अभियानष् को सफल बनाने की लोगों से अपील की लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। समूचा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो उठा और जनमानस में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत हुई।

**मोहम्मदी।** नगर बरवर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पदयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया है। देवी स्थान पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनुज सिंह चैहान की अगुवाई में वही मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई व राम जी रस्तोगी, सभी भाजपा कार्यकर्ता व कालिका प्रसाद इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर नगर के प्रमुख रास्तों पर पदयात्रा निकालकर भारत मां के जयकारे लगाए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में सम्मिलित हुए।

**मितौली।** विकासखंड मितौली के आदर्श इंटर कॉलेज के सामने स्थित मेला मैदान से हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर की अगुवाई में मितौली से फत्तेपुर होते हुए औरंगाबाद मैगलगंज सिद्धेश्वरी देवी आश्रम तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर नें विकासखंड मितौली स्थित शहीद पार्क में शहीद स्मारक पर फूल माला चढ़ाकर नमन करते हुए तिरंगा रैली का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में शान के साथ निकली यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक बनी बल्कि देश भक्ति का सचित्र उदाहरण पेश किया गया। तिरंगा यात्रा मुख्यालय से शहीदों के जय घोष की जुगलबंदी, भारत माता की जय, वंदे मातरम, के नारो से नगर की गलियां गूंज उठी। यात्रा मितौली से चलकर फत्तेपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके बाद औरंगाबाद होते हुए मैगलगंज सिद्धेश्वरी आश्रम परिसर में समापन किया गया तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, गन्ना सहकारी समिति मैगलगंज के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, भाजपा नेता मास्टर दिनेश कुमार, प्रदीप शुक्ल, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, मंडल अध्यक्ष मैगलगंज राममोहन गुप्त, मंडल अध्यक्ष मितौली मन्नालाल राठौर, शमशाद अली, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ल, सुरेश राठौर रतहरी, श्याम किशोर तिवारी, नरेंद्र मिश्र, रामकुमार गुप्त, मोनू शुक्ल, युवा मोर्चा प्रज्वल शुक्ल, सहित बूथ अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता, देशभक्त सहित क्षेत्र के सम्मानित नागरिक यात्रा में शामिल हुए।

**बिजुआ।** विकास खंड बिजुआ में स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज के स्काउट छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। 12 अगस्त 2025 को स्काउट शिक्षक मोहम्मद सलीम और हरि ओम शुक्ल के मार्गदर्शन में छात्रों ने आसपास के गांवों का दौरा किया। स्काउट टीम ने गांव-गांव जाकर तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान को एक नई दिशा दी। इस पहल से न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को भी बल मिला। स्काउट छात्रों की इस गतिविधि ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाया। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने हर घर तिरंगा यात्रा शहीदों के सम्मान में निकाली। यात्रा बस्तौला चैराहे से शुरू होकर बिजुआ शहीद स्मारक तक पहुंची। भाजपा गोला विधायक के चाचा और पार्टी नेता अजय गिरी उर्फ सपल्लू भईया तथा ब्लॉक प्रमुख बिजुआ प्रतिनिधि राजवीर राज ने यात्रा का नेतृत्व किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजुआ भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने की। भाजपा बिजुआ मंडल महामंत्री सतीश गौतम कार्यक्रम के संयोजक रहे। यात्रा में डीजे पर राष्ट्रभक्ति के गीत बजाए गए। धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सीमा पर शहीद होने वाले सैनिकों के सम्मान में यह यात्रा निकाली गई है। यह यात्रा यह संदेश देती है कि देश के नागरिक सीमा पर तैनात जवानों के साथ हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भीरा कोतवाली प्रभारी गोपाल नारायण सिंह, बिजुआ चैकी इंचार्ज बृजेश कुमार और पड़रिया तुला चैकी इंचार्ज उमराव सिंह मौजूद रहे। यात्रा में मंडल महामंत्री आदित्य मोहन शुक्ल, पूर्व क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष सुधीर वाजपेई, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री गंगा देवी, प्रधान संघ अध्यक्ष सरदार ओमकार सिंह और जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी समेत कई नेता शामिल हुए। यात्रा का समापन शहीद स्मारक पर राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**मैगलगंज।** माँ सिद्धेश्वरी देवी आश्रम से शुरू हुई हर घर तिरंगा यात्रा ने मंगलवार को पूरे नगर का भ्रमण किया। यात्रा में मुख्यअतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर और विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा गन्ना समिति अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा, सहित मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ला, श्याम किशोर तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, शिवकुमार तिवारी झुन्नी, रजनीश त्रिवेदी, युवा मंडल अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, प्रशांत तिवारी, अरविंद मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, आदित्य प्रताप सिंह, पवन सिंह, प्रदीप शुक्ला, दिनेश मास्टर, आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए। राष्ट्रीय ध्वज की शान के साथ निकली यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक बनी, बल्कि देशभक्ति का सजीव उदाहरण भी पेश किया। यात्रा के दौरान वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से नगर की गलियां गूंज उठीं। यात्रा समापन पर पूर्व सांसद ने कहा कि यह पहल हम सबको एकजुट होकर देश के विकास और सुरक्षा के लिए प्रेरित करती है। सभी ने संकल्प लिया कि हर घर पर तिरंगा लहराकर देश के प्रति अपनी निष्ठा को और मजबूत करेंगे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रारंभ हर घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रभक्ति की जन-क्रांति का स्वरूप ले चुका है। हर घर तिरंगा अभियान विगत 3 वर्षों से राष्ट्रभक्ति की एक जन-क्रांति बन चुका है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा न केवल आजादी की गाथा है, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक भी है। आइए इस गौरवशाली अभियान में भाग लें। अपने घर, कार्यालय, दुकानों और वाहनों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त करें।

**गोला गोकणर्थनाथ।** भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में स्थित महापुरुषों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं उनकी प्रतिमाओं पर साफ-सफाई कर माल्यार्पण पर श्रधांजलि अर्पित की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में पालिका स्थित पं0 सियाराम मिश्र एवं राम नरेश तिवारी, लखीमपुर रोड स्थित नानक चन्द्र अग्निहोत्री, सदर चैराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्रा गांधी की मूर्ति, मेला मैदान में राजेन्द्र गिरि, हमीद मार्केट में शहीद अब्दुल हमीद एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा, अलीगंज रोड पर डा0 भीमराव अंबेडकर तथा खुटार रोड पर विकास वर्मा के स्मारक पर स्वच्छता करने के बाद माल्यार्पण कर श्र्द्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, महामंत्री राजेश राठौर, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग नगर संयोजक अंकुर वर्मा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, विनोद कुमार वर्मा, राजीव वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, शक्ति केन्द्र संयोजक नवीन भसीन, राहुल बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा, काके सहगल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत प्रार्थी वादी अफरोज पुत्र रियासत नि0 ग्राम मथना थाना मोहम्मदी जनपद खीरी मो0न0 7518629347 ने थाना में एक किता प्रार्थना पत्र दिया। घटना दिनांक 11.08.2025 समय करीब लगभग 17.00 की है, प्रार्थी अपने घर के अंदर था तभी शाबान व निजवान व मेहरबान व आमान पुत्रगण एहसान सर्व निवासीगण ग्राम मथना कोतवाली मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी एकराय होकर प्रार्थी के घर में लाठी डंडे लेकर घुस आये और घुसकर प्रार्थी को गन्दी गन्दी गालियाँ देने लगे द्य प्रार्थी के मना करने पर उक्त सभी ने प्रार्थी को लाठी डंडो से मारने पीटने लगे द्य प्रार्थी के चिल्लाने की आवाज सुन प्रार्थी का भतीजा अजीबुससान पुत्र शमशाद बचाने आया तो उक्त सभी ने उक्त भतीजे को भी लाठी डंडो से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देकर चले गये द्य प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 557ध्2025 धारा 333ध्115(2)ध्352ध्351(3) बीएनएस 2023 पंजीकृत किया गया। अग्रिम कार्यवाही हेतु विवेचना उ0नि0 शिव बहादुर सिंह थाना मोहम्दी जिला खीरी के सुपुर्द की गई है।

### कस्बा प्रभारी बाबूराम का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह हुआ

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कस्बा प्रभारी बाबूराम का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई कस्बा प्रभारी बाबूराम लगभग दो वर्षों से कस्बा चैकी पर तैनात थे। इस दौरान उनका क्षेत्र के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रहा। जब स्थानीय लोगों को उनके स्थानांतरण की जानकारी मिली, तो बड़ी संख्या में लोग फूल मालाएं लेकर उनसे मिलने पहुंचे। विदाई समारोह के दौरान समस्त चैकी स्टाफ की आंखें नम दिखीं। उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए सभी ने फूल मालाएं पहनाकर उन्हें विदा किया और उनकी तरक्की की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर समस्त चैकी स्टाफ सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बाइक व 7 मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**मैगलगंज-खीरी।** थाना मैगलगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र पांडेय के नेतृत्व में थाना मैगलगंज पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त 2025 को ग्राम चैखड़िया निवासी मुकेश कुमार सिंह की मोटर साइकिल व दो मोबाइल फोन चोरी हो गए थे, जिस पर थाना मैगलगंज में मुकदमा दर्ज हुआ। मंगलवार को पुलिस टीम ने अभियुक्त छुटक्के उर्फ कमरुद्दीन पुत्र वाजिद (उम्र करीब 35 वर्ष), निवासी ग्राम सैजखुर्द थाना पिसावां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल व कुल 7 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ दो मुकदमे पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम एस आई संदीप कुमार यादव, आरक्षी रामनयन सिंह, सुमित जेनर, रोहित कुमार, देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### सवारी को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत वादी अकरम पुत्र सदुल्ला (जाति मंसूरी ) नि0 ग्राम बौधीखुर्द थाना मोहम्मदी जनपद खीरी का निवासी है वादी द्वारा थाना हाजा पर एक किता प्रा0 पत्र दिया कि घटना दिनांक 11.08.2025 को दोपहर करीब 12.00 बजे की है वादी अपने गावं से अपने ई-रिक्शा पर सवारी बिठाकर मोहम्मदी आ रहा था। वादी पालचक गावं मे जैसे पहुचं पाया तभी विपक्षी शिवरतन उर्फ लाला पुत्र नामालुम नि0 ग्राम पालचक थाना मोहम्मदी खीरी वादी से सवारियो को लेकर गाली गलौज करने लगा और बोला साले मेरे गावं की सवारी है हम ही लेके जायेगे तू नही ले जा सकता है जबकि सवारी वादी के आटो पर बैठी थी वादी के विरोध करने पर उक्त विपक्षी ने गाली गलौज कर वादी को डन्डा से मारा पीटा जिससे वादी के सिर मे चोट आई है। आस पडोस के लोगो के आ जाने से विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए बोला साले तुझे अपने गावं से भी नही निकले देगे अगर तू इधर से दोबारा निकला तो जान से मार देगे उक्त प्रा0 पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 553ध्25 धारा 115(2)ध्352ध्351(3) बीएनएस बनाम शिवरतन उर्फ लाला निवासी उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 मेराज अहमद थाना मोहम्मदी खीरी को सुपुर्द की गई है।

### ईसानगर में 55 दिव्यांग जनों का हुआ परीक्षण

**खमरिया-खीरी।** विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत मेडिकल एससमेन्ट कैम्प का आयोजन ईसानगर के उच्च प्राथमिक स्कूल कटौली में किया गया, जिसमें कक्षा एक से बारह तक पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनने के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर में जांच के बाद चिन्हित 55 दिव्यांग जनों के विकलांगता प्रमाणपत्र बनने की प्रक्रिया पूरी की गई। खंडशिक्षा अधिकारी ईसानगर अखिलानंद राय ने बताया कि शिविर ईसानगर ब्लॉक के मान्यता प्राप्तध् सरकारी विद्यालयों के दिव्यांग छात्र छात्राओं का के लिए आज कटौली में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में बौद्धिक स्तर के 25 व ऑर्थोपेडिक के 25 तथा दृष्टि बाधित 5 बच्चों परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जिला समन्यवक माला श्रीवास्तव, फिजियो थेरेपिस्ट निखिल आर्या, जांच अधिकारी डॉ श्रीराम, समेकित शिक्षा के टीचर दीपक उपाध्याय समेत अन्य शिक्षक सहयोग के लिए लगाए गए जिन्होंने विधिवत अपने कार्य का निर्वहन किया।

# ट्रैक्टर पर बैठ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे सीएमओ

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर खीरी।** भारी बरसात के कारण आई बाढ़ के दौरान दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के निरीक्षण को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मंगलवार ब्लाक नकहा के बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचे। उन्होंने बाढ़ चैकी खानीपुर सहित ग्राम रहरिया खुर्द व ग्राम रेहरिया कला में ग्रामीणों से बात की।

बरसात के कारण नकहा ब्लॉक के कई गांव बाढ़ प्रभावित हैं। इस दौरान गांव में ही स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए बाढ़ चैकियां बनाई गई हैं। इन चैकियों पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी करने के लिए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मंगलवार को सीएचसी नकहा अधीक्षक डॉ रामू सिंह के साथ बाढ़ चैकी खानीपुर पहुंचे जहां स्वास्थ्य टीम द्वारा आठ मरीजों को उपचार दिया गया था। इसके बाद वह बाढ़ प्रभावित गांव रहरिया खुर्द व उसके पुरवा रहरिया कला भी ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे, यहां पर आशा विंधेश्वरी भ्रमणशील थीं उन्होंने प्रधान आरती देवी व प्रधान पति उत्तम कुमार से भी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी करी। सीएचसी अधीक्षक डॉ रामू सिंह को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व बाढ़ प्रभावित चैकियों में दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संज्ञान लेते रहे। वहीं आवारा पशुओं व जहरीले जीव जंतुओं के उपचार हेतु वैक्सीन व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने के भी निर्देश दिए।

## युवक ने मोबाइल में कैद किया बाघ का मूवमेंट

**बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ के गोंधिया में बाघ की उपस्थिति से क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। कल रात जसविंदर सिंह ने अफसर सिंह के झाले के पास बाघ को देखा। उन्होंने अपनी फोरव्हीलर से ही मोबाइल में बाघ की तस्वीरें



ली। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में बाघ का मूवमेंट देखा जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने आसपास के क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और घनी बस्तियों पर विशेष नजर रख रही हैं। गोला वन रेंज क्षेत्र में कई गौशालाएं और फार्म हाउस स्थित हैं। इसके अलावा यहां ग्रामीण क्षेत्र, बड़े बंगले और कोठियां भी मौजूद हैं। इस मार्ग पर लोगों की दैनिक आवाजाही होती है। बाघ के आबादी वाले क्षेत्र में आने से स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है।

# विद्यालयों का औचक निरीक्षण, डीएम ने परखी पढ़ाई, मिड डे मील और साफ-सफाई

- मिड डे मील में गड़बड़ी, प्रधान पर गिरी गाज

स्वतंत्र भारत




**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल मंगलवार सुबह औचक निरीक्षण पर निकलीं तो सीधे ब्लॉक सदर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय यूपीएस कोरैया जंगल, पीएस निपनिया, पीएस धौरहरा खुर्द और पीएस बौठा सहित विद्यालय भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई, शिक्षक-छात्र उपस्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से आकलन किया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ देवेश राय मौजूद रहे।

निरीक्षण की शुरुआत डीएम ने यूपीएस कोरैया जंगल से की। यहां पहुंचकर उन्होंने मिड डे मील के तहत तैयार दाल-चावल की गुणवत्ता की जांच की और पाया कि दाल पतली थी। उन्होंने बच्चों को गाढ़ी दाल परोसने के निर्देश दिए। शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों से कई सवाल पूछे, उनसे किताब पढ़वाई और रीडिंग स्किल का परीक्षण किया। विद्यालय के शौचालयों की क्रियाशीलता और पेयजल की उपलब्धता की भी जांच की।

इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय निपनिया पहुंचीं, जहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका समेत अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। जो बच्चे लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनके घर जाकर उन्हें विद्यालय भेजने की व्यवस्था करें।

पीएस धौरहरा खुर्द में निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि मिड डे मील में दी जा रही दाल में न तो सब्जी डाली गई थी और कम हल्दी का प्रयोग हुआ था। साथ ही उपस्थित बच्चों की संख्या के अनुपात में दाल कम बनी थी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने डीपीआरओ को ग्राम प्रधान के विरुद्ध 95 जी का नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण का अंतिम पड़ाव प्राथमिक विद्यालय बौठा रहा। यहां शिक्षिका नौनिहालों को मुद्रा पहचानना सिखा रही थीं। डीएम ने मौके पर बच्चों से अलग-अलग मूल्य के नोट पहचानने को कहा। बच्चों ने सही उत्तर देकर अपनी सीखने की क्षमता का परिचय दिया। सही उत्तर देने वाले बच्चों को डीएम ने प्रोत्साहित करते हुए इनाम भी दिया।

जिले के 49 परिषदीय विद्यालयों के 1291 बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें निकटवर्ती स्कूलों से पेयरिंग किया गया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि उपस्थिति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अगले 10 दिन तक पेयरिंग स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षक स्वयं बच्चों को घर से लाएंगे और पढ़ाई के बाद सुरक्षित घर छोड़ेंगे।

# महावत इरसाद अली को मिलेगा गज गौरव सम्मान

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** अंतरराष्ट्रीय हाथी दिवस के अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व में आज कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर दक्षिण सोनारीपुर रेंज में राजकीय हाथियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, विशेष भोजन की व्यवस्था की गई और विभिन्न रेंजों में जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठियां संपन्न हुईं।

दुधवा के राजकीय हाथियों की देखरेख में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महावत इरसाद अली को आज कोयंबटूर, तमिलनाडु में भारत सरकार के व्याघ्र एवं हाथी परियोजना प्रभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से गज गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत राजकीय हाथियों के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन उप निदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी, क्षेत्रीय वन अधिकारी दक्षिण सोनारीपुर रेंज रोहित रवि, विश्व प्रकृति निधि भारत के प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। परीक्षण कार्य वन्य जीव पशु चिकित्सक डॉ. मोहम्मद तलहा ने फार्मासिस्ट संदीप कुमार के सहयोग से संपन्न किया। इस दौरान महावत एवं चाराकटरों को आवश्यक औषधियां भी वितरित की गईं। इस राजकीय हाथियों के लिए विशेष भोजन प्रबंध में गुड़, चना, गन्ना, लौकी, कद्दू, खीरा आदि व्यंजन शामिल थे, जिन्हें उप निदेशक श्री जगदीश आर., क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेंद्र कुमार व अन्य अधिकारियों ने स्वयं खिलाया। इसके




साथ ही 14 अगस्त से दुधवा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी शुभारंभ होगा, जिसे जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न रेंजों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों व गोष्ठियों में प्रतिभागियों को हाथियों के संरक्षण, उनकी जीवनशैली और पर्यावरणीय महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## शिक्षा या उद्योग

शताब्दियों पहले समाज के मूलभूत स्तर से कल्याण का उद्देश्य लेकर गुरुकुल के रूप में शुरू हुई शिक्षा प्रणाली सहज होने के साथ जीवन के लिए अत्यंत प्रभावी रूप से परिणामपरक तो थी पर उसमें गुरुओं-आचार्यों के लिए स्वार्थ और प्रतिदान का कोई अंश नहीं था। समय के साथ गुरुकुल का स्वरूप बदला और उसकी जगह स्कूलों-कॉलेजों ने ले ली। तब भी इसका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना नहीं था। लेकिन व्यावसायिकता प्रधान आधुनिक समय में चिकित्सा की तरह शिक्षण भी कल्याण कार्य की जगह ऐसा व्यवसाय बन गया है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना ही मुख्य उद्देश्य है। इसीलिए इसके संस्थानों को शिक्षा की दुकान कहा जाने लगा। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी बेहद कड़े शब्दों में कहा है कि शिक्षा अब केवल सेवा आधारित पेशा नहीं रह गया है बल्कि आज यह केवल एक फलता-फूलता उद्योग बन चुकी है। न्यायालय के ऐसा कहने की वजह भी थी। केंद्र सरकार की इसी साल 29 जनवरी की एक अधिसूचना में औद्योगिक शेड, स्कूल, कॉलेज और छात्रावास जैसी निर्माण परियोजनाओं को एक अन्य अधिसूचना के अंतर्गत पूर्व पर्यावरण मंजूरी से छूट दी गई थी। न्यायालय ने अधिसूचना के इस हिस्से को भी रद्द कर दिया है। उसका कहना है कि छूट मनमानी और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उद्देश्य के खिलाफ है। उसने कहा, यह पहले से ही तय सिद्धांत है कि प्राकृतिक संसाधनों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। कोर्ट के इस कदम और कथनों का मतलब यह भी है कि किसी संस्थान द्वारा संबंधित नियम का उल्लंघन करने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से सरकार भी मदद कर रही थी। इसलिए केंद्र की अधिसूचना के एक भाग को कोर्ट द्वारा रद्द तक करना पड़ा। कोर्ट ने अधिसूचना के तकनीकी बिंदुओं पर गंभीरता के साथ गौर किया लेकिन उसका संपूर्ण औचित्य न होने के कारण यह निर्णय लेना पड़ा। इसी पृष्ठभूमि में न्यायालय की टिप्पणी के प्रकाश में विचार करने पर निजी स्कूलों के उद्योग समान होने जाने के कई पक्ष सामने आते हैं। यही वजह है कि राजनेता, रिटायर्ड अधिकार सहित समाज के कई प्रभावशाली लोग पिछले एक दशक से स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि खोलने-चलाने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। इस काम में आने वाली ज्यादातर समस्याओं को वे अपनी पहुंच के बल पर ही हल कर लेते हैं। पैसे का जोर तो उनके पास होता ही है।

## इलाज जरूरी

राजधानी में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं जिनमें किसी अपराध, गलत काम को रोकने के लिए जाने वाले दल के ऊपर अपराधी, दबंग व मनबढ़ और स्थानीय लोग हमला करके मारपीट तक कर लेते हैं और उसे बिना कार्रवाई वापस जाने के लिए मजबूर करते हैं। ये दल मुख्य रूप से पुलिस, जिला प्रशासन, एलडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग के होते हैं क्योंकि इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले कामों में गड़बड़ियां की जाती हैं। अब अपराधी की मानसिकता तो हिंसा के सांचे में ही ढली होती है लेकिन जब सामान्य वर्गों के लोग, जिनमें कभी-कभी महिलाएं भी शामिल हों, ऐसी घटनाओं में शामिल हों तो मतलब यही निकलता है कि उनको कानून और दंड की परवाह नहीं है। ये सही है कि कभी-कभी भीड़ की उत्तेजना और गुस्से की वजह स्वाभाविक होती है जैसे भीषण गर्मी की रातों में घंटों तक बिजली न आना या किसी जगह पर बसे-बसाए लोगों को उनकी गलती के बिना उजाड़ने का अभियान चलाना जिनके लिए संबंधित विभागों को भी अपना काम पहले से दुरुस्त रखना चाहिए लेकिन अगर किसी अपराधी या तस्कर को पकड़ने के लिए दबिश पड़े या अवैध बिजली कनेक्शन-बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चले, अवैध निर्माण को तोड़ा जाए, रूटीन चेकिंग के लिए वाहन रोका जाए, तब होने वाले हिंसक विरोध का मकसद भीड़ की ताकत के बल पर कार्रवाई को रोकना ही होता है। इसके लिए उकसाने वालों के अपने-अपने स्वार्थ भी होते हैं लेकिन तथाकथित अनुचित कार्रवाई या भावनाओं के नाम पर लोगों को भड़का कर अपना काम भी निकाला जाता है। ऐसे काम पूरी तरह नियमों को तोड़ने वाले अराजक कदम ही हैं और इन्हें करने वालों की संख्या बढ़ रही है। ये सही है कि स्थानीय स्तर पर सरकारी विभागों के कई काम संतोषजनक रूप से जनता के हित में नहीं होते जिनके कारण भी लोगों में रोष फैलता है लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं हो सकता कि कानून को अपने हाथ में ले लिया जाए। इससे व्यवस्था भंग होती है और नई-नई समस्याएं उभरती हैं। शहर में मनमाने ढंग से काम कराने वाले अराजकों की संख्या जिस तेजी से बढ़ रही है, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाने जरूरी हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सेना की कानूनी शाखा में पुरुष आरक्षण समाप्त**
पुरुषों की लड़ाई लड़ने वाला कोई नहीं है क्या?
**एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में विपक्षी मार्च**
पुरानी कहावत है कि हरकत से बरक़त होती है!
**कुछ कोसी टावर को चुनावी चश्मे से देखेंगे-मोदी**
देश के प्रधानमंत्री को चुनावों से क्या मतलब?
**अमेरिकी समर्थन पर रंग दिखाती है पाक सेना**
जबकि हम वहां चुनाव जिताने पहुंच जाते हैं!
**अब हम खुद पास कर लेंगे सारे बिल-रिजिजू**
संकटकाल में स्वावलंबी हो जाना अच्छा है!
**सपा और लोकतंत्र एक नदी के दो छोर हैं - योगी**
और लोकतंत्र की बाढ़ में दोनों छोर मिल गये हैं!

♦♦♦

# पाकिस्तान को फिर सबक सिखाना होगा

अमेरिकी जमीन से भारत पर परमाणु हमले की धमकी देने वाले आसिम मुनीर क्या यह समझ भी पा रहे हैं कि वह क्या कह रहे हैं? उनकी बात से तो लगता है कि वह सठिया गये है. उन्होंने खुद को फील्ड मार्शल तो बना लिया है, लेकिन हकीकत में वह फेल्ड मार्शल हैं, जो भारत के


**- जीडी बख्शी**
**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त)**

ऑपरेशन सिंदूर के समय बुरी तरह फेल हुए. लगता है, वह फिर अपनी किरकिरी कराना चाहते हैं. दरअसल मुनीर किसी भी कीमत पर रिटायर नहीं होना चाहते, चाहे इसके लिए भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध ही क्यों न हो जाये. मुनीर ने पहलगाम हमला करवाया ही इसलिए, क्योंकि वह अपना एक्सटेंशन और प्रमोशन चाहते थे. तब पाकिस्तान में मुनीर के खिलाफ जबरदस्त माहौल बन गया था, क्योंकि बलूचों का विद्रोह चरम पर था, तहरीके तालिबान पाकिस्तान से लड़ाई चल रही थी और इमरान खान ने भी सेना की हालत खराब कर रखी थी. वैसे में, मुनीर भारत का खतरा दिखाकर उन सबसे लोगों का ध्यान हटाना चाहते थे. लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने उन्हें उनकी औकात बता दी. अब फिर वह धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश है और आधी दुनिया बर्बाद कर सकता है. मैं मुनीर को यह याद दिलाना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने एक हजार से अधिक ड्रोन हमारे ऊपर चलाये थे, उनमें से 90 फीसदी मार गिराये गये. आठ सौ-नौ सौ ड्रोन के तो परखच्चे उड़ा दिये थे हमारे सैनिकों ने. यही नहीं, पाकिस्तान की तरफ से जो तीन मिसाइलें भारत पर दागी गयी थीं- एक शाहीन और दो फतह- तीनों के तीनों को नेस्तनाबूद कर दिया गया था. इसके बाद भी मुनीर कह रहे हैं कि यदि भारत सिंधु नदी पर डैम बनायेगा, तो 10 मिसाइलें दाग कर वे डैम उड़ा देंगे. उनकी 10 मिसाइलों में से एक भी हमारी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस शील्ड को पार नहीं कर पायेगी, क्योंकि हमारी डिफेंस शील्ड मल्टी लेयर्ड है, जो एस-400, बराक-8, एमआर सैम, आकाश सर्फेस टू एयर मिसाइल, स्पाइडर मिसाइल से लैस है. ऐसे में मुनीर की भारत पर परमाणु हमले की धमकी देना केवल गीदड़ भभकी है. रही बात भारत की, तो मेरा कहना है कि 1971 में भारत पर खतरा इतना बढ़ गया था कि यदि हम उसे लेकर सतर्क नहीं होते और सक्रियता नहीं दिखाते, तो समाप्त हो जाते. एक बार फिर भारत के लिए वैसा ही समय आया है. उस समय भी चीन और अमेरिका पाकिस्तान के साथ थे, जबकि रूस हमारे साथ था. आज भी रूस हमारे साथ है और चीन, अमेरिका मिलकर पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं. वर्ष 1971 के युद्ध में, जिसमें मैंने भी भाग लिया था, अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद के लिए अपना सातवां बेड़ा भेजा था. लेकिन पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गये थे. आज समय आ गया है कि भारत पाकिस्तान के चार टुकड़े कर



दे, नहीं तो पाकिस्तान हमें चैन से जीने नहीं देगा. जब देखो वह कुछ न कुछ षड्यंत्र करता ही रहता है. वह जम्मू-कश्मीर और पंजाब में दखलअंदाजी कर रहा है. उसने सीआइए के साथ मिलकर बांग्लादेश में तख्तापलट करवाया है और वहां से हमें घेरने की कोशिश कर रहा है. पाकिस्तान को अब फिर से उसकी औकात दिखा देने का समय आ गया है. हमें यह बात समझनी होगी कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या किसी नेता को न बुलाकर आसिम मुनीर को बुलाना यह दिखाने की कोशिश है कि पाकिस्तान में अमेरिका का ही राज है. डोनाल्ड ट्रंप चुटकी बजाते हैं और मुनीर वहां दुम हिलाते हुए पहुंच जाते हैं. वहां बुलाकर मुनीर को आदेश दिये जा रहे हैं कि तुम ईरान को सबक सिखाओ, तुम फिलिस्तीनियों के खिलाफ खड़े रहो, आदि-आदि. मुनीर ट्रंप की जी हजूरी में लगे हुए हैं कि अमेरिका किसी तरह पाकिस्तान को हथियार दे दे. वर्ष 1971 में भी पाकिस्तान ऐसा कर चुका है. अब समय आ गया है कि इसको फिर से सबक सिखाया जाये, क्योंकि इससे पहले जो इसको सबक सिखाया गया था, उसे यह भूल चुका है. यदि भारत पाकिस्तान को अभी सबक नहीं सिखाता है, हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है, अहिंसावादी बने रहता है, तो फिर हमें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि हमारे विरुद्ध यह जो समीकरण बन रहा है- चीन, अमेरिका और पाकिस्तान का- वह खतरनाक है. पाकिस्तान की सेना के पास 80 फीसदी हथियार चीन के हैं. चीन ने पाकिस्तान को 83 अरब डॉलर दिये हैं और अब वह अमेरिका का पिछलग्गू बन गया है. मुनीर अमेरिका के पिछलग्गू बने हुए हैं, तो उसमें पाकिस्तान का नहीं, उनका अपना हित छिपा है. पाकिस्तान यह जानता है कि चीन और अमेरिका के बीच दुश्मनी है, लेकिन वह चतुराई दिखा रहा है. उसे लग रहा है कि दोनों देशों को मूर्ख बनाकर वह अपना उल्लू सीधा कर लेगा. पर जरूरत से ज्यादा चतुर पाकिस्तान के बुरे दिन आ गये हैं. सच तो यह है कि चीन भी अब पाकिस्तान से परेशान हो गया है और अब वह भारत से मैत्री चाहता है. इन सबको देखते हुए भारत को पुख्ता सैन्य तैयारी की जरूरत है. हमारा रक्षा बजट अभी जीडीपी का 1.9 प्रतिशत है, जो काफी कम है. यूरोप के देशों का रक्षा बजट जीडीपी का पांच प्रतिशत और रूस का रक्षा बजट आठ प्रतिशत है, क्योंकि उसके सामने युद्ध की स्थिति है. हमारे सामने भी युद्ध की स्थिति है. ऐसे में, यदि हम कंजूसी करेंगे, तो हमारा नुकसान होगा. मैनपावर और टेक्नोलॉजी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है. हमने ऑपरेशन सिंदूर में दिखा दिया है कि भारत की स्वदेशी तकनीक कितने उच्च स्तर की हो गयी है. अब समय आ गया है कि हम पूरी प्रतिबद्धता से काम करें. हमारी डिफेंस में जो भी खामियां हैं, उन्हें दूर करें और पूरी तैयारी के साथ पाकिस्तान के चार टुकड़े करने का लक्ष्य सामने रखें. बलूचिस्तान को अलग देश बनाकर छोड़ें, पीओके को आजाद करायें. इसके लिए हमें पूरी तरह तैयारी करनी पड़ेगी. हमें बांग्लादेश और चीन से लगी अपनी सीमा को भी सुरक्षित करने की जरूरत है. सबसे बड़ी जरूरत सिलिगुड़ी कॉरिडोर को सुरक्षित करने की है. पाकिस्तान की परमाणु धमकी से हमें डरने की जरूरत नहीं है. हमने 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के जरिये पाकिस्तान को करारा जवाब दिये हैं. और ऑपरेशन सिंदूर अभी चालू है. इसलिए हमारे लिए यह सक्रियता दिखाने का समय है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### रामलीला

उस रुपये को मैंने रख छोड़ा था। दशहरे के दिन भी उसे खर्च न कर सका। मैंने तुरंत वह रुपया लाकर आरती की थाली में डाल दिया। पिता जी मेरी ओर कुपित नेत्रों से देख कर रह गये। उन्होंने कुछ कहा तो नहीं लेकिन मुंह ऐसा बना लिया, जिससे प्रकट होता था कि मेरी इस धृष्टता है उनके रोब में बट्टा लग गया। रात के दस बजते-बजते यह परिक्रमा पूरी हुई। आरती की थाली रुपयों और पैसों से भरी हुई थी। ठीक तो नहीं कह सकता मगर अब ऐसा अनुमान होता है कि चार-पांच सौ रुपयों से कम न थे। चौधरी साहब इनसे कुछ ज्यादा ही खर्च कर चुके थे। उन्हें इसकी बड़ी फिक्र हुई कि किसी तरह कम से कम दो सौ रुपये और वसूल हो जायें और इसकी सबसे अच्छी तरकीब उन्हें यही मालूम हुई कि वेश्याओं द्वारा महफिल में वसूली हो। जब लोग आकर बैठ जायें, और महफिल का रंग जम जाय, तो आबादीजान रसिकजनों की कलाइयां पकड़ पकड़ कर ऐसे हाव-भाव दिखायें कि लोग शरमाते-शरमाते भी कुछ न कुछ दे ही मरें। आबादीजान और चौधरी साहब में सलाह होने लगी। मैं संयोग से उन दोनों प्राणियों की बातें सुन रहा था। चौधरी साहब ने समझा होगा यह लौंडा क्या मतलब समझेगा। पर यहां ईश्वर की दया से अक्ल के पुतले थे। सारी दास्तान समझ में आती जाती थी। चौधरी-सुनो आबादीजान, यह तुम्हारी ज्यादती है। हमारा और तुम्हारा कोई पहला साबिका तो है नहीं। ईश्वर ने चाहा, तो यहां हमेशा तुम्हारा आना-जाना लगा रहेगा। अब की चन्दा बहुत कम आया, नहीं तो मैं तुमसे इतना इसरार न करता। आबादी. - आप मुझसे भी जमींदारी चालें चलते हैं, क्यों? मगर यहां हुजूर की दाल न गलेगी। वाह ! रुपये तो मैं वसूल करूं, और मूंछों पर ताव आप दें। कमाई का अच्छा ढंग निकाला है। इस कमाई से तो वाकई आप थोड़े दिनों में राजा हो जायेंगे। उसके सामने जमींदारी झक मारेगी! क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**लाक्षादि-तैल-नीलीनां कौसुम्भ-मधु-सर्पिषाम्।**
**विक्रेता मद्य मांसानां सः विप्रः शूद्र उच्यते।।**

लाख आदि का, तैल का, नील व साबुन का, कपड़े रंगने वाले रंगों का तथा शहद, मदिरा व मांस आदि का व्यापार करने वाला ब्राह्मण शूद्र कहलाता है।

♦♦♦

# सैन्य मजबूती को गति देने की दिशा में बढ़े कदम

छह दशक पहले जुल्फिकार अली भुट्टो ने खुली धमकी दी थी कि पाकिस्तान हजारों साल तक भारत की पीठ में छुरा भोंक कर उसका रक्तस्राव करता रहेगा. तब से अब तक पाकिस्तान ने हर तरह की अस्थिरता देखी है. भारत के प्रति घृणा की चरमसीमा दिखी रविवार को



**- अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

अमेरिकी भूमि पर पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिफ मुनीर की आत्मघाती धमकी में, कि अंतिम प्रतिशोध लेने के लिए पाकिस्तान अपने साथ आधी दुनिया को नष्ट कर देने के लिये भी तैयार है. उधर भारत का बढ़ता मानव संसाधन, उसकी सैन्य शक्ति और आर्थिक समृद्धि चीन की आंखों में भी चुभ रही है. ऐसे में, भारत को पाकिस्तान और चीन से एक साथ निपटने के लिए तैयार रहना पड़ेगा. इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति की गिरगिट की तरह रंग बदलती घोषणाएं पूरे विश्व के लिए परेशानी का सबब बन चुकी हैं. वह भारत से विशेष कुपित लगते हैं, अतः चीन और पाकिस्तान से संभावित युद्ध की स्थिति में अमेरिकी मदद की आशा करना व्यर्थ होगा. ऐसे में भारत की सैन्य व्यवस्था को मजबूती देने के लिए भारी आर्थिक संसाधनों की जरूरत है, भले यह हमारे सर्वांगीण विकास के रास्ते का रोड़ा हो. यह संतोषजनक है कि रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में सशस्त्र सेनाओं के बहुक्षेत्रीय उन्नयन के लिए 67,000 करोड़ रुपयों की मंजूरी दी है. यह मंजूरी तीनों सेनाओं की सामरिक तैयारी को उल्लेखनीय गति देगी. मसलन, थलसेना को थर्मल इमेजिंग तकनीक पर आधारित ड्राइवर नाइट साइट के लिए एक बड़ी राशि दी गयी है. यह उपकरण पैदल सेना (इंफेंट्री) की यंत्रीकृत इकाइयों को गति प्रदान करेगा. ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने देर रात को बीस मिनट में ही पाक आतंकी ठिकानों को मटियामेट कर दिया था. यह तथ्य रात्रिकालीन युद्ध के महत्व को रेखांकित करता है. इस बार थलसेना को आगे बढ़कर उन ठिकानों पर कब्जा करने का लक्ष्य नहीं दिया गया था, पर भविष्य में इसकी जरूरत पड़ सकती है, अतः गतिशील इकाइयों की अंधेरे में ल?ने की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है. ऑपरेशन सिंदूर ने बताया कि वर्तमान युद्ध प्रणाली तेजी से बदल रही है. भविष्य के रणक्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक शस्त्रास्त्रों और उपकरणों का वर्चस्व होगा. पाकिस्तान को टोही और आक्रामक ड्रोन देकर तुर्किये ने इस तथ्य को रेखांकित किया था. इसी को ध्यान में रखकर रक्षा अधिग्रहण परिषद ने मध्यम ऊंचाई पर देर तक उड़ सकने की क्षमता वाले रिमोट निर्देशित आकाशीय यानों के लिए भारी राशि की मंजूरी दी है. यह राशि जल, थल और वायु सेना को चौबीसों घंटे टोह लेने और हमला करने की जबरदस्त क्षमता देगी. पाकिस्तान और चीन के साथ लगी हमारी सीमा हिमालय की पर्वतमालाओं से लगी और घिरी हुई है, अतः ऊंचे पर्वतों के पार शत्रु की सैन्य इकाइयों पर नजर बनाये रखने और आक्रमण करने की क्षमता हमारे लिए आवश्यक है. पर्वतीय रडार प्रणाली की स्थापना और उन्नयन के लिए एक बड़ी राशि की मंजूरी के साथ ही एयर डिफेंस प्रणाली में कमान और निर्देशन को संपूर्ण और सर्वांगीण बनाने के लिए 'सक्षम' और 'स्पाइडर' नामक प्रणालियों के विकास और उपयोग के लिए भी समुचित राशि मुहैया करायी गयी है. ऑपरेशन सिंदूर में रूस के सहयोग से स्थापित एस 400 (सुदर्शन



चक्र) एयर डिफेंस प्रणाली ने हमारी आकाशीय सुरक्षा बनाये रखने में कमाल कर दिखाया था. इस प्रणाली के लंबी दूरी पर मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों के दीर्घकालीन रख-रखाव के लिए खासी राशि दी गयी है. वायुसेना के भारवाहक विमान सी17 ग्लोबमास्टर और सी130 हरक्यूलिस विमानों के रख-रखाव के लिए भी समुचित राशि मंजूर हुई है. नौसेना को भी सघन (कॉम्पैक्ट) स्वचालित सतह पर चलने वाले जलयानों के अतिरिक्त ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र कंट्रोल और प्रक्षेपण प्रणालियों पर खर्च करने के लिए बड़ी मंजूरी मिली है. ऐसी कंट्रोल और प्रक्षेपण प्रणालियां शत्रु की पनडुब्बियों की टोह लेने, उनका वर्गीकरण करने और उन्हें नष्ट करने में सहायक होंगी. इन मंजूरियों पर नजर डालने के बाद एक प्रश्न अनुत्तरित रह जाता है. वायुसेना में अनुमोदित 42 स्क्वॉड्रन की जगह 31 स्क्वॉड्रन रह गयी हैं और मिग 21 विमानों की विदाई के बाद केवल 29 बचेंगी, उसका क्या? वायुसेनाध्यक्ष के उलाहना देने पर एचएएल ने बताया था कि तेजस मार्क1 और मार्क 1ए विमानों का निर्माण तेजी से किया जायेगा. पर तेजस का निर्माण अमेरिकी जीइ इंजनों की आपूर्ति पर आश्रित है. राष्ट्रपति ट्रंप के बदले हुए तेवर इस संदर्भ में चिंता का विषय हैं. अपने देश में पांचवीं और छठी पीढ़ी के लड़ाकू जेट इंजन बनाना हंसी-खेल नहीं. यह सुदूर भविष्य में ही संभव होगा. वायुसेना चाहती है कि तुरंत उपचार के रूप में भारत फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान शीघ्रातिशीघ्र खरीदे. दसाल्ट एविएशन से 36 राफेल विमानों का मौलिक सौदा लगभग 59 हजार करोड़ रुपयों का था. बढ़ती महंगाई और गिरते रुपये के कारण यह राशि अब काफी ज्यादा होगी. क्या इसके लिए रक्षा मंत्री अलग से कोई घोषणा करेंगे? या फिर इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के दौर में ड्रोन और प्रक्षेपास्त्रों के मुकाबले लड़ाकू विमानों का महत्व कम हो गया है? ये प्रश्न एक और विस्तृत विवेचना की मांग करते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### युवक का आदर्श

ग्रीस की बात है। वहां एक युवक एथेंस नगर की बड़ी पाठशाला में पढ़ता था। वह बहुत ही गरीब था। उसके शरीर पर पूरे कपड़े भी नहीं रहते थे, पर वह पढ़ने में बहुत ही होशियार था। उसके संगी-साथी उससे ईर्ष्या करते थे।

गरीब होने पर भी वह अपनी फीस बराबर दे दिया करता था।

उसके साथियों ने सोचा कि यह इतना गरीब है कि पूरे कपड़े भी नहीं पहन पाता। तब यह फीस कहां से लाता है ? हो न हो, यह अवश्य चोरी करता होगा। इसके बाद उन्होंने षड्यंत्र रचकर उस लड़के को पकड़वा दिया। अदालत में उसकी पेशी हुई। जज ने कहा, तुम्हें अपनी सफाई में क्या कहना है ?

लड़के ने उत्तर दिया, श्रीमानजी, मुझे तो कुछ नहीं कहना है। मेरे दो गवाह हैं। उनकी बात सुन ली जाये।

जज ने इसकी अनुमति दे दी। दो गवाह पेश किये गए। उनमें एक माली था। दूसरा एक बुढ़िया थी। माली ने कहा, मैं जिस बगीचे में काम करता हूं उसमें यह नौजवान पानी खींचने और सिंचाई करने में मेरी मदद करता है। उसकी मजदूरी के इसे पैसे मिलते हैं।

बुढ़िया ने कहा, मैं बूढ़ी हो गई हूं। मेरे हाथ-पैर नहीं चलते। यह लड़का घर के काम में मेरा हाथ बंटाता है। उसके बदले मैं उसे कुछ पैसे दे देती हूं।

यह सुनकर जज ने उसे बरी कर दिया। इतना ही नहीं उसे कुछ सहायता भी देनी चाही जिससे वह अपना पूरा समय पढ़ाई में लगा सके, लेकिन युवक ने यह कहकर उसे स्वीकार नहीं किया कि मैं अपनी मेहनत की कमाई से पढ़ना चाहता हूं, किसी के दान से नहीं।

## आपका पत्र मिला

### साख की रक्षा करे चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर बताया कि बिहार में गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के कारण सहित नाम हटाने का विवरण (सूची) देने के लिए बाध्य नहीं है। चुनाव आयोग के इस दिए गए हलफनामे पर हंसना भी आता है, रोना भी आता है! एक तरफ हम हमारे लोकतंत्र पर गर्व करते हैं, इसका गुणगान करते अघाते नहीं हैं, दूसरी तरफ इसी लोकतंत्र में जो भी चुनाव संबंधी प्रक्रिया चुनाव आयोग ने अपनाई है, उसका पारदर्शिता के साथ सबके सामने रखने में हिचकिचाहट क्यों हो रही है? जब किसी प्रक्रिया पर किसी को कोई शक, संदेह हो तो उसका शक, संदेह दूर करने में क्या बुराई है? आयोग तो उल्टे ऐसा करके संदेह के बीज को ज्यादा पनपा रहा है! आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए, हलफनामा देकर खुद को कटघरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष ही नहीं, हर समझदार आम नागरिक भी आयोग की कार्यशैली को संदेह (पक्षपातपूर्ण रवैया)की नजर से देखा जा रहा है। जब आपने कोई बेईमानी, हेरा फेरी, पक्षपात, गलत नीति व नीयत(मंशा) से काम नहीं किया है, दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए, पूरी पारदर्शिता के साथ गहन पुनरीक्षण के काम को अंजाम दिया है, तो फिर आयोग को सूची देने में किस बात का डर? विपक्ष के नेता चुनाव आयोग को बेईमान/पक्षपाती ठहरा रहे है, ऐसे में तो आयोग को हटाएं गए नामों की सूची (कारण सहित) उपलब्ध कराते हुए, बेईमान कहने वालों के मुंह पर ताला जड़ देना चाहिए ! इससे तो आयोग की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी। लेकिन आयोग ऐसा न करके निष्पक्षता, पारदर्शिता व विश्वसनीयता (साख) पर बट्टा ही लगवा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए कुठाराघात है, वह भी आजादी की 79 वीं वर्षगांठ की वेला पर?

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# बदलाव और सीखने की आदत से मिलती है सफलता



वर्तमान समय में नेतृत्व (लीडरशिप) का स्वरूप पूरी तरह से बदल रहा है। अब यह केवल अनुभव व पारंपरिक प्रबंधन शैली पर आधारित नहीं रह गया है। आजकल प्रभावी नेतृत्व के लिए चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तकनीक, व्यावसायिक चपलता और दृष्टिकोण में तालमेल का होना बेहद जरूरी हो गया है। इसके लिए पेशेवरों को नई तकनीकों को न केवल सीखना-समझना होगा, बल्कि रणनीतिक फैसलों में उनका बेहतर ढंग से इस्तेमाल भी करना होगा। इसके अलावा, प्रभावी संवाद व अपनी बात को प्रस्तुत करने का हुनर टीम को जोड़े रखने, उन्हें प्रेरित करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहद जरूरी हैं। इसीलिए, आज कॉरपोरेट जगत में लचीलापन, नए कौशल सीखना तथा व्यावसायिक चपलता अपनाना ही लीडरशिप का आधार माना जाता है। अगर आप भी खुद में लीडरशिप का गुण विकसित करना चाहते हैं, तो कुछ अहम बिंदुओं पर ध्यान देकर ऐसा कर सकते हैं।

**बदलाव को अपनाएं**

वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने वाले पेशेवर अपनी प्राथमिकताओं में जरूरी बदलावों को ज्यादा अहमियत देते हैं। ऐसे में, आपको अपनी उत्पादकता बढ़ाने के लिए स्वचालन, रोबोटिक्स और जेनरेटिव एआई जैसे बदलावों को अपने कामों में शामिल करना होगा। इसके अलावा, अपने संगठन की कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ बनाने, उच्च प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने और टीम की नवाचार क्षमता को विकसित करने पर भी जोर देना होगा।

**सीखने की नई दिशा**

एक प्रभावी लीडर बदलते समय के साथ अपने दृष्टिकोण का भी विस्तार करता है। ऐसे में, बदलते परिवेश आपको भी लगातार नए कौशल सीखते रहना होगा। इसके लिए, व्यक्तिगत शिक्षण तक पहुंच बढ़ाएं, जहां आपको अपने अनुसार सीखने का अनुभव और वक्त चुनने का मौका मिले, ताकि काम और जीवन में संतुलन बना रहे।

**नेतृत्व को मजबूत करने का कौशल**

लीडर बनने के लिए केवल तकनीकी या प्रबंधकीय कौशल पर्याप्त नहीं हैं। इसके इतर आपको मानसिक लचीलापन, अनुकूलनशीलता और जटिलताओं को समझने की क्षमता भी विकसित करनी होगी। बेशक इसमें समय लग सकता है, लेकिन यह हर परिस्थिति में आपको अपने कौशल का प्रभावी तरीके से उपयोग करने में सक्षम बनाती है।

**लीडरशिप का मूल्यांकन**

अंत में आपको अपनी लीडरशिप क्षमता का मूल्यांकन करने पर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए आपको ऐसा पैमाना अपनाना होगा, जो माप सके कि संगठनात्मक संस्कृति, टीम के सामूहिक प्रदर्शन और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता पर आपका कितना प्रभाव पड़ रहा है। इससे एक ऐसा माहौल बनता है, जहां किसी भी परिवर्तन को सरलता से अपनाया जा सकता है।



# इन सर्टिफिकेट या ऑनलाइन कोर्सेज से देश-विदेश में बना सकते है कॅरियर

*भारत के साथ अन्य देशों में भी विरासत प्रबंधन (हेरिटेज मैनेजमेंट) तेजी से फल-फूल रहा है। इसके अलावा, अपनी अंत:विषय प्रकृत्ति के कारण विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों के लिए यह नए अवसर भी विकसित कर रहा है। वास्तुकला और पुरातात्विक संरक्षण, इतिहास और संस्कृति से जुड़े क्षेत्रों, संग्रहालयों और अभिलेखीय प्रथाओं और पर्यावरण संरक्षण आदि के सिद्धांतों का विस्तार करते हुए इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवर और छात्र दुनिया भर में नाम कमा रहे हैं।* ऐसे में, विरासत प्रबंधन के क्षेत्र में कॅरिअर बनाने के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि अगर आपने बीए या किसी अन्य स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिला लिया है, तब भी इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपके पास कई विकल्प मौजूद हैं।

**इस दिशा में बढ़ाएं कदम :** यदि आपने स्नातक में इतिहास, कला या सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों के आधार पर दाखिला लिया है, तो आपके पास विरासत प्रबंधन के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए एक मजबूत आधार है। स्नातक के दौरान आपको कुछ अतिरिक्त कौशल विकसित करने होंगे। हेरिटेज मैनेजमेंट में कॅरिअर बनाने के लिए ग्रेजुएशन के बाद आप एमए या एमबीए इन हेरिटेज मैनेजमेंट कर सकते हैं।

**इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रम :** आप भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और इनटेक (इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज) में इंटर्नशिप कर सकते हैं। यूनेस्को विश्व विरासत केंद्र के विभिन्न कार्यक्रमों और इंटर्नशिप अवसरों के माध्यम से विरासत प्रबंधन में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। निजी संगठनों जैसे सहपेडिया और आर्ट एलाइव गैलरी में प्रोजेक्ट बेस्ड इंटर्नशिप के जरिये आप व्यावहारिक ज्ञान हासिल कर सकते हैं। फील्डवर्क के अनुभव के लिए हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में चल रहे धरोहर संरक्ष प्रोजेक्ट्स में शामिल हो सकते हैं। **डिजिटल कौशल :** हेरिटेज मैनेजमेंट में 3डी मैपिंग, वर्चुअल टूर डिजाइन और एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

**करिअर के अवसर :** इस क्षेत्र में म्यूजियम क्यूरेटर, आर्किविस्ट, टूरिज्म प्लान हेरिटेज कंसल्टेंट जैसे कॅरिअर विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा फिल्म और मीडिया में भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है।

**सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स**

*इग्नू जैसे संस्थान से आप सर्टिफिकेट इन म्यूजियम मैनेजमेंट और हेरिटेज मैनेजमेंट कोर्स तथा नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली से डिप्लोमा इन हेरिटेज स्टडीज कोर्स कर सकते हैं। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) भी कुछ शॉर्ट टर्म कोर्स की पेशकश करती है। स्वयं पोर्टल पर भी समय-समय पर हेरिटेज मैनेजमेंट से संबंधित आर्ट एंड कल्चर और आर्किटेक्चरल कंजर्वेशन एंड हिस्टोरिक प्रिजर्वेशन जैसे ऑनलाइन कोर्सेज की पेशकश की जाती है।*

## कॅरियर अलर्ट

### इंटेलिजेंस ब्यूरो भर्ती

आईबी में इस साल की सबसे बड़ी भर्ती खुली हुई है। जी हां, आपको इंटेलिजेंस ब्यूरो में गवर्नमेंट जॉब पाने का मौका मिल रहा है। सिक्योरिटी असिस्टेंट/एग्जीक्यूटिव के लिए आईबी ने 4,987 पदों पर वैकेंसी निकाली है। जिसमें 10वीं पास अभ्यर्थी आखिरी तारीख 17 अगस्त 2025 तक फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने का लिंक ऑफिशियल वेबसाइट www.mha.gov.in पर एक्टिव है।

### बीएसएफ कांस्टेबल भर्ती

सीमा सुरक्षा बल 3500 से अधिक पदों पर कांस्टेबल ट्रेड्समैन की नियुक्ति करेगा। इस भर्ती का ऐलान हो चुका है। आवेदन भी बीएसएफ ने शुरू कर दिए हैं। जो अभ्यर्थी बीएसएफ कांस्टेबल ट्रेड्समैन भर्ती में आवेदन करने के इच्छुक हैं, उन्हें लास्ट डेट 23 अगस्त तक या इससे पहले ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर आवेदन करना होगा। योग्यता 10वीं पास के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई मांगी गई है।

# खुद की ब्रांडिंग और नेटवर्किंग को बनाएं मजबूत, ऐसे मिलेगी नौकरी

अब कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्होंने जॉब सर्च की दुनिया में क्रांति ला दी। इन्होंने नौकरी की तलाश को न केवल सरल बनाया है, बल्कि इनके माध्यम से आप अपने व्यक्तित्व को भी बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसलिए नौकरी के लिए अब सिर्फ योग्यता ही काफी नहीं है, मजबूत ऑनलाइन उपस्थिति बनाना भी बेहद जरूरी है। **रेफरेंस का महत्व :** बहुत सी कंपनियां विज्ञापन को प्लेटफॉर्म पर साझा करने से पहले उसे अपनी ही कंपनी के कर्मचारियों के बीच साझा कर उनसे अच्छे उम्मीदवारों का रेफरेंस मांगती हैं। कई बार कंपनी रेफरेंस वाले उम्मीदवार का ही चयन कर लेती है और वैकेंसी की खबर कंपनी से बाहर आ ही नहीं पाती। ऐसे में, नेटवर्किंग ही काम आती है। इसलिए ज्ञान के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत ब्रांडिंग और रेफरेंस के लिए नेटवर्किंग पर ध्यान अवश्य दें। **ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म :** रेफरेंस के लिए नेटवर्किंग जरूरी है और नेटवर्किंग के लिए कॉन्क्लेव, संमिनार, कॉन्फ्रेंस आदि में शामिल होना। अपनी टारगेट ऑडियंस वाले स्थानों की पहचान करें। यदि आप अपने नेटवर्क को मजबूत करना चाहते हैं, तो उन जगहों का दौरा करें, जहां आपकी टारगेट ऑडियंस है। इसके अलावा, आप एडवरटाइजिंग से जुड़े एक्सचेंज फॉर मोडिया, शिक्षा के लिए वर्ल्ड डिडेक और उद्योग से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर यू मैगजीन के कॉन्फ्रेंस में भी शामिल हो सकते हैं। अगर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की बात करें, तो लिंक्डइन से बेहतर कोई विकल्प नहीं है।

# एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में लें भाग, मानसिक रूप से रहेंगे स्वस्थ

स्कूल व कॉलेज में अपने दिमाग को तरोताजा रखने के लिए अमूमन छात्र पढ़ाई से इतर कुछ अन्य गतिविधियों में शामिल होते रहते हैं। जहां कई छात्र इसे काफी संजीदगी से स्कू लेते हैं, वहीं कुछ इसे केवल मौज-मस्ती तक ही सीमित रखते हैं। एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी या पाठ्येतर गतिविधियां न सिर्फ आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रखती हैं, बल्कि आपके करिअर के लिहाज से बोनस का काम भी करती हैं। इन गतिविधियों के दौरान आप अपने लिए नए जुनून व शौक तलाशने और दोस्त बनाने के अलावा अपनी छिपी हुई प्रतिभा की तलाश कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों को प्रबंधित करना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में दोनों के बीच संतुलन बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है।

**समय को प्रबंधित करें**

संतुलन बनाने के लिए सबसे पहले आपको अपनी सहूलियत के हिसाब से समय का विभाजन करना होगा। आपको अपना कीमती समय उन जरूरी कामों को देना होगा, जो आपके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। इसलिए अपनी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों को संतुलित करने के लिए किसी विशेष रोडमैप का पालन करना करें या खुद की रणनीति बनाएं। इसके लिए आप शिक्षक, माता-पिता या बड़ों की मदद ले सकते हैं।

**योजना भी बनाएं**

अपने दैनिक कार्यों की एक टू-डू सूची बनाएं। इससे आपको जरूरी कार्यों को पूरा करने व अगले कार्य को समय पर शुरू और खत्म करने में मदद मिलेगी। टू-ड् सूची आप किसी स्टिकी नोट्स या छोटी डायरी में भी बना सकते है। आपकी पढ़ाई के समय और अन्य गतिविधियों के लिए आपकी योजना इतनी लचीली होनी चाहिए कि आप इसे बिना किसी बाधा, तनाव या दबाव के पूरा कर सकें।

**अकादमिक पर ध्यान दें**

अकादमिक और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाने के दौरान आपको अकादमिक को ज्यादा प्राथमिकता देनी चाहिए। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब आप कोई दूसरा काम करेंगे, तो आपको तनाव या दबाव महसूस नहीं होगा और आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, आपकी उत्पादकता भी बढ़ेगी।

**नकारने से न डरें**

अगर आपके पास समय नहीं है या पाठ्येतर गतिविधियां आपके अनुकूल नहीं हैं, तो उनमें शामिल होने से मना करने में परहेज न करें। आप इनमें अपने जीवन का बहुमूल्य समय देते हैं। ऐसे में अपने लिए सबसे उपयुक्त विकल्प की पहचान करें, जो आपके लिए लाभदायक और भविष्य के लिहाज से उपयोगी हो।

**सही पहचान है जरूरी**

आपको किसी ऐसी गतिविधि में शामिल होने पर जोर देना चाहिए,



जिसमें न सिर्फ मजा आए, बल्कि वह आपकी पढ़ाई से भी जुड़ा हो। आप ऐसी गतिविधियों का चुनाव भी कर सकते हैं, जो करिअर के लिहाज से भी उपयोगी हों। ऐसे में इनका सही चुनाव करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

# इन तकनीक से लें प्रभावी फैसले कॅरियर में आएंगे काम




आप हर रोज कोई-न-कोई निर्णय लेते ही होंगे। यह आपके लिए सहज स्थिति हो सकती है, लेकिन जब आपके पेशेवर निर्णय लेने की बात आती है, तो यह काम काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आपका एक फैसला आपके भविष्य और पेशेवर करिअर को बना या बिगाड़ सकता है, खासकर तब जब आप पेशेवर जगत में नए हों। साथ ही, ये फैसले आपके सहकर्मियों और प्रबंधक को भी प्रभावित करते हैं, ऐसे में आप हर कदम फूंक-फूंक कर रखना चाहते हैं। हो सकता है इसी कारण आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को साझा करने से हिचकिचाते भी हों। ऐसे में, प्रभावी निर्णय लेने के लिए आपको अपने अंतर्मन को सुनने की क्षमता का विकास करना होगा। याद रखें, कोई भी निर्णय लेना आवेग में आकर काम करना कतई नहीं है, बल्कि तर्क और अनुभव के आधार पर लिए गए फैसलों से ही आपका असली आत्मविश्वास झलकता है।

**फर्क समझें**

अच्छे पेशेवर बाकियों से अलग इसलिए दिखते हैं, क्योंकि वे ऐसे निर्णय लेने में माहिर होते हैं, जो संगठन को सफलता की ओर ले जाता है। सफल लीडर परिचालन और रणनीतिक निर्णयों के बीच के अंतर को बेहतर ढंग से समझते हैं। परिचालन निर्णय दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर आधारित होते हैं, जबकि रणनीतिक निर्णय लेना काफी कठिन काम होता है। इसके लिए आपको एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, क्योंकि आपके फैसले संस्था के विकास और भविष्य का आधार बनते हैं।

**फाइव डब्ल्यू फ्रेमवर्क**

यदि आप अपने करिअर के शुरुआती पड़ाव पर हैं, तो अपने निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिए आपको फाइव डब्ल्यू यानी कौन?, क्या?, कब?, क्यों? और कैसे? फ्रेमवर्क का उपयोग करना चाहिए। यह एक कारगर तकनीक है, जो आपको अपने विचारों को दूसरों से साझा करने की हिचकिचाहट से बचा सकती है। इस फ्रेमवर्क का उपयोग करके आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

**सही और गलत की पहचान**

अपने मूल मूल्यों को जानने से निर्णय लेना अधिक नैतिक और आसान हो जाता है। इसलिए एक पेशेवर के रूप में बेहतर फैसले लेने से पहले आपको अपने मूल्यों को समझना होगा। कामयाब होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?, इसकी पहचान करें। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया आसान हो जाती है। निर्णयों में स्पष्टता हासिल करने के लिए अतीत में लिए गए अपने कुछ फैसलों का मूल्यांकन करें। इससे आपको सही और गलत की पहचान करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, अपने फैसले में पारदर्शिता बनाएं रखें, इससे आप प्रबंधक और सहयोगियों के भरोसेमंद बन सकेंगे।

**अपने नेटवर्क के लोगों से सीखें**

कार्यस्थल पर नेतृत्व कौशल को विकसित करने के प्रभावी तरीकों में से एक है, अपने नेटवर्क के लोगों से सीखना। बेहतर निर्णय लेने के लिए अपने सहयोगी और प्रबंधक के साथ अपने विचारों को साझा करें।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किस दिन अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है?**
(क) 9 अगस्त
(ख) 10 अगस्त
(ग) 11 अगस्त
(घ) 12 अगस्त
**(घ) 12 अगस्त**

**2. निम्न में से किस देश में 18 वें अंतर्राष्ट्रीय खगोल एवं खगोल भौतिकी ओलंपियाड का उद्घाटन किया गया?**
(क) भारत
(ख) इंग्लैंड
(ग) सिंगापुर
(घ) फिनलैंड
**(क) भारत**

**3. निम्न में से कौन एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में ओपन पुरुष वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय सर्फर बन गए हैं?**
(क) किशोर कुमार
(ख) मनोज मेहता
(ग) अभिषेक चौहान
(घ) रमेश बुदिहाल
**(घ) रमेश बुदिहाल**

**4. निम्न में से किसके द्वारा 'Why the Constitution Matters' नामक किताब लिखी गयी है?**
(क) डी.वाई. चंद्रचूड़
(ख) उदय उमेश ललित
(ग) संजीव खन्ना
(घ) रंजन गोगोई
**(क) डी.वाई. चंद्रचूड़**

**5. निम्न में से कौन बौद्धिक अक्षमता वाले छात्रों के लिए एक राज्यव्यापी, मानकीकृत पाठ्यक्रम शुरू करने वाला पहला राज्य गया है?**
(क) महाराष्ट्र
(ख) मध्य प्रदेश
(ग) ओडिशा
(घ) मणिपुर
**(क) महाराष्ट्र**

# हायर एजुकेशन के लिए बचाना है पैसे, इन बातों पर दें ध्यान



शिक्षा की वास्तविक दर अधिक हो सकती है। इससे उस खर्च के बारे में एक समग्र विचार मिलता है जब अपने बच्चे के 18-20 वर्ष का होने पर आपको उसके सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए योजना बनानी होगी। यदि आपका बच्चा विदेश में पढ़ना चाहता है तो यह लागत कई गुना बढ़ सकती है। अब, आप अपने बच्चों की संख्या और उनके द्वारा चुने जा सकने वाले पाठ्यक्रम को देखते हुए उनकी उच्चतर शिक्षा के लिए आवश्यक राशि का अनुमान लगा सकते हैं। इसे आसानी से समझने के लिए, मान लीजिए कि आपको अपने बच्चे की उच्चतर शिक्षा के लिए लगभग 50 लाख रुपए की जरूरत पड़ेगी।

**बच्चों की शिक्षा के लिए राशि कैसे इकट्ठा करें?**

यह तो पता चल गया कि बच्चे की उच्चतकर शिक्षा के लिए करीब 50 लाख रुपये की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में सबसे पहले सवाल उठता है कि 50 लाख रुपये कैसे जुटाएं। इसका असान सा जवाब है कि इसके लिए आपको नियतिम तौर पर निवेश करना होगा। अभी से ही हर महीने कुछ राशि जमा करना शुरू कर दें तो आप बच्चें की उच्चतर शिक्षा के उम्र तक आते आते इतनी राशि जमा कर लेंगे।

**निवेश करने के लिए सही इंस्ट्रूमेंट कैसे चुनें?**

शिक्षा लागत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मासिक रूप से अपेक्षित निवेश अलग-अलग हो सकता है। आप इक्विटी-ओरिएंटेड इंस्ट्रूमेंट में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं क्योंकि इनमें लंबे समय में अच्छा रिटर्न मिलता है। यदि आप कम जोखिम उठाना चाहते हैं, तो आप इक्विटी वाले इंस्ट्रूमेंट में ज्यादा और डेट इंस्ट्रूमेंट में कम राशि आवंटित कर मिश्रित निवेश का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि, यदि आप उक्त वित्तीय लक्ष्य हासिल करने के लिए केवल डेट इंस्ट्रूमेंट को तरजीह देना चाहते हैं, तो आपके मासिक निवेश की राशि काफी ज्यादा होगी।

**हर महीने कितनी राशि के निवेश की आवश्यकता होगी?**

यदि आप इक्विटी-ओरिएंटेड इंस्ट्रूमेंट चुनते हैं, तो आपको 12 फीसदी के निश्चित रिटर्न की उम्मीद रखते हुए 20 वर्षों के लिए न्यूनतम 5,500 रुपए प्रति माह निवेश करने की आवश्यकता होगी। दूसरे विकल्प में, आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रति माह 7,000 रुपए की थोड़ी और राशि निवेश करनी पड़ सकती है। यदि आप अंतिम विकल्प के रूप में केवल डेट इंस्ट्रूमेंट चुनते हैं, तो आपको अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए 12,000 रुपए प्रति माह से कुछ अधिक राशि का निवेश करना होगा।

**5. बच्चों की शिक्षा के लिए निवेश के 5 विकल्प क्या हैं?**

बुद्धिमानी यही है कि अपने बच्चे की शिक्षा के लिए जितनी जल्दी हो सके बचत करना शुरू कर दें ताकि भविष्य के लिए अनुमानित राशि आपके पास तैयार रहे। आपके द्वारा विचार करने के लिए यहां निवेश के पांच विकल्प बताए जा रहे हैं। इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी- शिक्षा लागत से जुड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए डायवर्सिफाइड इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी करना सबसे उपयुक्त तरीका है। एक इक्विटी म्यूचुअल फंड में 12 फीसदी प्रति वर्ष के औसत रिटर्न पर 20 वर्षों के लिए 5,500 रुपए की मासिक एसआईपी पर आपको आराम से लगभग 54 लाख रुपए प्राप्त होंगे। शेयर बाजार में प्रत्यक्ष निवेश- यदि आप शेयर बाजार को समझते हैं तो 20 साल की लंबी अवधि के लिए शेयरों में किए गए नियमित निवेश से आपको निराशा हाथ नहीं लगेगी। यह सलाह दी जाती है कि बाजार के विशेषज्ञों की मदद लें जो आपको समय पर मार्गदर्शन दे सकते हैं कि अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आपको कौन से स्टॉक चुनने चाहिए और कौन से हटा देने चाहिए।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 13 अगस्त 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ भाद्रपद मासोमते कृष्ण पक्षे चतुर्थी तिथौ बुध वासरे 06/37/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 10/33/ धृति योग 16/06/ बालव करणे 06/37/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** मंगल हस्त नक्षत्र घं.22मि.32पर। 05 तिथी क्षय।

**मेष**- वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। सम्मपत्ति के मामले सुलझेंगे। गृह कलह से मन अशांत रहेगा। आलस्य प्रमाद त्यागें।

**वृष**- कारोबारी वातावरण अनुकूल रहेगा। सच्चरित्र का विकास होगा। कनिष्ठ जनों पर व्यय होगा। पूर्व संकल्पित कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन**- आज कुछ लोगों के लिए नयी प्रॉपर्टी खरीदने के आसार नजर आ रहे हैं। छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी जाती है।

**कर्क**- पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह**- कुछ पारिवारिक समस्या व कुछ व्यावसायिक तनाव मिल सकते हैं। गुड़ चना बंदरों को खिलाएं यह आपके लिए हितकारी होगा।

**कन्या**- किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझन हो सकता है।

**तुला**- समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होंगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक**- दांपत्य सुख का योग है। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु**- आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर**- पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ**- निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन**- यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये-अभिषेक आनंद

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। खराब रैकिंग वाले विभागों की रैकिंग में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं




पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए तय समयसीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राशन की रिक्त दुकानों का आवंटन समय से कराया जाय। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। पशुओं का टीकाकरण एवं इयर टैगिंग निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जाने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक फैमिली आई०डी० बनाए जाने के निर्देश संबंधित को प्रदान दिये। पी०एम० सूर्यघर योजना में अधिक से अधिक पात्रों के आवेदन कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी स्वयं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर निगरानी रखें, यदि कोई समस्या होती है तो संबंधित अधिकारी को तत्काल अवगत करायें, जिससे जनपद रैकिंग प्रभावित न हो। उन्होंने जर्जर विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली। गौशालाओं हेतु नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह सभी अपनी-अपनी गौशालाओं का निरीक्षण कर अद्यतन सूची संबंधित को प्रेषित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुरेश कुमार सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामकोट में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब, भव्य तिरंगा यात्रा में गूंजे 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे

(स्वतंत्र भारत)

रामकोट-सीतापुर। आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जनपद के रामकोट मंडल में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब भव्य बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा को भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने तिरंगा हाथ में लेकर पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा रामेश्वर धाम तीर्थ रामकोट से प्रारंभ होकर सिकटिया होते हुए जवाहरपुर ग्राम पंचायत के जुहुरी में जाकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में ष्भारत माता की जयष् और ष्जय श्री रामष् के गगनभेदी नारों से माहौल गुंजायमान रहा। लोग घरों की छतों और गलियों से तिरंगा लहराकर यात्रा का स्वागत करते दिखे। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन किया और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष




अमित दीक्षित, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, जवाहरपुर ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि मोहित शुक्ला, अनूप पांडे, उमेश गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, राजेश गौतम, ओमेंद्र वर्मा, अरुण शर्मा, सहित अनेक कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# पुलिस सुरक्षा के बीच शुरू होगी मतगणना

(स्वतंत्र भारत)

महमूदाबाद-सीतापुर। जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक महमूदाबाद में होगी। १७ टेबल पर चार चरण में मतगणना संपन्न होगी। सोमवार को नगर पालिका महमूदाबाद के मतगणना के लिए चार-चार मतगणना कर्मियों की १७ टीमें बनाई गई हैं तथा दो टीमें रिजर्व में होगी। महमूदाबाद में हुए नगर पालिका के अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए सोमवार को हुए



बुधवार की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी जो कार्य समाप्ति तक चलेगी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पांच प्रभारी निरीक्षक, दो सीओ लगाए गए हैं। पूरी मतगणना की वीडियोग्राफी कराए जाने के साथ मजिस्ट्रेट की निगरानी में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव के बाद बुधवार को मतगणना होगी। मतगणना सुबह आठ बजे से कार्य समाप्ति तक चलेगी। तहसीलदार अनिल कुमार ने बताया कि मतगणना के लिए १७ टेबल बनाई गई हैं। चार चक्र में होने वाली रखी गई हैं। मतगणना के लिए कुल ७६ मतदानकर्मी लगाए गए हैं जिन्हें सुबह सात बजे मतगणना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतदान में २५ वार्डों के लिए बनाए बए ५३ बूथों पर २६ हजार ५०३ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर ५०.७८ प्रतिशत मतदान किया है। यहां कुल ५२,१९१ मतदाता हैं तथा अध्यक्ष पद के १० प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

# मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

(स्वतंत्र भारत)

महमूदाबाद, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र में बाबूपुर-कटरा के बीच मिलेट्री स्पेशल मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मंगलवार की शाम करीब पौने चार बजे बाबूपुर-कटरा के बीच मिलेट्री स्पेशल मालगाड़ी से कटकर रामपुरकलां के पलिया खुर्द के लकी (२०) पुत्र छोटेलाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है, युवक मंदबुद्धि का बताया जा रहा है।

# दरी निर्माता सुनील मिश्रा को किया सम्मानित

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। जनपद के लिए




गौरव का विषय है की सबसे अधिक हैंडलूम निर्यात वृद्धि के लिए जनपद के वरिष्ठ दरी निर्माता सुनील मिश्रा जी को सम्मानित किया गया यहाँ सम्मान वस्त्र मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा के द्वारा स्वर्ण ट्राफी से स्टेलियन होम फैशन के प्रोपराइटर सुनील मिश्रा को सम्मानित किया गया है यह सम्मान सुनील मिश्रा को दोबारा प्राप्त हुआ है सुनील मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए अपनी टीम की मेहनत एवं लगन को कारण बताते हुए यह उपलब्धि मिलना बताया है।

# दुकान के लिये निकला बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

(स्वतंत्र भारत)

महमूदाबाद, सीतापुर। घर से दुकान निकला बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के सरजूपरवा के जाहिद ने बताया कि उसका १४ वर्षीय पुत्र आमिर कारीगरी का काम सीखने प्रतिदिन गोड़ैचा चौराहा जाता था। सोमवार की सुबह वह घर से काम सीखने के लिए गोड़ैचा जाने के लिए निकला किंतु वह दुकान नहीं पहुंचा। देरतक दुकान न पहुंचने पर दुकानदार ने परिजनों को फोन कर आमिर के दुकान न आने की सूचना दी। सूचना के बाद परिजन बालक को रिश्तेदारी के साथ अन्य स्थानों पर खोजते रहे किंतु उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। आखिरकार मंगलवार को परिजनों ने थाने पहुंच आमिर के मुगशुदा होने की तहरीर दी। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है, मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी : क्षत्रपाल सिंह

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय टाउन हाल में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई । बैठक का संचालन जिला सचिव जयसिंह जी ने किया । बैठक में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने संगठन की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों और यूथ के जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि मासिक बैठक नियत समय पर होनी चाहिए,और पीडीए जनपंचायत प्रत्येक विधानसभा में बूथ स्तर के गाँव गाँव में आयोजित कर के उसकी दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा करवाते रहे । जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने कहा है कि हुए उपचुनाव में भाजपा ने पुलिस के दम पर जो वोटों की लूट की,वो सब जनता ने देख लिया,और पुलिस के लोग विपक्ष के पुर्व मंत्री व् पूर्व विधायक से किस तरह की बदतमीजी से बात की वो जिले की जनता ने सोशल मिडिया के माध्यम से सभी ने देखा है,अगर हर चुनाव में ये लोग ऐसा करेंगे तो जनता का विश्वास चुनाव आयोग से उठ जायेगा । अगर जनता का विश्वास किसी संवैधानिक संस्था से डिगा तो




उसके परिणाम अच्छे नहीं होगे। ऐसा लगता है कि भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय है और चुनावी भ्रष्टाचार का ब्रह्मांड विश्वविद्यालय । सबसे ज्यादा फर्जी वोट भाजपा ने बनवाए है। भाजपा के चुनावी हथकंडे अब उजागर हो चले है। भाजपा कुछ लोगो की मिलीभगत से कभी अपने समर्थक फर्जी मतदाताओं का नाम बढ़ा देती है और चुनावी अधिकारियों से साठगांठ कर कभी अपने विरोधियों के नाम मतदाता सूची से गायब कर देती है। भाजपा चुनाव में लगे अपने चुनिंदा अधिकारियों को बाकायदा टारगेट देती है कि कितने फर्जी वोट डालना है। यह आशंका अब सच लगती है कि पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने खिलाफ डाले गये वोट खारिज करवा के और डीएम के दबाव से जीत के सर्टिफिकेट बदला कर दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर भाजपा को जिताने का काम किया गया था। मतदाता सूची में हेराफेरी के मामलों में १८ हजार एफिडेविट चुनाव आयोग को समाजवादी पार्टी ने दिए थे।

आज तक उन पर क्या कार्यवाही हुई पता नहीं चला। आयोग कुंडली मारकर बैठ गया है। कार्यवाही होती तो फर्जी काम नहीं होते। एक बात तो दिन के उजाले की तरह साफ है कि चुनाव आयोग की साख बहुत हद तक जनता की निगाहों मे गिर गई है। हकमारी और मतमारी से भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का षड्यंत्र कर रही है। अब समाजवादी पार्टी इन साजिशों को कामयाब नहीं होने देगी। सन् २०२७ के चुनावों में भाजपा और चुनाव आयोग की सांठगांठ से वोटों की हेराफेरी और जबरन चोरी कतई नही होने पाएगी।

समाजवादी पार्टी पीड़ित, दुखी जनता, किसान, नौजवान, पीडीए के साथ है। भाजपा पीडीए के साथ भेदभाव कर रही है। भाजपा सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी पीडीए को न्याय और सामाजिक न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रही है। प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रश्टाचार है। सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के साथ सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामहेत भारती,वरिष्ठ नेता प्रमोद वर्मा,प्रदेश सचिव शब्बीर खां, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां,कय्यूम कुरैशी, सयुस महासचिव रोबिन सिंह यादव, चंद्रशेखर यादव,रामनिवास मौर्या, विजय वर्मा,राकेश जोशी,कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, खुशीराम पासी,देशदीपक भार्गव, रामप्रकाश यादव, विधानसभा अध्यक्ष रमेशचंद्र शुक्ला, सीताराम यादव,श्याम किशोर पाल,रमेश यादव,पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव मूलचंद्र यादव, मो नादिर,छात्रसभा जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह, राजकिशोर गौतम,यादव, योगेन्द्र तिवारी, सुनील कुमार राठौर, राजकुमार चौरसिया, डा.चन्द्रभाल भार्गव ,रजनीश राठौर ,रियाज़ अंसारी नगर अध्यक्ष, रेहान अहमद,श्रीपाल यादव, राज कुमार,हरी प्रसाद रावत,विजय कुमार मौर्या, अनुज पाल,मनोज भारती,डा. कमल, इन्द्रपाल यादव,अताउल्ला अंसारी,मो यासर,राजेंद्र गौतम, ,जावेद खान,अबुबक खां,विवेक,हसीब खां,कमलेश कुमार, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# झरेखापुर मण्डल में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

(स्वतंत्र भारत)

झरेखापुर (सीतापुर)।विधान सभा हरगांव के झरेखापुर मंडल मे भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व मे बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा झरेखापुर से बड़ेलिया चौराहे पर पहुंची वहां पर मंडल उपाध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओ के लिये जलपान की व्यवस्था की।तिरंगा यात्रा में समापन पर मंडल अध्यक्ष ने कार्यक्रम मे मौजूद सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया और कहा सभी लोग अपने घरों व प्रतिष्ठान पर पंद्रह अगस्त



तक तिरंगा झंडा अवश्य लगायें। इस मौके पर चंद्रभाल कनौजिया, मण्डल महामंत्री अनुज शुक्ला,सुधीर मिश्रा,अंशू दीक्षित,उमेश गुप्ता, शिवकमल सिंह,अजय अवस्थी,अशोक सिंह,रामनन्दन राना,अभय सिंह,योगेश शुक्ला व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आधुनिक शिक्षा में तकनीकी कौशल का समावेश समय की आवश्यकता है-डा. राजीव द्विवेदी

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में एक्सप्लोरिंग आर्टिफीशियल इन्टेलीजेन्स पर कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। महाविद्यालय में महाविद्यालय के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में सी.एस.आर. बाक्स फाउण्डेशन द्वारा एक्सप्लोरिंग आर्टिफीशियल इन्टेलीजेन्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन सी.एस.आर. बाक्स फाउण्डेशन के प्रतिनिधि यश शुक्ला द्वारा किया गया, जिन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सिद्धांत, उसके व्यावहारिक प्रयोग तथा भविष्य में इसके व्यापक संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.




राजीव द्विवेदी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक शिक्षा में तकनीकी कौशल का समावेश समय की आवश्यकता है, और ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगी। कार्यक्रम का समन्वयन कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की सांयोजक श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस कार्यशाला की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं सी.एस.आर. बाक्स फाउण्डेशन के बीच एक एल.ओ.यू० (लेटर ऑफ अण्डर स्टैन्डिंग) पर हस्ताक्षर भी किए गए, जिसके अन्तर्गत सी.एस.आर. बाक्स फाउण्डेशन एवं आई.बी.एम. स्किलसबिल्ड द्वारा संचालित ८५००० ऑनलाइन कोर्सो का फायदा महाविद्यालय के सभी छात्र नि:शुल्क उठा सके। इस कोर्सो को सफलता पूर्वक पूरा करने पर छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती प्रियंका भारती, डा. अनुपमा सिंह, श्रीमती रश्मि संत, डा. रंजीत सिंह, श्री शेखर सिंह, डा. रवींद्र कुमार शर्मा, डा. रजनी गुप्ता, तथा डा. कुँवर जी तिवारी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में लगभग १७५ विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल अवधारणाओं, मशीन लर्निंग, और डेटा एनालिटिक्स के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा इंटरैक्टिव सत्र में अपने प्रश्न भी पूछे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक मनाया जायेगा-जिलाधिकारी

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर । आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण जनपद में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना एवं नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा। हर घर तिरंगा अभियान २०२५ जनपद सीतापुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रथम चरण (२ से ८ अगस्त) में तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाकर पुलिस एवं सेनाओं को भेजा गया, दीवारों एवं बोर्डों की तिरंगा सजावट आदि कार्य कराए गए। द्वितीय चरण (९ से १२ अगस्त) में तिरंगा महोत्सव/मेला/म्यूजिकल कंसर्ट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रैली, तिरंगा वितरण आदि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। तत्क्रम में आज राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर प्रांगण से तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग ७०० छात्र-छात्रायें शामिल हुए। रैली को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता एश्वर्या, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम/स्वत: रोजगार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि ने रैली में



उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तिरंगा रैली राजकीय इण्टर कालेज से लालबाग चौराहा होते हुए, आंख अस्पताल, तरणताल से मुड़कर राजकीय इण्टर कालेज में समाप्त हुई। अपरान्ह १२.०० बजे से विकास भवन सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर, कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर, आर्य कन्या इंटर कालेज, हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कालेज द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। डीएलएड प्रशिक्षु उम्मे ऐमन द्वारा देशभक्ति गीत, आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्रा हर्षिता ने राष्ट्रप्रेम पर कविता एवं राजकीय इंटर कालेज के छात्र अमन भारती ने भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमैयतपुर की कक्षा-७ आशिका जायसवाल और प्रिया ने अपने हाथों से बनाये हुए गिफ्ट प्रदान किये। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य व तिरंगा पट्टी निर्माण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया।अंत में उपायुक्त श्रम/स्वत: रोजगार द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी उपस्थित अधिकारियों का तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक के द्वारा किया गया।

### जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने की नियमित टीकाकरण की समीक्षा

# जीरो डोज बच्चों के टीकाकरण पर दिया गया जोर

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भोजीपुरा में नियमित टीकाकरण की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रशांत रंजन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता जीरो डोज बच्चों को खोजकर टीका लगवाना सुनिश्चित करें और जो परिवार टीका लगवाने से मना कर रहे हैं उन्हें टीका लगवाने के लिए राजी करें। इसके लिए स्थनीय नेतृत्व और धर्मगुरुओं का सहयोग लें। जीरो डोज उन बच्चों को कहा जाता है जिनको जन्म के बाद डिपथीरिया कँटेनिंग वैक्सीन का एक भी टीका न लगा हो यानि एक साल के अंदर पेंटावेलेंट का एक भी टीका न लगा हो।



लोगों को बताएं कि टीके पूरी तरह से सुरक्षित हैं और यह निःशुल्क लगाये जाते हैं। यह 12 जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं । लोगों को बताएं कि पहले जब पोलियो किसी को हो जाता था तो वह दिव्यांग हो जाता था और उसका जीवन खराब हो जाता था। अब पोलियो अपने देश से खत्म हो चुका है। अब इसका कोई मरीज नहीं दिखता। इसलिए टीका लगवाएं और अपने बच्चों को पोलियो, टिटेनस जैसी बीमारियों से बचाएं।

इस बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना और बच्चों को इन जानलेवा बीमारियों से बचाना है।

इसके साथ ही बच्चों के टीकाकरण और रिपोर्टिंग के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस बैठक के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित टीकाकरण के महत्व और इसकी कार्ययोजना के बारे में जागरूक किया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 15 डिप्थेरिया (गला घोंटू) के सन्धिद मामले रिपोर्ट हुए हैं तथा खसरा के 8 मरीज चिन्हित हुए। इस बैठक के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और बच्चों को इन जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकेगा।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश कुमार चौधरी, जनपद प्रतिनिधि डब्ल्यूएचओ डॉ पीवी कौशिक, गावी से शालिनी बिष्ट, यूनिसेफ प्रतिनिधि, सहायक मलेरिया अधिकारी सूरज प्रकाश, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मुकेश कुमार और अन्य समस्त एएनएम एवं डब्ल्यूएचओ फील्ड मानिटर उपस्थित रहे।

# बामसेफ के कददावर नेता रमेश सागर द्वारा संतोष गंगवार स्टाइल में लाल बहादुर गंगवार को किया माफ

### राजनीतिक पार्टियों को लेकर टीचरों में मतभेद, एफआईआर तक पहुंची नौबत

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बेसिक शिक्षा में प्रधान अध्यापक और वरिष्ठ अध्यापक के बीच व्हाट्सएप पर शुरु हुआ विवाद बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली के साथ रमेश सागर। आज सुबह थाने तक पहुंच गया। वरिष्ठ अध्यापक ने आरोप लगाया है कि प्रधान अध्यापक ने टीचरों के ग्रुप पर डा. भीमराव अंबेडकर और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफअभद्र टिप्पणी की है। जिसका विरोध करने पर उन्हे जान से मारने की धमकी दी गई है।बेसिक शिक्षा परिषद का कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल हमेशा चर्चा में रहता है। यहां बच्चों को नित नये ढंग से शिक्षा दी जाती है। नए नए प्रयोग भी होते हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर भी यहां अक्सर निरीक्षण को पहुंचते रहते हैं। इस जूनियर हाईस्कूल की कमान प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार के पास है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त लाल बहादुर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के करीब माने जाते हैं।



सामाजिक कार्यक्रमों में लाल बहादुर अक्सर भाजपा नेताओं के सात साथ देखे जाते हैं।

इस जूनियर हाईस्कूल में बामसेफ के जिला संयोजक रहे रमेश सागर वरिष्ठअध्यापक हैं। रमेश सागर का जुड़ाव बहुजन समाज पार्टी से है। वो हाल ही में बसपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुनकाद अली से मिले थे, जिसकी फोटो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारियों की भी चर्चा की है। अब लाल बहादुर गंगवार और रमेश सागर में टकराव हो गया है। रमेश आज लाल बहादुर के खिलाफ एफआईआर के लिए तहरीर लेकर सीबी गंज थाने पहुंच गए। रमेश सागर ने अपने ही स्कूल के प्रधान अध्यापक लाल बहादुर गंगवार पर टीचरों केव्हाट्सएप ग्रुप पर डा. अम्बेडकर और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रधान अध्यापक टिप्णी करने के बाद ग्रुप से लेफ्ट हो गए। इसका विरोध करने पर प्रधान अध्यापक ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए उन्हे जान से मारने की धमकी है। इसी को लेकर आज सुबह वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर सीबीगंज थाने पहुंच गए। उन्होने लाल बहादुर गंगवार के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वहीं प्रधान अध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने बताया कि रमेश सागर बिना छुट्टी लिए एक दिन स्कूल नहीं आना चाहते थे। वह कहीं बाहर जाने की बात कर रहे थे। इस तरह से छुट्टी न देने पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए गए है। अगर उसका कोई भी प्रमाण मिलता है, तो मैं आज ही अपनी ड्यूटी से त्याग पत्र देने की बात कहीं है। तहरीर के साथ साथ रमेश सागर ने व्हाट्स अप के तमाम ग्रुप पर पोस्ट करके लाल बहादुर गंगवार पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया।

एफआईआर हेतु जब थाना प्रभारी सीबीगंज ने तहरीर मांगी तो उन्होंने मुकदमा लिखाने से इंकार कर दिया। और प्रधानाध्यापक द्वारा माफी मांगने पर मामला समाप्त कर दिया जायेगा। जब पुलिस और संभ्रात नागरिक, वरिष्ठजनों व ग्रामीणों के कहने पर प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने गलती स्वीकार की और माफी मांगी तभी बीएसपी बामसेफ के कददाबर नेता रमेश सागर पिघल गये और संतोष गंगवार स्टाइल में लाल बहादुर गंगवार को माफ कर दिया तथा कहा श्री लाल बहादुर गंगवार मेरे पहले भी बड़े भाई थे, और भी और आगे भी रहेंगे जिससे उपस्थित जनों के सम्मुख श्री लाल बहादुर शर्मसार हो गए।

# स्व. सतपाल मलिक को राजकीय सम्मान न देने पर जाट समाज में आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जाट महासभा समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह मलिक के नेतृत्व में समाज के लोगो ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को दिया।अध्यक्ष राजेश कुमार मलिक ने कहा कि जाट महासभा बरेली और जाट समाज में आक्रोश है क्योंकि कई राज्यों में रह चुके राज्यपाल पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सतपाल मलिक के निधन पर राजकीय सम्मान न दिए जाने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय मलिक ने अपने जीवनकाल में देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, ऐसे में उन्हें राजकीय सम्मान मिलना चाहिए था। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह निर्णय जाट समाज के सम्मान के



विपरीत है और इससे अपमान की भावना उत्पन्न हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस विषय पर पुनर्विचार कर स्वर्गीय सतपाल मलिक को उनके योगदान और सामाजिक प्रतिष्ठा के अनुरूप राजकीय सम्मान प्रदान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह पवार, विपिन सिंह,, चौधरी मृगेंद्र सिंह एडवोकेट, विपिन चौधरी, ललित सिंह, प्रेमवीर सिंह, वेद चौधरी प्रदीप सिंह, सामोद चौधरी, जेडी चौधरी, रामजी लाल पुष्पराज सिंह, विकास चौधरी विशाल चौधरी शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** कस्बा क्षेत्र में आज सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर निकाली तिरंगा यात्रा। भारत माता की जय के लगे जोरदार जयकारे।

देश भक्ति की अलख जागते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर सैकड़ो की तादात में हाथों में झंडा लिए भारत माता की जय के जयकारे लगाते हुए यात्रा उदयपुर पुलिया से आरंभ होकर ग्राम पड़ोली प्रीति फिलिंग स्टेशन पर यात्रा का समापन हुआ।

इस यात्रा में आंवला के भाजपा जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। बल्कि किस तरह हिंदुस्तान की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत विरोधियों पर अपना परचम लहराया ,इसकी जानकारी कार्यकर्ता व समस्त ग्रामीण को दी।

इधर भाजपा भुता मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद गंगवार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। देश की शान 15 अगस्त के दिन हर घर पर तिरंगा झंडा लगाकर एकजुट होकर एकता की मिशाल दिखाने की अपील की। तिरंगा यात्रा में किसी भी कार्यकर्ता को सुरक्षा हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार मौके पर उपस्थित रहकर यातायात व तिरंगा यात्रा के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी। तिरंगा यात्रा में गया प्रसाद गंगवार, टीआर गंगवार, रेशम सिंह ढिल्लों, आदेश प्रताप सिंह, निशांत सिन्हा,ओमवीर गुर्जर, राजू उपाध्याय, इमरान रजा, दीपक चौहान, महेंद्र गंगवार, मोहन स्वरूप गंगवार, रामेश्वर प्रसाद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा निकली भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा भारत माता के जयकारों के साथ।





**फतेहगंज पूर्वी।** मंगलवार को नगर में मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, सोमदत्त पाल मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राजू उपाध्याय , अनिल प्रताप राणा, रामेश्वर प्रसाद ,चेयरमैन संजय पाठक ने झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा व नगर वासियों के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ।भारत माता के जय के नारे के साथ वंदे मातरम के जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर के स्टेशन रोड से होते हुए सब्जी मंडी रोड, मोहल्ला साहूकारा,उत्तम गंज पश्चिमी,पूर्वी मुगलान पूर्वी, बाजार जनूवी, होते हुए पुनः स्टेशन रोड पर जाकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का आयोजन मनदीप मिश्रा , शंकर मौर्य, मयंक त्रिवेदी, हंस देव शर्मा, प्रमोद राठौर , ऋषभ मिश्रा, शशांक अग्रवाल, हर्षित गुप्ता द्वारा किया गया।तिरंगा यात्रा में,पंकज अग्रवाल, पवन राज मिश्रा,अतुल मिश्रा, बब्लू सक्सेना , गया सिंह, महेश राठौर, रवि प्रकाश मिश्रा, रामू सिंह, रामगोपाल यादव,अंकुश गौड़, संजीव गुप्ता, अबधेश शर्मा, उमेश पंडित सहित सैकड़ों की संख्या में देश भक्त मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू क्लेश में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, जिला अस्पताल में भर्ती

**बरेली।** थाना कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर सिविल लाइंस जीजीआईसी रोड निवासी ने मंगलवार को पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय प्रीति मौर्य पत्नी हिरदेश मौर्य का सुबह पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जाता है कि हिरदेश मौर्य शराब के नशे में अक्सर प्रीति से झगड़ा करता है और कोई काम नहीं करता है और शराब पीने के लिए पैसे मांगता था। प्रीति प्राइवेट नौकरी करके घर का खर्च चलाती थी, जिससे वह परेशान रहती थी। मंगलवार को हुए विवाद के बाद प्रीति ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के समय घर पर मौजूद बड़े बेटे आर्यन मौर्य ने मां को बेहोश हालत में देखा। उसने तुरंत अपनी बुआ को सूचना दी। बुआ और आर्यन ने मिलकर प्रीति को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया प्रीति का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि प्रीति और उसके पति के बीच पिछले कई दिनों से तनाव चल रहा था, जो इस घटना की वजह बना।

### कलश यात्रा के बाद श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**फतेहगंज पूर्वी।** मंगलवार को लेखपाल कॉलोनी के शिव मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ महिलाओं द्वारा बहगुल नदी से कलशों में जल भरकर यात्रा निकालने के बाद किया गया।कथावाचक पण्डित राजेंद्र शास्त्री ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक सुनाई जाएगी।कथा का समापन 18 तारीख को होगा।19 तारीख हवन यज्ञ की आहुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि प्रतिदिन कथा सुनने को मंदिर में आये।

### धर्म रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया

**फरीदपुर।** उमा शिशु शिक्षा सदन मोहल्ला बक्सरिया में धर्म जागरण समन्वय द्वारा धर्म रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। आंवला जिला प्रशासनिक संपर्क प्रमुख अमित कुमार सिंह तोमर ने धर्म रक्षाबंधन उत्सव पर जानकारी देकर संकल्प को दोहराते हुए कहा कि अपनी परम्परा एवं त्योहारों को मानते हुए अपने धर्म पर अडिग रहूंगा। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं उनके आए हुए अभिभावक बंधु उपस्थित रहे। उत्सव में धर्म जागरण के पितांबरपुर नगर संयोजक एवं प्रधानाचार्य नरेश पाल सिंह ने विचार व्यक्त किए। उत्सव में अध्यापक त्रिपुरारी लाल, शिवानी वर्मा, छात्र छात्राओं में पीयू सिंह, नैना सिंह, अनन्या, वंश चौहान, शिवम सिंह, राघव सिंह, शिवांश सिंह, नितिन सिंह, प्रिया सिंह, सूर्यांश सिंह आदि छात्र छात्राओं, अभिभावकों एवं दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने उत्सव में भाग लेकर संकल्प लिया।

### इनर व्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ ने प्रतियोगिता आयोजित की

**बरेली।** इनर व्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ का एक वात्सल्य सेवा संस्थान में कार्यक्रम हुआ जिसमें क्लब के 20-25 मेंबर की उपस्थिति रही। वात्सल्य सेवा संस्थान में ऑटिज्म चाइल्ड की देखभाल वह शिक्षा का कार्य होता है। इसी क्रम में आज इनर व्हील क्लब का बरेली साउथ की अध्यक्ष प्रीती जिंदल ने बताया कि आज हमारे क्लब के काफी सदस्यों ने इन बच्चों के साथ दो-तीन घंटे का समय बिताया जिसमें इन बच्चों से पेंटिंग, आर्ट कराई गई और नृत्य प्रतियोगिताएं और खेलकूद कराया गया उसके पश्चात बच्चों को सदस्यों ने स्वयं फल खाने की चीज, चाकलेट आदि का वितरण किया और उनके साथ समय बिताया। उन्होंने संस्थान प्रिंसिपल चेतन सक्सेना को धन्यवाद दिया कि उन्होंने इन बच्चों के साथ समय बिताने का हमें अवसर दिया। इस प्रोग्राम में क्लब अध्यक्ष प्रीती जिंदल पीडीसी रेनू अग्रवाल, सचि, मनीष पांडे, सारिका अग्रवाल, नीना टंडन, सुचित्रा खंडेलवाल, रति गुप्ता, अनीता अग्रवाल रंजना ठाकुर, प्रीति अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, इंदु सेठी, मन्नो बिग, अर्चना मलिक, मनीष मेहरा, निधि अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, प्रीति खनीजो आदि का सहयोग रहा।

### गन हाउस से इनवर्टर की बैटरी चोरी, चौकीदार हिरासत में

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र की जंक्शन पुलिस चौकी अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित नरायन गन हाउस से अज्ञात चोर इनवर्टर की बैटरी चोरी कर ले गए। यह दुकान मालिक गुरप्रीत रिखी की है, जो कचहरी के पास स्थित है। घटना की सूचना पाकर गुरप्रीत रिखी ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने चौकीदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन जारी है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# फर्जी डी.फार्मा प्रमाणपत्र घोटाला: पीड़ित छात्रों ने आरोपी की संपत्ति नीलाम कर रुपए वापस कराने की मांग की

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** खुसरो कॉलेज से जुड़े फर्जी डी.फार्मा प्रमाणपत्र घोटाले में पीड़ित छात्रों ने जिला अधिकारी से आरोपी स्कूल मालिक शेर अली जाफरी की संपत्ति शीघ्र नीलाम कराने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि एसआईटी जांच में दोषी पाए जाने के बाद जाफरी जेल में है, लेकिन उसकी चिह्नित संपत्ति जब्त व नीलामी की कार्रवाई अब तक पूरी नहीं हो पाई है, जिससे पीड़ितों को उनका पैसा नहीं मिल सका है।

मंगलवार को डीएम कार्यालय में शिकायत पत्र देकर छात्रों ने कहा कि होली से पूर्व समाचार पत्रों में खबरें आई थीं कि प्रशासन ने जाफरी की संपत्ति चिह्नित कर ली है और आदेश के बाद उसे जब्त किया जाएगा। उस समय एसएसपी ने भी आश्वासन दिया था कि संपत्ति जब्त होने पर छात्रों को लाभ मिलेगा। मगर, इतने



समय बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

छात्रों ने बताया कि घोटाले से उनका भविष्य अंधकार में है। कई छात्र आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं और कुछ कठिन पारिवारिक परिस्थितियों में जी रहे हैं। कार्रवाई में देरी से उनकी शिक्षा और करियर पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने जिला अधिकारी से अपील की कि दोषी की संपत्ति नीलाम कर उससे प्राप्त धन पीड़ितों में वितरित किया जाए। छात्रों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन पर सभी पीड़ित छात्रों और लाभार्थियों के हस्ताक्षर हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है और जल्द निर्णय लिया जा सकता है।शिकायत देने वालों में जुनैद, मो. यूसुफ, जफर हुसैन, दीपक कुमार, महेश राठौर, विनोद वर्मा, सोनू गंगवार आदि मौजूद रहे।

# भारत सेवक समाज का ७४वां स्थापना दिवस संपन्न

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारत सेवक समाज जिला एवं महानगर बरेली के तत्वाधान में भारत सेवक समाज का 74वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। प्रात 10:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं रामधुन( रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम) का गायन भी किया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आईडी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी की चौकी चौराहा स्थित गांधी पार्क में स्थित प्रतिमा का माल्यार्पण किया तथा अन्य सदस्यों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारत सेवक समाज के बरेली मंडल के अध्यक्ष सुबोध जौहरी एड ने बताया कि केंद्रीय योजना आयोग भारत सरकार की संस्तुति पर भारत सेवक समाज की स्थापना की गई थी। संस्थापक एवं देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा का



माल्यार्पण किया गया भारत सेवक समाज के बरेली मंडल के अध्यक्ष सुबोध जौहरी एडवोकेट ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि 12 अगस्त 1952 को केंद्रीय भारत केंद्रीय योजना आयोग की संस्तुति पर भारत सेवक समाज की स्थापना हुई थी जिसमें देश की एकता अखंडता, पर्यावरण संरक्षण, सांप्रदायिक सौहार्द, निर्बल वर्ग के लोगों में महिलाओं के उत्थान, व मध्य निषेध को प्रमुख कार्यक्रम बनाया गया था आज भी हमारे देश में इन कार्यक्रमों की उतनी ही आवश्यकता है जितनी पहले थी हम लोग लगातार प्रयास रहते हैं जिला भारत सेवक समाज बरेली के चेयरमैन कृष्ण स्वरूप सक्सेना ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी और कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि भारत सेवक समाज के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भरसक प्रयास करें तथा समाज को नई दिशा दे। सभा में सुरेश यादव, बृजरानी सक्सेना,अनिल अग्रवाल, जिला इको क्लब प्रभारी मोहम्मद कासिम,आशिया अली, आई डी उपाध्याय आदि ने विचार प्रकट किए। इंस्पेक्टर कोतवाली व चौकी इंचार्ज चौकी चौराहा ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर सतनाम सिंह,अमित ,मोहम्मद शकील भी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों की लापरवाही से गोवंश की तड़प-तड़प कर मौत



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंजेवाली जारत पर एक गोवंश को अज्ञात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जो बीच रोड पर काफी समय तक पड़ा रहा सूचना होने पर फरीदपुर निवासी शैलेश सिंह मौके पर पहुंचे और संबंधित गौ रक्षक विकास सिंह एवं सत्यम गौड को इसकी सूचना दी और पशु चिकित्सा अधिकारी से भी संपर्क किया पशु चिकित्सा अधिकारी ने दवा इंजेक्शन देकर गोवंश को कहीं भी भर्ती कराने से इनकार कर दिया एसडीम के व्हाट्सएप पर सूचना दी गई मगर कोई निर्णय नहीं लिया गया गौ रक्षक विकास सिंह का कहना है कि उनके नंबर अधिकारियों ने ब्लैक लिस्ट में डाल दिए हैं मेनका गांधी ट्रस्ट के चौबारी से इंतजाम किया गया जब तक गाड़ी आई तब तक गोवंश की मौत हो गई है गौ रक्षक विकास सिंह एवं शैलेश सिंह ने नगर पालिका एवं पुलिस अधिकारी से संपर्क कर जेबीसी से गड्ढा खोदकर गोवंश को दफना दिया गया।

# छुट्टा पशु फसलों को कर रहे नष्ट, किसानों में आक्रोश

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आवारा पशु गाय के लिए जगह जगह गौशाला बनवा रहे है लेकिल बरेली जिला में छुट्टा पशु गाय किसानों की फसलों को नष्ट कर रही है दर्जनों गांव के लोग जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे दो से तीन सो गाय जो फसलों को खराब कर रही है उनको पकड़वा कर गौशाला में भेजने की मांग की है।

थाना भमोरा क्षेत्र के गांव खैवराजपुर दलीपुर व कीरतपुर इफ्को, तहसील ऑवला गांव वाले आवारा पशुओं से बहुत परेशान है उनकी फसल को नष्ट कर रहे हैं आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग करते हुए गांव वालो ने जिला अधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया । गांव वालों ने बताया छुट्टा देशी गाय जो फसलों को बर्बाद कर रही है उनको बाहर खेतों से भगाते हैं तो वो हिंसक होकर हम लोगों पर हमला कर देती है पूर्व में भी कई लोग घायल हो चुके हैं गांव-गांव गौशाला का निर्माण कर दिया परंतु उसे आदेश का कोई पालन नहीं कर रहा है जो कि छुट्टा गाय को गौशाला में रखा जाए किसानों की फासले नष्ट होने के कारण किसान भुखमरी के रास्ते पर आ गए हैं यदि ऐसा चलता रहा तो किसान परिवार सहित आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाएगा , 25 जुलाई को जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया था उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हैं आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजा जाए जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित कर सके। शिकायत करने बालों में प्रवेश यादव, योगेश सिंग , हरप्रसाद सिंह, महावीर, राजेश्वर, श्रीपाल, सुरेन्द्र, नत्थू सिंह, रामवीर बाबू राम लोधी आदि मौजूद रहे।

# प्रान्तीय उद्योग व्यापार मण्डल समिति ने किया अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भारत पर दवाब बनाने की नीति के विरोध में प्रान्तीय उद्योग व्यापार मण्डल समिति रजि बरेली द्वारा अमेरिकी उत्पादों को त्याग कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने हेतु जनजागरण और व्यापारियों को जागरूक करने के लिए साहूकारा से कुतुबखाना तक पद यात्रा निकाली। पदयात्रा का संचालन अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री सुदेश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री व प्रदेश व्यापारी सुरक्षा बोर्ड के सदस्य पवन अरोड़ा, मीडिया प्रभारी पंकज रोहतगी,राज कमल भसीन, भवानी दत्त जोशी, दुर्गेश गुप्ता,नीलेश अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, दिनेश वर्मा, अशोक गुप्ता ,तनुज अग्रवाल व अन्य की उपस्थिति से हुआ



पदयात्रा के माध्यम मार्ग में लोगों से अमरीकी उत्पादों को त्यागकर स्वादेशी उत्पादों का प्रयोग करने की अपील की गई पदयात्रा में ट्रम्प विरोधी नारे ट्रम्प की नई चाल नहीं सहेंगे भारत के लाल अब तो हमने ठाना हैअमरीकी उत्पादों को भारत से भगाना है, अमरीकी उत्पाद त्याग दो स्वदेशी उत्पादों को अपनाओ, के साथ साथ विभिन्न अमरीकी उत्पादों के नाम लिखे होडिंग के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया।

# तेज रफ्तार स्कूल वैन बाइक से टकराकर पलटी, सभी बच्चे घायल

## 22 बच्चे थे सवार, 3 की हालत नाजुक

स्वतंत्र भारत

**भरखनी।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में सेढामऊ के निकट मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कूल वैन बाइक से टकराने के बाद पलट गई। जिससे वैन में सवार सभी बच्चों को चोट आई, जिनमें तीन बच्चों की हालत नाजुक है। जिन्हें फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वैन में कुल 22 बच्चे सवार थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह दक्ष इंटरनेशनल स्कूल अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर की मिनी वैन बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, जैसे ही वैन सेढामऊ गांव के निकट गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास के नीचे पहुंची, सामने से आ रही बाइक को तेज रफ्तार वैन ने टक्कर मार दी, और सड़क पर पलट गई। दुर्घटना इतनी भीषण



थी कि वैन में सवार सभी 22 बच्चे चोटिल हो गए, और सड़क पर खून बिखर गया, वैन चालक को भी मामूली चोटें आईं। बच्चों में शिवांश पुत्र विकेश सिंह, यश प्रताप सिंह पुत्र नवनीत सिंह, केशव पुत्र शक्ति सिंह निवासी घसे व ग्राम गिरधरपुर की हालत नाजुक बताई गई है। तीनों बच्चों को परिजनों ने फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं चोटिल बाइक चालक फरमान निवासी जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को भी चोटें आईं हैं प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक बाइक सवार काफी दूर तक घिसटते चला गया। फरमान बाइक पर फेरी लगाने का काम करता है। पूरे मामले में स्कूल बैन चालक की लापरवाही और ओवर स्पीड का होना बताया गया है।

# लापरवाह आशाबहू एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की तय होगी जबाबदेही

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक में कहा कि आँगनबाड़ी केंद्रों पर नवाचारों को बढ़ावा दिया जाये। उपस्थिति की निगरानी के लिए रुचिकर व्यवस्था बनायी जाये। पोषण ट्रैकर ऐप पर आधार व मोबाइल लिंकिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जाये। कुछ आँगनबाड़ी केंद्रों पर होम्योपैथिक विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी मेडिकल किट के परिणामों का आंकलन किया जाये। ई कवच पोर्टल पर फीडिंग की प्रगति बढ़ाई जाये। लापरवाह आशाओं व आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों की जवाबदेही तय की जाये। सभी आँगनबाड़ी केंद्रों पर नल से जल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मातृवंदन योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की सूची रखी जाये। सूची व पात्रता के आधार पर महिला व बच्चे के लिए शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। जिन केंद्रों पर नवाचार के अंतर्गत फल वितरण कराया जा रहा है वहाँ वितरण समय से सुनिश्चित कराया जाये।

# शाहाबाद व सांडी में स्थापित होगा पुस्तकालय

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में नगर निकायों व डूडा की समीक्षा बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि 15वें वित्त के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार नगर निकायों में विकास कार्य कराये जाएं। नगर निकायों में पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। वाटर टैंकरों की आवश्यकतानुसार खरीद की जाये। ई रिक्शा की पर्याप्त संख्या में खरीद करायी जाये। निकायों में वेंडिंग जोन बनाये जाएं। सांडी व शाहाबाद नगर निकाय में आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना करायी जाये। बिलग्राम नगर पालिका में दुकाने बनवायी जाये। बाबा मंशानाथ मंदिर का द्वार बनवाया जाये। मल्लावां में वेंडिंग जोन बनवाया जाये। शाहाबाद नगर निकाय में विद्यालयों में सुविधाओं के उच्चीकरण के लिए कार्य किया जाये।

# जनसुनवाई में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की शिकायतों को सुना। जन सुनवाई के दौरान कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। पात्रों का वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन हेतु पंजीकरण कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज 01 बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बना। इस प्रकार जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान अब तक 237 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण व पैमाइश के प्रकरणों



में देरी न की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रखें। प्रभावित लोगों को यथा संभव सहायता पहुँचायी जाये। एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका के दो बच्चों को बाल सेवा योजना से आच्छादित कराया गया। उनको इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाने की कार्रवाई प्रारम्भ करायी गयी। काशीराम कॉलोनी में रहने वाली दो बहने इल्मा व इसरा आज जिलाधिकारी से बताया कि उनके माता व पिता दोनों का देहांत हो चुका है। उनका कोई संरक्षक भी नही है। जिलाधिकारी ने प्रोबेशन विभाग को एक विधिक संरक्षक बनाते हुए दोनों बच्चियों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराने के निर्देश दिए।

# बेसिक शिक्षा विभाग भरखनी की तिरंगा यात्रा संपन्न

स्वतंत्र भारत

**भरखनी।** तहसील सवायजपुर से बेसिक शिक्षा विभाग भरखनी द्वारा तिरंगा रैली का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, प्रदेश अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख संघ उत्तर प्रदेश एवं मयंक कुंडू, उप जिलाधिकारी सवायजपुर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।



रैली का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी भरखनी, डॉ. सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। रैली में विकासखंड भरखनी के समस्त परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बड़े उत्साह और जोश के साथ शामिल हुए। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा ध्वज थामे, देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ पूरे मार्ग में वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। रैली का मार्ग तहसील प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए संपन्न हुआ। मार्ग में स्थान-स्थान पर स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों एवं व्यापारी वर्ग ने रैली का स्वागत कर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और बलिदान का प्रतीक है, तथा हमें इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया, कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

# बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत

## पत्नी और बच्चे का इलाज जारी

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा मजरा इटारा निवासी युवक की सड़क हादसे में घायल होकर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर पिहानी पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। मृतक के पिता श्रीराम के अनुसार उसका पुत्र रनवीर 9 अगस्त की शाम को अपनी बाइक संख्या यूपी 30 ए एस 2790 से अपनी पत्नी रूबी देवी, पुत्रियां सलोनी और इंडिया के साथ घर से ससुराल जटपुरा जा रहा था। पिहानी सल्लिया संपर्क मार्ग पर महुआहार के निकट अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सभी घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पिहानी ले जाया गया। जहां उसके पुत्र, बहू और पोती सलोनी को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसके पुत्र रनवीर की मृत्यु हो गई। मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर पिहानी पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# बच्चों को दी जाये गुड टच, बैड टच की जानकारी

## निपुण भारत के सम्बन्ध में बैठक

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में निपुण भारत की बैठक मे कहा कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने अधीन विद्यालयों में बच्चों को गुड टच व बैड टच की जानकारी दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बावन विकास खण्ड खण्ड से इसकी शुरुआत करते हुए सभी 245 विद्यालयों में 21 अगस्त को इसकी जानकारी देने को कहा तथा अन्य विद्यालयों व आँगनबाड़ी केंद्रों को भी इसका अनुसरण करने के निर्देश दिए। बच्चे व बच्चियों को किशोरावस्था में होने वाले बदलावों को लेकर भी शिक्षित किया जाये। 14 नवम्बर को बाल दिवस के कार्यक्रम में जनपद के सभी विद्यालयों में बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया जाये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में सोलर पैनलों की स्थापना सुनिश्चित की जाए। मेस में डाइनिंग टेबल की व्यवस्था की जाए। परिषदीय विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत का कार्य जल्द कर करा लिया जाए। स्कूलों में मैचबॉक्स के प्रयोग से उपस्थिति की निगरानी की जाये। अच्छी उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाये। स्कूलों




में वाटरप्रूफ पेंट का प्रयोग किया जाये ताकि दीवारों की सुंदरता लम्बे समय तक बनी रहे। स्कूलों को सुन्दर व आकर्षक बनाया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृद्ध को टक्कर मारकर घायल करने वाले कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के बजरिया पाली रोड पर 10 अगस्त की शाम को एक वृद्ध साइकिल सवार को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल की बहू की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता सीमा पत्नी शैलेंद्र निवासी बजरिया के अनुसार बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा धीरा निवासी उसके ससुर छोटेलाल 10 अगस्त की शाम 5 बजे साइकिल से कस्बे के पाली बजरिया मार्ग पर कार संख्या यूपी 30 ए एम 3330 के चालक ने तेज रफ्तार में उसके ससुर की साइकिल में टक्कर मार दी। 108 एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल इलाज के लिए रेफर किया गया। वहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# दो विवाहिताएं प्रेमी संग फरार

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** बघौली थाना क्षेत्र के अलग अलग गावों से दो विवाहिताएं अपने प्रेमी के साथ बच्चों को छोड़कर फरार हो गईं। दोनों विवाहिताएं अपने अपने घरों से जेवर और नगदी भी साथ ले गई हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की

है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पति के अनुसार 15 मई को उसकी पत्नी को थाना क्षेत्र के ग्राम करीमनगर निवासी राजेंद्र बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसको पत्नी दोनों बच्चों को घर पर छोड़कर घर में रखे सारे जेवर और दस हजार रुपए अपने साथ लेकर गई है। उसे भगाने में उसके ससुर छोटेलाल और साले गुड्डू का पूरा हाथ है। थाना क्षेत्र के दूसरे गांव निवासी पीड़ित पति के अनुसार उसकी 21 वर्षीय पत्नी 26 जुलाई की रात 9 बजे शौच के लिए घर से गई थी लेकिन वह वापस लौट कर नहीं आई। काफी तलाश करने पर पता चला उसकी पत्नी को थाना क्षेत्र के ग्राम बह्मना खेड़ा निवासी अंकित पुत्र तोताराम उसे बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसकी पत्नी घर से तीस हजार रूपए नगद और सारा जेवर अपने साथ लेकर गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिताओं की तलाश शुरू कर दी है।

# जोश के साथ निकाली गई विशाल बाइक तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद, हरदोई।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र मे विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ककरघटा डिग्री कॉलेज से आरंभ होकर ब्लॉक होते हुए आगमपुर तिराहा तक निकाली गई, वहां से बापस आकर तिरंगा यात्रा का समापन ब्लॉक परिसर में हुआ। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्प अर्पित कर श्रदांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री इंजीनियर ओम वर्मा रहे। जिन्होंने तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, केन ग्रोवर्स सोसायटी के चेयरमैन रंजीत सिंह और जिला



पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत ने नेतृत्व की भूमिका निभाई। तिरंगा यात्रा में मण्डल के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष अनुज राजपूत, मंडल महामंत्री हरीओम कुशवाहा, सेक्टर संयोजक अरविंद पाण्डेय, उदय प्रताप सिंह, अभय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, देवराज सिंह अन्य समाजसेवी, पार्टी कार्यकर्ता एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। चारों ओर श्भारत माता की जयश् और श्वंदे मातरम्श् के जयघोष गूंजते रहे, जिससे माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। स्थानीय प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक-चैबंद इंतजाम किए थे। यह तिरंगा यात्रा युवाओं में देशप्रेम की भावना जगाने के लिए निकाली गई।

# छात्रा ने कमरे में लगाई फांसी, मौत

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कछौना ब्लॉक के बघौली थाना क्षेत्र में ग्राम सेमरा खुर्द में एक छात्रा ने मंगलवार की सुबह कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। छात्रा का विवाह तय था आत्महत्या से पूर्व रात में उसने होने वाले पति और उसकी मां से बात की थी।

प्राप्त विवरण में गांव निवासी मनोहर की 19 वर्षीय पुत्र रोशनी एक स्कूल की छात्रा थी। उसका विवाह पड़ोस गांव भीरी घाट निवासी रवि के साथ तय हो चुका था। युवती ने आत्महत्या से पूर्व देर शाम को अपने होने वाले पति और उसकी मां से आखिरी बार बात की थी। उसके बाद किसी से कोई बात नहीं की। मंगलवार को सुबह करीब 4.30 बजे उसने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने कमरे में उसका शव लटकता पाया तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बघौली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश मिश्रा ने घटना स्थल पहुंचकर युवती के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया घटना के हर पहलू की गहनता से जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# 27 से होने वाले शाहाबाद गणेश महोत्सव के निमंत्रण पत्र का विमोचन

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद हरदोई।** चैक राम वाटिका में श्री गणेश महोत्सव की कार्यक्रम व निमंत्रण पत्रिका का विमोचन श्री गणेश जी उत्सव मंडल के सदस्य दीपक वर्मा के मोहल्ला चैक स्थित आवास पर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र रस्तोगी व महामंत्री विश्वनाथ बाजपेई द्वारा सभी सदस्यों के साथ किया गया।

इस अवसर पर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र रस्तोगी ने बताया कि इस बार 14वां पांच दिवसीय कार्यक्रम 27 अगस्त 25 को गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापना से आरम्भ हो कर 31 अगस्त 25 को भव्य शोभा यात्रा निकलकर पिपरिया घाट पर मूर्ति विसर्जन तक चलेगा। प्रतिदिन 9रू00 बजे सुबह एवं शाम को पूजन व महाआरती काशी तथा नैमिशाषारण्य के ब्राह्मणों द्वारा कराया जाएगा। महामंत्री विश्वनाथ बाजपेई ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी कार्यक्रमों का विधिवत व भव्य आयोजन करने का बेड़ा श्री गणेश जी उत्सव मंडल ने उठाया है। उन्होंने सभी नगर वासियों से अधिक से



अधिक संख्या में पधार कर गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत अनिल राजे मराठा ने पिछले वर्षों के सफल आयोजन के लिए अपने सभी साथियों व सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने सभी से इस वर्ष भी अधिक से अधिक सहयोग करके इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। प्रेम इंडस्ट्रीज मोहल्ला चैक के प्रोपराइटर विनीत रस्तोगी के प्रमुख सहयोग से आयोजित हो रहे इस वर्ष के कार्यक्रम की वार्ता में रमन गुप्ता, दीपक वर्मा, पंकज गुप्ता, वैभव मिश्रा, रमेश मराठा, रमेश गायकवाड़ तथा सार्थक रस्तोगी आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# शराब के लती मजदूर ने लगाई फांसी, मौत

**हरदोई।** कछौना थाना क्षेत्र के ग्राम रेसों निवासी मजदूरी करने वाले शराब के लती युवक ने सोमवार की रात गांव के बाहर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। ग्राम रैसों निवासी गौरीशंकर का 32 वर्षीय पुत्र राकेश संडीला औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों के अनुसार वह शराब पीने के आदी था। सोमवार की दोपहर वह खाना खाकर चैराहे की तरफ गया था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। देर रात परिजनों ने उसका शव गांव के बाहर आम के पेड़ पर लटकता पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को किया बरामद

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र से करीब सात माह पूर्व बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी के मामले में पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 13 जनवरी को वादी द्वारा थाना अरवल पर तहरीर दी गयी कि श्याम सुंदर उर्फ श्याम पुत्र पप्पू निवासी ग्राम महोली गिर्राज धाम कालोनी थाना हाईवे जनपद मथुरा व एक अन्य द्वारा उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना अरवल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की थी। थाना अरवल के उपनिरीक्षक संतोष कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये श्यामसुंदर उर्फ श्याम पुत्र पप्पू निवासी ग्राम महोली गिर्राज धाम कालोनी थाना हाईवे जनपद मथुरा को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

# केंद्रीय विद्यालय में मेगा टैंकरिंग डे का आयोजन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जिन विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हैं। वहाँ इस महत्वपूर्ण दिवस पर, छात्रों ने नवाचार और रचनात्मकता की भावना को उजागर करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के साथ-साथ, जूनियर विद्यालय ओदरा पचलाई और कंपोजिट विद्यालय बीकापुर के छात्रों ने भी इसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान, सभी प्रतिभागी वर्चुअल माध्यम से नीति आयोग से जुड़े रहे। वहां से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए, छात्रों ने स्वयं नवाचार करने का अनुभव लिया। वैज्ञानिक सोच, समस्या-समाधान कौशल और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। मेगा टैंकरिंग डे ने न केवल




उन्होंने अपनी कल्पनाशीलता और तकनीकी ज्ञान का उपयोग करके नए मॉडल और समाधान प्रस्तुत किए। यह आयोजन छात्रों में छात्रों को तकनीकी दुनिया से परिचित कराया, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मछली पकड़ने गया युवक तेज बहाव में बहा

## पुलिस ने रेक्यू कर गंदे नाले से बरामद किया शव

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** हरियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम नया गांव नवाब निवासी युवक सोमवार की शाम मछली पकड़ने के लिए जाल लगाते समय पानी में गिर गया और तेज बहाव में बह गया। मंगलवार को पुलिस के रेक्यू आप्रेशन में युवक का शव पड़ोस के गंदे नाले से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। प्राप्त विवरण में गांव निवासी राम स्वरूप का 29 वर्षीय पुत्र राकेश सोमवार की शाम गांव के एक साथी के साथ गांव के बाहर बह रही नहर से मछली पकड़ने गया था। जाल लगाते समय उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गया। साथी युवक ने गांव में घटना की सूचना दी परिजनों और ग्रामीणों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना पर हरियांवा पुलिस ने गोताखोरों के साथ रेक्यू आप्रेशन चला कर मंगलवार की सुबह करीब दस बजे युवक के शव को पड़ोस के गंदे नाले से बरामद किया। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। मृतक के घर में कोहराम मचा है।

# पास्को और दलित एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**हरदोई।** संडीला थाना पुलिस में पास्को और दलित एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 12 अगस्त को वादी द्वारा थाना संडीला पर तहरीर दी गयी कि शरीफ पुत्र बाबू निवासी ग्राम गंगाखेड़ा मजरा जामू थाना संडीला द्वारा वादी के सगे भाई उम्र करीब 35 वर्ष, फुफेरे भाई उम्र करीब 40 वर्ष व पुत्री उम्र करीब 11 वर्ष को अपने साथ ले गया जहां वादी के भाईयों को जामू चैराहे पर छोड़ दिया तथा उसके द्वारा वादी की पुत्री को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। घायल पीड़िता का उपचार चल रहा है। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना संडीला पुलिस ने पास्को और दलित एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थाना संडीला के प्रभारी निरीक्षक विद्या सागर पाल और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

# चिन्हित ब्लैक स्पाट व हाटस्पाट पर दुर्घटना के कारणों को खोजते हुए करें सुधारात्मक कार्यवाही : जिलाधिकारी

**मिर्जापुर।** सड़को पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने व दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जनपद में मार्गवार हुई घटनाओं की कारण सहित समीक्षा की गई इस दौरान यातायात पुलिस को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वाहनों की निरंतर चेकिंग करते हुए ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग आदि पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा कि टोल व चेक प्वाइंट पर ट्रैक्टर ट्रालियों सहित पिकप व अन्य ढुलाई वाले वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिन्हित 10 ब्लैक स्पाट व 23 हाटस्पाटों पर अधिक दुर्घटना होने का कारण खोजकर उस दिशा में सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं वाले स्थल पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र, अंधा मोड़ आदि के रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाए जाए। एनएच व एसएच सड़को पर आवेर स्पीड एवं लापरवाह वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए चालान आदि की भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधानों को जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा यह निर्देश जारी किए जाए कि उनके गांवो में चलने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर शत प्रतिशत रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए। चिन्हित ब्लैक स्पाटो पर स्थायी निराकरण कराई जाए यदि कही आवश्यकता हो तो वाई जंक्शन वाले सड़को पर टेबल टाप ब्रेकर भी बनाए जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्गो/नेशनल हाइवे (फोर लेन) सड़को के किनारे वाहन/ट्रक आदि न खड़ा किया जाए। यातायात पुलिस अथवा सम्बन्धित थानाध्यक्ष गश्त करते हुए यह सुनिश्चित करे कि हाइवे पर सड़क के किनारे जहां ढाबा आदि हो एवं उनके पास वाहन खड़ा करने हेतु जगह न हो तो उस ढाबे पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। दुर्घटना होने वाले स्कूल एवं थाना क्षेत्र की सूची बनाते हुए इस पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जन जागरूकता हेतु स्कूलों में गोष्ठियां, जन जागरूकता रैली व प्रार्थना सभाओं में ट्रैफिक्र नियमों की जानकारी दी जाए। बैठक में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पीएचसी/सीएचसी बैठक में इमरजेंसी सेवा जारी रखा जाए तथा गुड सेमेरिटन के लिए रजिस्टर बनाकर नाम पता व मोबाइल नम्बर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि गुड सेमेरिटन को 15 अगस्त व अन्य पर्वो पर सम्मानित भी किया जाए। उन्होंने नगर पालिका मिर्जापुर के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा/आटो के लिए पार्किंग के स्थल भी चिन्हित कर कार्यवाही किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात शिखा भारती व प्रभारी यातायात, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र सहित सम्बन्धित अधिकारी व ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।



## इंडिया पोस्ट ऑफिस पर लटक रहा ताला

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस पर कई दिनों से ताला लटक रहा है जिससे लोगो को पोस्ट ऑफिस का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पोस्ट ऑफिस पर ताला बंद होने से अपना कार्य कराने के लिए आने वाले लोगो को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। इंडिया पोस्ट ऑफिस पर सुकन्या योजना का खाता खोलवाने व पत्र रजिस्ट्री कराने के लिए आने वाले लोगो को मायूस होना पड़ रहा है और लालगंज जाना पड़ रहा है। लोगो के आने वाले जरूरी कागजात उनके स्थान तक नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय लोगो ने इंडिया पोस्ट ऑफिस के अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इंडिया पोस्ट ऑफिस को नियमित संचालन कराने की मांग किया है। इस संबंध में पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर तरुण ने बताया की सर्वर का इसु होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है जैसे ही सर्वर अपडेट हो जाता है। नियमित रूप से इंडिया पोस्ट ऑफिस का संचालन कराते हुए लोगो का कार्य कराया जायेगा।

## चुनार में कजली महोत्सव का हुआ आयोजन

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर में रतजग्गा के अवसर पर कजली महोत्सव आयोजित की गई।ऐबकपुर मोहाना स्थित शिवालय पर सोमवार को देर रात शिवशक्ति महिला मंडली के महिला सदस्यों द्वारा ढोल और ताली बजा कर भव्य कजली कि प्रस्तुति किया गया। इस दौरान मंडली द्वारा महिलाओं में जलेबी का वितरण किया गया। इस दौरान रतजग्गा को लोगों ने यादगार बनाया और महिलाओं ने रातभर जागकर कजरी गाई।

# केसीसी धारक कृषकों का बैंकर्स अभियान चलाकर प्रीमीयम की राशि काटते हुए करें अपलोड

### बैंकर्स द्वारा प्रीमीयम जमा करने की कार्यवाही न करने पर एफआईआर दर्ज कर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**मिर्जापुर।** जिन किसानों ने अपनी केसीसी नहीं बनवाया है ऐसे किसान अपने फसलों का बीमा कामन सर्विस सेंटर/जन सेवा केन्द्र (सीएससी) पर जाकर अधिकतम 14 अगस्त 2025 तक प्रत्येक दशा में करा ले अन्यथा अतिवृष्टि, बाढ़ व अन्य किसी आपदा के कारण नुकसान फसलों का बीमा मुआवजा नहीं ले सकेंगे। प्रधानमंत्री सफल बीमा योजना के तहत बीमा कराने के लिए अपनी खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं स्वाप्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र साथ ले जाना होगा। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग एवं बैंकर्स के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के प्रीमीयम जमा व अपलोड प्रगति की समीक्षा कर उपरोक्त निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बैंको के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे केसीसी धारक कृषको का जिनका खाता विभिन्न बैंको में है वे बैंक प्रबंधक किसानों के खाते से उनके बीमा राशि की धनराशि काटते हुए शत प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैंकवार प्रीमीयम काटकर अपलोड करने के प्रगति की समीक्षा के दौरान सबसे खराब वाले बैंको की प्रगति में कोआपरेटिव बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक, सेंट्रल बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफबड़ौदा, बैंक आफइंडिया की अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि जिन कृषक उपभोक्ताओं का खाता जिस भी बैंक में है उनका प्रीमीयम काटते हुए अपलोड करने की कार्यवाही अधिकतम 20 अगस्त 2025 तक शत प्रतिशत करना सुनिश्चित अन्यथा बीमा न होने की दशा में यदि किसी किसान का फसल नुकसान का मुआवजा नहीं मिल पाता है तो सम्बन्धित बैंक को जिम्मेदार मानते हुए उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी तथा उस बैंक से सम्बन्धित किसान को फसल नुकसान का मुआवजा देय होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें किसी प्रकार की बहानेबाजी व लापरवाही बदार्शत नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार रिर्जव बैंक का स्पष्ट निर्देश हैं। फसल नुकसान वाले किसानों का शत प्रतिशत मुआवजा प्रत्येक दशा में मुहैया कराया जाए अतएव बैंकर्स सभी का बीमा राशि काटते हुए अपलोड करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों व एआर कोआपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन किसानों का केसीसी नहीं अथवा बैंक में उनका एनपीए हो गया है ऐसे कृषको की सूची उप निदेशक कृषि से प्राप्त करते हुए अभियान चलाकर 14 अगस्त 2025 तक जन सेवा केन्द्र के माध्यम से उनका बीमा करवाना सुनिश्चित करे ताकि उन्हें फसल क्षति का मुआवजा मिल सकें। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की भी समीक्षा करते हुए बैंको को प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्वीकृति व वितरण के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन आवेदन पत्रो को बैंको अस्वीकृति/निस्त्रत किया जा रहा है उसमें स्पष्ट कारण का उल्लेख किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी अवधेश यादव, प्रबंधक लीड बैंक, बीमा कम्पनी के पदाधिकारी सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित रहें।

# जराई धोते समय 12 वर्षीया बालिका की डूबने से मौत

**मिर्जापुर।** कोल्हुआ गांव में कजरी के अवसर पर 12 वर्षीय कंचन नदी में डूब गई। जरई धोने के बाद वह नहाने गई थी। गहरे पानी में जाने पर वह डूब गई। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर चिकित्सक को बुलाया। बालिका नदी में नहाते समय डूब गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने आपसी मदद सेबालिका को नदी से बाहर निकाल कर मौके पर ही चिकित्सक को बुलाया। चिकित्सक ने परीक्षण के बाद बालिका को मृत घोषित कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी के कोल्हुआ गांव निवासी मुकेश कोल की 12 वर्षीया पुत्री कंचन मंगलवार को कजली केत्यौहार पर जरई धोने के बाद नदी में गई। जहां जरई धोने के बाद नदी मेंस्नान करने लगी। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चली गई जिससे डूब गई। नदी की तरफ से निकल रहेगांव निवासी संजय को साथ मेंगई अन्य बच्चियों ने कंचन के डूबने की जानकारी दी।

जानकारी मिलते ही संजय गहरे पानी में से कंचन को बाहर निकाल कर परिजनों के पास ले गए। परिजन आनन-फानन गांव के चिकित्सक को बुलाकर दिखाए चिकित्सक ने देखते ही कंचन को मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन बहन एक एक भाई थे। मृतक तीनों बहनों में सबसे बड़ी थी। कंचन पूर्व माध्यमिक विद्यालय मड़वा नेवादा में कक्षा 6 की छात्र थी। मृतक के परिजनों नेअभी तक पुलिस को सूचित नहीं किया है।

## बीडीओ ने विद्यालय और अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** बीडीओ वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने मंगलवार की सुबह प्राइमरी पाठशाला, सामुदायिक परिसर राजगढ़, कंपोजिट विद्यालय राजगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण करनेके बाद संबंधितों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीडीओ नदिहार ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करनेपहुंचे। जहां ताला लटकता पाया गया।

इसी ग्राम के प्राइमरी पाठशाला में कुल पंजीकृत 144 बच्चों में 82 उपस्थित रहे।


**उ0 प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

विद्युत पारेषण मण्डल– I, लखनऊ

ई–निविदा सूचना, दिनांक – 11.08.2025

निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. ई–निविदा संख्या 45– वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–।।, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र कुर्सी रोड़ पर स्थापित Old & Obsolete जी०पी०एस० क्लॉक को बदलने एवं Events के Real Time Analysis के लिये सभी रिले से Synchronization से सम्बन्धित कार्य हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 12.08.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 5.14 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 5500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 01.09.2025 को 16:00 बजे तक है।

2. ई–निविदा संख्या 46– वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025–26, विद्युत पारेषण खण्ड–।।, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र चिनहट पर 3–फेज, 415 वोल्ट आउटडोर ए०सी० क्यूबिकल बॉक्स की आपूर्ति एवं स्थापना तथा नये 63 एम०वी०ए० परिवर्तक की स्थापना हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 12.08.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 3.97 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 4000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 01.09.2025 को 16:00 बजे तक है।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांक–2227/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनांकः– 11.08.2025

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल I, लखनऊ



अदालती सूचना ता. पेषी 14.08.2025 सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 6, क़ायदा 1 व 5) अदालत श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील जलालाबाद जिला षाहजहाँपुर नम्बर मुकदमा- टी-202512610401969/25 वसीम खाँ आदि बनाम अतीक आलम खाँ आदि बनाम अतीक आलम खां, (1) फसी आलम खां (2) फिरोज आलम खां पुत्रगण मुस्ताक अहमद खां, (3) मोहम्मद उमर (4) अहमद उमर (5) अमजद अली (6) मोहम्मद शरीफ पुत्रगण अजीमुल्ला, (7) श्रीमती परवीन पत्नी स्व. शाह आलम (8) सना पुत्री स्व. शाह आलम (9) यासिर (10) कासिव (11) ऐमर (12) नजीब पुत्रगण स्व. शाह आलम सर्व निवासी मोहल्ला यूसुफ जई (13) नूरजेब पुत्री फिरोज आलम खां निवासी मोहल्ला मुस्ताक नगर, (14) अनूप कुमार अग्रवाल पुत्र रमेश चंद्र अग्रवाल निवासी मोहल्ला महाजनान शास्त्री नगर सर्व निवासी तहसील जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर। साकिन कस्बा जलालाबाद मुद्दालेह हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिष धारा 116 उ.प्र.रा.संहिता के दायर की है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह अगस्त 2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन अदालत मार्फत वकील जो मुक़दमें के हालात और कारवाई से वाक़िफ़ किया गया हो और उमूरान अरुन मुताल्लिके़ मुक़दमा का जबाव दे सके हाजिर हो, और जवाबदेही दावा करे, और आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज़ पेष करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर आप हाज़िर न होंगे तो मुकदमा बग़ैर हाज़िरी आपके मुसामत और मोहर फैसला होगा। मेरे दस्तख़त और मोहर अदालत के आज बतारीख 06/08/2025 ई. जारी किया गया। न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं0–12, लखनऊ प्रकीर्ण वाद संख्या–737/2023

ता0पेशी–26.08.2025

कंचन श्रीवास्तव वयस्क पत्नी स्व0 हरिप्रसाद श्रीवास्तव निवासिनी–545क/आर 303, रामविहार कालोनी, जिला–लखनऊ –प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम

1–जायदाद स्व0 हरिप्रसाद श्रीवास्तव पुत्र उम्मेद प्रसाद श्रीवास्तव निवासी–545क/आर 303, रामविहार कालोनी, जिला–लखनऊ

2–निकिता श्रीवास्तव वयस्क पुत्री स्व0 हरिप्रसाद श्रीवास्तव निवासिनी–545क/आर 303, रामविहार कालोनी, जिला–लखनऊ

3–हर्षित श्रीवास्तव वयस्क पुत्र स्व0 हरिप्रसाद श्रीवास्तव निवासी–197, रामविहार कालोनी, आईसक्रीम फैक्टरी के पास, राजाजीपुरम्, जिला–लखनऊ

4–पंजाब नेशनल बैंक शाखा राजाजीपुरम्, तालकटोरा रोड, लखनऊ द्वारा शाखा प्रबन्धक – विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित–प्रार्थिनी/वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा–278 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 26.08.2025 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 25.08.2023 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत

सी.आर.-1024/ L -CN



**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज**

**प्रक्रीण वाद स. 371 सन 2024**

आदित्य सिंह वयस्क पुत्र स्वर्गीय अशोक सिंह निवासी 5 सिविल रोड सिविल लाइंस परगना व तहसील सदर जनपद प्रयागराज आदि।

**बनाम**

(4 )भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय वाराणसी।

(वाद अंतर्गत धारा 34 आर्बिट्रेशन एंड कॉन्सिलिएशन एक्ट 1996)।

चूंकि ऊपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 08 के 29 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफलहोने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि–29.08.2025**

न्यायाधीश

सी.आर.-1025/ D -CN



अदालती सूचना ता.पेशी 14.08.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप न्यायालय सिविल जज जू.डि. पुवायां शाहजहांपुर वाद सं. 104 वर्ष 2021 प्रदीप चन्द्र वर्मा बनाम सुधीर चन्द्र वर्मा बनामः-1/1-सुमन वर्मा पत्नी सुधीरचन्द्र वर्मा 1/2-एकता वर्मा पुत्री सुधीरचन्द्र वर्मा 1/3-आंचल वर्मा पुत्री सुधीरचन्द्र वर्मा 1/4-आरोसी वर्मा पुत्री सुधीरचन्द्र वर्मा 1/5-रोज वर्मा पुत्री सुधीर चन्द्र वर्मा सर्वनिवासीगण मोहल्ला देवीस्थान कस्बा खुटार तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर...विपक्षीगण। चूंकि उपरिनिमांकित प्रदीपचन्द्र वर्मा वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2025ई.के माह 08 के 14 दिवस को 11 बजे के पूर्वान्ह में स्वंय रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2025ई.के माह 08 के 12 दिवस को निकाली गई। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि.पुवायां शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



अदालती सूचना ता.पेशी 18.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 597 वर्ष 2022 दृगपाल बनाम सीमा गिरि आदि बनामः-1-अकरम वयस्क पुत्र कमर हसन नि.मो.जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर 2-अरविन्द कुमार गौस्वामी वयस्क पुत्र विश्वास गिरि नि.मो.गदियाना सैनिक कालोनी नगर व जनपद शाहजहांपुर 3-इजहार हुसैन वयस्क पुत्र निसार हुसैन नि.मो.तारीन जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 2 से 4 तक हरगाह दृगपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत निरस्तीकरण विक्रय पत्र एवं व्यादेश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 11 माह 08 के सन 2025ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



अदालती सूचना ता.पेशी 18.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 596 वर्ष 2022 दृगपाल बनाम शक्ति शर्मा आदि बनामः-1-अकरम वयस्क पुत्र कमर हसन नि.मो.जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर 2-रियाज अहमद वयस्क पुत्र अकबर अली नि.मो.एमनजई जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर 3-इजहार हुसैन वयस्क पुत्र निसार हुसैन तारीन जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 2 से 4 तक हरगाह दृगपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत निरस्तीकरण विक्रय पत्र एवं व्यादेश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 11 माह 08 के सन 2025ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



अदालती सूचना ता.पेशी 18.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 593 वर्ष 2022 दृगपाल बनाम श्रीमती सुनीता आदि बनामः-1-अकरम वयस्क पुत्र कमर हसन नि.मो.जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर 2-श्रीमती शान्ति पत्नी रामनरेश नि.ग्राम सतवां बुजुर्ग तह. सदर जिला शाहजहांपुर 3-हरिकृष्ण वयस्क पुत्र सुमेर लाल नि.मो.बाडूजई प्रथम नगर व जनपद शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 2 से 4 तक हरगाह दृगपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत निरस्तीकरण विक्रय पत्र एवं व्यादेश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 11 माह 08 के सन 2025ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



अदालती सूचना ता.पेशी 18.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 598 वर्ष 2022 दृगपाल बनाम श्रीमती नाजिया आदि बनामः-1-मो.इरफान वयस्क पुत्र नौशे अली नि.मो.महमंद जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर 2-इजहार हुसैन वयस्क पुत्र निसार हुसैन नि.मो.तारीन जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 3 से 4 तक हरगाह दृगपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत निरस्तीकरण विक्रय पत्र एवं व्यादेश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 11 माह 08 के सन 2025ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



अदालती सूचना ता.पेशी 18.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 594 वर्ष 2022 दृगपाल बनाम श्रीमती शान्ति आदि बनामः-1-अकरम वयस्क पुत्र कमर हसन नि.मो.जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर 2-श्रीमती सुनीता वयस्क पत्नी रामकिशोर नि.ग्राम सतवां बुजुर्ग तह.सदर जिला शाहजहांपुर 3-हरिकृष्ण वयस्क पुत्र सुमेरलाल नि.मो.बाडूजई प्रथम नगर व जनपद शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 2 से 4 तक हरगाह दृगपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत निरस्तीकरण विक्रय पत्र एवं व्यादेश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 11 माह 08 के सन 2025ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -CN



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मोनी था जो मेरे आधार कार्ड (4232 8603 0475 ) व पैन कार्ड मे त्रुटिवश अंकित हो गया है अब मैने अपना नाम मीनू वर्मा कर लिया है भविष्य मे मुझे मीनू वर्मा के नाम से जाना पहचाना जाए। उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकता स्वंय मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

**मीनू वर्मा पत्नी श्री श्याम वर्मा R/o - 734/645 A मालवीय नगर इलाहाबाद यू.पी.**

सी.आर.-1025/ D



**अदालती नोटिस**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) (कोर्ट संख्या- 11) गोरखपुर**

**प्रकीर्ण वाद संख्या 47-A/95**

**मोबिन बनाम खालिक**

**बनाम**

2/1- शब्बू उम्र 30 वर्ष
2/2- इमामुद्दीन उम्र 26 वर्ष
2/3- नाजमा उम्र 42 वर्ष
2/4- नगमा उम्र 20 वर्ष
2/5- चन्दा उम्र लगभग 19 वर्ष
- पुत्र एवं पुत्रीगण स्व0 अब्दुल हई, साकिन मौजा रुद्रपुर, तप्पा लेहड़ा, परगना-हवेली, तहसील-सदर, फरेन्दा, जिला- महराजगंज
4/1- मैनुद्दीन उम्र लगभग 39 वर्ष
4/2- गुड़िया उम्र लगभग 19 वर्ष
पुत्र एवं पुत्रीगण, स्व0 अब्दुल सत्तार, साकिन मौजा- मझौलीराज, तहसील- सलेमपुर, पोस्ट- मझौली, जिला-देवरिया
5/1- मुन्नी उम्र लगभग 52 वर्ष
5/2- छुल्लन उम्र लगभग 45 वर्ष
5/3- लल्लन उम्र लगभग 19 वर्ष
5/4- रेहाना उम्र लगभग 35 वर्ष
5/5- रूखसाना उम्र लगभग 48 वर्ष
5/6- रूबाना उम्र लगभग 31 वर्ष
पुत्र एवं पुत्रीगण स्व0 मंजूर आलम, साकिन मौजा मूण्डी, तप्पा-मरचवार, परगना- विनायकपुर, तहसील- नौतनवां, जिला-महराजगंज।
6/1- अनीस उम्र लगभग 33 वर्ष
6/2- मन्नान उम्र लगभग 32 वर्ष
6/3- मुन्नी उम्र लगभग 19 वर्ष
पुत्र एवं पुत्रीगण स्व0 रईस अहमद, सकिन मौजा- विशुनपुरवा, थाना के पास, तप्पा- मरचवार, परगना - विनायकपुर, तहसील- नौतनवां, जिला-महराजगंज।

- प्रतिवादी

चूंकि उपरि नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए सन् 2025 के 08 माह 19 दिवस को 10 बजे पूर्वाह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

ता. पेशी 19.08.2025
आपत्ति/ निस्तारण
जवाबदेही व तनकीह बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 11 माह 08 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) (कोर्ट संख्या- 11) गोरखपुर**

सी.आर.-1021/ D -CN



**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने पुत्र सुधीर को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बंध विच्छेद कर लिए। वह अपने कृत्यों का स्वंय जिम्मेदार होगा। नन्हें सिंह पुत्र जोधन सिंह नि. शिकारपुर, कांट, शाहजहांपुर।

सी.आर.-1023/ D -30

**सूचना**

मैं राजाराम मौर्या पुत्र राम दयाल मौर्या मेरी पत्नी कृष्ण वती नि. डी-72 राजकीय कॉलोनी, रायबरेली, अपने पुत्र अभिषेक मौर्या व उसकी पत्नी प्रियंका मौर्या को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों से कोई लेना देना नहीं होगा।

सी.आर.-1020/ D -45

**सूचना**

मैं कुमार सागर सिंह पुत्र स्व. रमेश प्रताप सिंह निवासी-प्लाट नं.-C-41, अर्श प्रोपर्टीज कुल्हार कट्टा, सरोजनी नगर, लखनऊ का हूँ। मेरे अन्य दस्तावेज में त्रुटिवश सागर कुमार सिंह अंकित है। इसको बदलकर कुमार सागर सिंह कर दिया जाये। भविष्य में मुझे कुमार सागर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सी.आर.-1019/ L -43

**सूचना**

मैं SABA JABEEN पत्नी श्री वसीम अहमद अंसारी निवासी -जी-42, सर्वोदय नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ.प्र., सबको सूचित करती हूँ कि विवाहोपरांत मेरा नाम बदलकर SABA WASEEM ANSARI हो गया है, अतः आज से मुझे SABA WASEEM ANSARI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाय।

सी.आर.-1022/ L -25



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catering25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.08.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 22.08.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 22.08.2025 at 10:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/PF-1/13 | 22.08.2025 at 10: 30 hrs. | SMU | ST |
| 2 | BHADOHI | Catg-LKO-BOY-SMU-111-25-1 | BOY/PF-1/70/ | 22.08.2025 at 10:40 hrs. | SMU | FF/WW/WRE/LD |

कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे, लखनऊ

2457/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं० | 1190– वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 12.08.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | Sr.DEN-VI-LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN/Prayag के अंतर्गत परित्यक्त/पुराने स्टाफ आवासों/गैंग हट्स के बदले में नए टाइप-II रेलवे आवासों (कुल 20 संख्या) के निर्माण के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 28,78,647.79 (अट्ठाइस लाख अठहत्तर हजार छः सौ सैंतालीस रुपये एवं उनियासी पैसा मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 57,600/- (सत्तावन हजार छः सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 08.09.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं०–1186–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 12.08.2025

2464/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि0, बेलरायां-खीरी**

**पत्रांक : 467/प्र0प्र0/2025-26 दिनांक : 12/08/2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस मिल समिति के नये 80 टन तौल कांटे के लिये एप्रोच, प्रशासनिक भवन की छत मरम्मत व ई0टी0पी0 के सिविल कार्यो हेतु चीनी मिल के कुशल एवं अनुभवी ठेकेदारों से दिनांक 20.08.2025 को मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21.08.2025 को मिल निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी यथा आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी कराया जा सकता है। निविदा से जुडी कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अवर अभियन्ता सिविल अथवा मिल कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान प्रबन्धक



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# चीन के साथ रिश्ते बेहतर करने में जुटे ट्रंप?

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के साथ रिश्ते सामान्य करने के भरपूर प्रयास कर

**टैरिफ नीति में दिखा दोहरा चरित्र**

**भारत पर सख्ती के बीच चीन को 90 दिन की मोहलत और दी**

रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर चीनी समकक्ष को अच्छा दोस्त बताया है। सकारात्मक कोशिशों का सबसे ताजा उदाहरण है चीन को टैरिफ पर रियायत देना। उन्होंने टैरिफ वसूलने की अवधि को 90 दिन और आगे बढ़ा दिया है। ट्रंप ने सोमवार को व्यापार को लेकर टकराव (ट्रेड ट्रूस) 90 दिन टालने का फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- ट्रुथ सोशल पर लिखा, समय सीमा का विस्तार होने के बावजूद समझौते की अन्य सभी शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

दरअसल, ट्रंप के फैसले के बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच टकराव टल गया है। पहले से निर्धारित समयसीमा मंगलवार 12.01 बजे समाप्त होनी थी, जिसके बाद अमेरिका चीनी आयात पर पहले से 30 प्रतिशत ऊंचे शुल्क और बढ़ा सकता था। ऐसा करने पर चीन भी जवाबी कार्रवाई के तहत अमेरिका से निर्यात होने वाले उत्पादों पर शुल्क बढ़ा सकता था। ऐसे में 90 दिनों की राहत यानी ट्रेड ट्रूस को



अहम माना जा रहा है।हालांकि, ट्रंप का ये फैसला भारत के नजरिए से इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि एक हफ्ते तक टैरिफ वसूली टालने के बाद ट्रंप प्रशासन अब 25 फीसदी शुल्क वसूली शुरू कर चुका है। दबाव बढ़ाने की नीतियों के तहत ट्रंप ने 27 अगस्त से 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ और थोपने का एलान किया है। ऐसे में टैरिफ को लेकर उनके दोहरे चरित्र का भी पता लग रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन को मिली 90 दिनों की मोहलत के बाद दोनों देशों को मतभेद सुलझाने का अवसर मिलेगा। साथ ही दोनों पक्षों को इस वर्ष के अंत तक राष्ट्रपति ट्रंप व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की संभावित मुलाकात का रास्ता भी साफ करने का अवसर मिला है। अमेरिकी कंपनियों ने इस कदम का स्वागत किया है। अमेरिका-चीन बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष सीन स्टीन ने इसे बाजार में पैठ बढ़ाने और कंपनियों के दीर्घकालिक निवेश निर्णयों के लिहाज से जरूरी बताया।

## पुणे में खाई में गिरी वैन, सात मरे

**पुणे।** पुणे जिले में सोमवार को घाटी क्षेत्र में एक पिकअप वैन के खाई में गिर जाने से मंदिर जा रहे सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में हताहत हुए लोग पापलवाड़ी गांव के रहने वाले थे और श्रावण मास के शुभ दिन पर खेड़ तहसील में स्थित कुंडेश्वर मंदिर जा रहे थे। पिक-अप वैन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 30 से 35 यात्री सवार थे। शुरुआती जांच के अनुसार, वाहन घाट खंड से गुजरते समय सड़क से 25 से 30 फुट नीचे गिर गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं, जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी विदेशी आतंकी संगठन : अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने सोमवार को पाकिस्तान स्थित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया। अमेरिका ने कहा कि बीएलए को उपनाम द मजीद ब्रिगेड से भी जाना जाता है और वह उग्रवादी समूह है।

विदेश विभाग ने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विदेश विभाग के अनुसार, बीएलए को वर्ष 2019 में विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया गया था। उसने तब पाकिस्तान में हुए कई आतंकी हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

विदेश विभाग ने कहा कि 2024 में बीएलए ने कराची हवाई अड्डे और ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर के पास हुए आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। 2025 में मार्च में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण के पीछे भी उसका हाथ था। बीएल ने 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया था। उस घटना में 31 नागरिकों व सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी।

# ईरान और आईएईए के बीच वार्ता शुरू

**तेहरान।** अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के बीच वार्ता एक बार फिर शुरू होने जा रही है। इसे लेकर ईरान ने कहा

**तेहरान ने कहा- जटिल और तकनीकी होगी बातचीत**

है कि यह वार्ता तकनीकी और जटिल होगी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने यह बयान उस वक्त दिया जब परमाणु निगरानी संस्था तेहरान का दौरा करने वाली है। जून में इस्राइल और अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से संबंध तोड़ लिए थे। ईरान के उप विदेश मंत्री काजम गरीबाबादी ने बताया कि आईएईए के उप महानिदेशक और सुरक्षा प्रमुख मास्सिमो अपारो ईरान छोड़ चुके हैं। अपारो ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इसमें विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन के अधिकारी शामिल थे, ताकि एजेंसी और ईरान के बीच बातचीत के तरीके पर चर्चा की जा सके। गरीबाबादी ने कहा कि उन्होंने भविष्य में भी परामर्श जारी रखने का निर्णय लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि आईएईए की विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ बैठक हो सकती



है, लेकिन यह तकनीकी और जटिल वार्ता है। बाघेई ने जून में इस्राइल के साथ हुए युद्ध के दौरान द्वश्व की स्थिति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 24 घंटे निगरानी में रहने वाले देश के शांतिपूर्ण प्रतिष्ठानों को हमलों का निशाना बनाया गया और एजेंसी ने बुद्धिमत्तापूर्ण और तर्कसंगत प्रतिक्रिया दिखाने से परहेज किया तथा इसकी निंदा भी नहीं की।

ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने कहा था कि एजेंसी के साथ सहयोग के लिए अब ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा संस्था सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की मंजूरी जरूरी होगी। दोनों पक्षों के सहयोग के तरीके को नए सिरे से परिभाषित करने के बारे में होगा। इस फैसले के बाद एजेंसी की तेहरान के उस कार्यक्रम पर नजर रखने की क्षमता और सीमित हो जाएगी, जो हथियार-स्तर के क़रीब यूरेनियम संवर्धन कर रहा था।

# बांग्लादेश में आम चुनाव पर सरकार ने कसी कमर

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद

**गृह सलाहकार बोले- स्वतंत्र और निष्पक्ष होगा निर्वाचन**



जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार आम चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने केरानीगंज में एक मतदान केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि चुनाव की संभावित तारीख की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग निश्चित तारीख की घोषणा करेगा। सभी लोग शांतिपूर्ण चुनाव चाहते हैं। हम अगला चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग के बिना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना असंभव है। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई। शनिवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बैठक में आम चुनावों के लिए मतदान केंद्रों पर पूर्ण सुरक्षा का आह्वान किया।

जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गई। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।

# अमेरिकी सेना तैनाती मामले में ट्रंप पर मुकदमा शुरू

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अपने निर्वासन प्रयासों का समर्थन करने और लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड बलों

**निर्वासन के लिए बल तैनात करने के आरोप**

के इस्तेमाल को लेकर सोमवार को ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हुआ। यह अमेरिकी सड़कों पर सैनिकों की तैनाती के खिलाफ लंबे समय से चले आ रहे मानदंडों को तोड़ने के फैसले को कानूनी चुनौती है। सैन फ्रांसिस्को स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर के समक्ष तीन दिवसीय गैर-जूरी यह तय करेगी कि क्या सरकार ने 19वीं सदी के उस कानून का उल्लंघन किया था, जो जून में ट्रंप द्वारा सैनिकों की तैनाती के समय सेना को नागरिक कानून प्रवर्तन से रोकता है। जैसा कैलिफोर्निया ने कानूनी चुनौती में दावा किया है। ब्रेयर ने सोमवार की सुनवाई की शुरुआत में कहा, अदालत को जिस तथ्यात्मक प्रश्न का समाधान करना चाहिए, वह यह है कि क्या घरेलू कानून लागू करने को सेना का इस्तेमाल हुआ था। अगर हां, तो क्या यह खतरा बना है कि ऐसा फिर से किया जा सकता है। प्रशासन इस बात से इन्कार करता है कि सैनिकों का इस्तेमाल नागरिक कानून प्रवर्तन में किया गया था और यह दिखाने की योजना बना रहा कि वे संघीय संपत्ति और अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंटों की सुरक्षा कर रहे थे।

## एक नज़र

### सिंधु जल संधि : सामान्य प्रक्रिया के लिए गिड़गिड़ाया

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने से पाकिस्तान अब घुटनों पर आ गया है। अब इस संधि को बहाल करने के लिए वह भारत के सामने गिड़गिड़ाया है। उसने भारत से अपील की है कि वह मई में स्थगित इस संधि को बहाल करने की सामान्य प्रक्रिया फिर शुरू करे। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला किया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। उनको मारने से पहले उनके धर्म की पहचान की गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए थे। इनमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगन में रखना भी शामिल था। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वह सिंधु जल संधि के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और उसे उम्मीद है कि भारत भी इस संधि की सामान्य प्रक्रिया को तुरंत फिर से शुरू करेगा। पाकिस्तान ने आठ अगस्त को स्थायी मध्यस्थता न्यायालय की ओर से की गई व्याख्या का स्वागत किया है, जो सिंधु जल संधि से संबंधित है। भारत ने पाकिस्तान की आपत्तियों के बाद कभी उस अंतरराष्ट्रीय अदालत की सुनवाई को स्वीकार नहीं किया, जिसमें पाकिस्तान ने भारत की दो जलविद्युत परियोजनाओं के डिजाइन को लेकर शिकायत की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अदालत के फैसले में यह बताया गया है कि भारत जो नई जलविद्युत परियोजनाएं बना रहा है, उनके डिजाइन कैसे होने चाहिए। ये परियोजनाएं भारत पश्चिम की नदियों चेनाब, झेलम और सिंधु पर बना रहा है।

### एलएसी के पास चीन बनाएगा रेल लिंक

**बीजिंग।** भारत के साथ रिश्ते सुधरने के बीच चीन फिर अपनी चालाकियों में जुट गया है। चीन भारत से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत शिनजियांग-तिब्बत रेल लिंक बनाने जा रहा है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन अपने इस महत्वाकांक्षी रेल लिंक का निर्माण साल के अंत में शुरू करेगा। यह रेल लिंक शिनजियांग के होटन को तिब्बत के ल्हासा से जोड़ेगा। सरकारी समाचार एजेंसी शंघाई सिक्योरिटीज न्यूज के मुताबकि शिनजियांग-तिब्बत रेलवे कंपनी को औपचारिक रूप से 13.2 अरब अमेरिकी डॉलर (95 अरब युआन) में पंजीकृत किया गया है। परियोजना के निर्माण के लिए इसका पूर्ण स्वामित्व चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप के पास है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य 2035 तक ल्हासा पर केंद्रित 5,000 किलोमीटर का पठारी रेल ढांचा स्थापित करना है। रेल मार्ग का कुछ हिस्सा चीन-भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से भी गुजरेगा। शिनजियांग-तिब्बत रेल लिंक चीन की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजना, शिनजियांग-तिब्बत राजमार्ग से जुड़ेगा। इसे जी219 हाईवे कहा जाता है, यह विवादित अक्साई चिन क्षेत्र से होकर बनाई गई है। 1962 के युद्ध में अक्साई चिन प्रमुख बिंदु था। भारत ऐतिहासिक दावों और पिछली संधियों के आधार पर अक्साई चिन को अपना अभिन्न अंग मानता है।

### ऑस्टिन में पार्किंग स्थल में गोलीबारी, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ताजा घटना टेक्सास के ऑस्टिन शहर में सामने आई है, जहां एक आरोपी ने रिटेल स्टोर टारगेट की पार्किंग में तीन लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से तीनों की मौत हो गई। गोलीबारी के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध आरोपी करीब 30 वर्षीय है। आरोपी हत्याएं करने के बाद कार चुराकर घटनास्थल से फरार हुआ था। भागने के दौरान उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई तो उसने एक कार डीलर की दुकान से एक और कार चुरा ली।

### पेंसिल्वेनिया के स्टील प्लांट में धमाका, दो की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक स्टील प्लांट में धमाका हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। घटना सोमवार को पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग के नजदीक स्थित यूएस स्टील प्लांट में हुई। धमाके के चलते प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद घटनास्थल से काला धुआं उठता देखा गया। पुलिस ने बताया कि मोन वैली इलाके में स्थित प्लांट में सोमवार सुबह 10.51 बजे आग लगी। आग के बाद धमाका हुआ और उसके बाद कई और छोटे-छोटे धमाके हुए, जिसमें एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### पाक सेना ने 50 विद्रोहियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना ने अफगानिस्तान बॉर्डर पर जारी ऑपरेशन में 50 विद्रोहियों को मार गिराया है। पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार, 12 अगस्त को बताया कि उसने पड़ोसी देश अफगानिस्तान से लगी सीमा पर बीते चार दिनों में 50 उग्रवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने यह कार्रवाई अशांत दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में की गई है, जो चीन की परियोजना वन बेल्ट वन रोड का प्रमुख केंद्र है। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये सभी उग्रवादी गुरुवार को बलूचिस्तान में शुरू हुए एक अभियान में मारे गए हैं।

### तमिलनाडु में घर-घर पहुंचेगा बुजुर्गों-दिव्यांगों का राशन

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अब बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को राशन के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। मुख्यमंत्री थायुमानवर योजना के तहत सरकार 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के घर चावल व चीनी सहित आवश्यक राशन पहुंचाएगी, जिससे उन्हें सीधा लाभ मिलेगा। तमिलनाडु सरकार ने बताया कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन मंगलवार को 21 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों - वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों - के घर तक राशन पहुँचाने की योजना का शुभारंभ करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि स्टालिन यहाँ मुख्यमंत्री थायुमानवर योजना का शुभारंभ करेंगे, जिसके तहत चावल और चीनी सहित राशन की सामग्री इच्छित लाभार्थियों के घर तक पहुँचाई जाएगी।

## मुनीर की हरकत शर्मनाक : ब्रिटिश लेखक

**लंदन।** ब्रिटिश पॉलिटिकल कमेंटेटर और लेखक डेविड वेंस ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर की परमाणु धमकियों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें बेहद निंदनीय और शर्मनाक करार दिया। एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा, पाकिस्तानी आर्मी चीफ की ये टिप्पणियां बेहद निंदनीय और शर्मनाक हैं। भारत पर हमला करने और परमाणु हथियारों को एक्सचेंज करने जैसी बातें कहना एक तरह का पागलपन है। मुनीर को इस तरह की टिप्पणियों की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। वेंस ने कहा वो चाहेंगे कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ तब तक राजनयिक संबंध तोड़ दे जब तक कि वह एक सभ्य देश की तरह व्यवहार न करने लगे, जो उसने लंबे समय से नहीं किया है। वेंस ने मुनीर की टिप्पणियों पर अमेरिकी सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन को और कड़ी प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन को उससे कहीं ज्यादा कड़ी प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। जिस तरह की टिप्पणी अमेरिकी धरती से की गई है वो जानबूझकर किया गया अपमान लगती है।

# पाक में पूर्व राज्यपाल-पूर्व मंत्रियों समेत 25 को 10 साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 25 सदस्यों को 9 मई, 2023 को हुए दंगों से जुड़े दो मामलों में 10-10 साल कैद की सजा सुनाई। लाहौर की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने

**इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए थे दंगे**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को दोनों मामलों में बरी कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि एटीसी लाहौर के न्यायाधीश मंजर अली गिल ने पंजाब के पूर्व मंत्री यास्मीन राशिद और मियां महमूदुर राशिद, सीनेटर एजाज चौधरी, पंजाब के पूर्व राज्यपाल उमर सरफराज चीमा और 21 पीटीआई समर्थकों को दो मामलों में 10-10 साल की सजा



सुनाई है। ये मामले लाहौर में एक पुलिस थाने पर हमला और पुलिस वाहनों को आग लगाने के हैं। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने लाहौर की कोट लखपत जेल में फैसला सुनाया, जहां सभी मामलों की कार्यवाही हुई। उस दिन पीटीआई संस्थापक खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी इमारतों में तोड़फोड़ की गई थी।

### इमरान खान अगस्त 2023 से ही जेल में बंद हैं

दंगों के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व समेत हजारों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं। पिछले महीने एटीसी फैसलाबाद ने पंजाब प्रांत में उक्त तिथि को आईएसआई भवन और अन्य सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले के मामले में नेशनल असेंबली और सीनेट के विपक्षी नेताओं और कई सांसदों सहित पीटीआई के 166 सदस्यों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई थी। पीटीआई ने लाहौर हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती देने की बात कही।

## किरदार दिखाएंगे मजेदार 'आज़ादी की लड़ाइयाँ'



कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) चाहती हैं कि सब उनके नियमों के अनुसार ही घर चलाएं। साथ ही बच्चे पढ़ाई और सख्त टाइम टेबल से थक चुके हैं और जोर से कहते हैं, 'हमें होमवर्क से आज़ादी चाहिए।' 'भाबीजी घर पर हैं' के आने वाले एपिसोड के बारे में विदिशा श्रीवास्तव उर्फ अनीता भाबी ने कहा, मॉडर्न कॉलोनी में एक हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाता है, जिसमें पता चलता है कि ज्यादातर लोग, जिनमें विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) और मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़) भी शामिल हैं, का शुगर लेवल हाई है। उनकी पत्नियां, अनीता और अंगूरी (शुभांगी अत्रे), तुरंत ऐक्टिव हो जाती हैं और घर में मिठाइयों, तली हुई और तेल वाली चीज़ों पर पूरी पाबंदी लगा देती हैं। इससे दोनों पुरुषों की जिंदगी बेरंग हो जाती है।

इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एण्डटीवी लेकर आया है हँसी-मज़ाक और देशभक्ति से भरे खास एपिसोड। 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदार इस बार घर और मोहल्ले में दिखाएंगे अपनी मजेदार आज़ादी की लड़ाइयाँ। 'हप्पू की उलटन पलटन' के आगामी एपिसोड के बारे में बताते हुये योगेश त्रिपाठी उर्फ दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''राजेश (गीतांजलि मिश्रा) अपने रोज़मर्रा के घर के कामों से थक गई हैं और थोड़ी आज़ादी चाहती हैं।

## ऐश्वर्या खरे से है गहरा रिश्ता -एरिका पैकर्ड



अनोखा रियलिटी शो 'छोरियाँ चली गाँव' दर्शकों को गांव की ज़मीन से जुड़ी कहानियों में पूरी तरह डुबो रहा है। रणविजय सिंघा द्वारा होस्ट किया जा रहा यह शो 11 जानी-मानी महिला हस्तियों को लेकर आया है, जिनमें शामिल हैं अनिता हसनंदानी, ऐश्वर्या खरे, अंजुम फाकीह, कृष्णा श्रॉफ, डॉली जावेद, एरिका पैकर्ड, रमीत संधू, रेहा सुखेजा, सुमुखी सुरेश और मशहूर जुड़वां बहनें समृद्धि और सुरभि मेहरा (चिंकी- मिंकी)। ये सभी तेज़ रफ्तार शहरी ज़िंदगी को पीछे छोड़ गांव की सादगी और चुनौतियों से दो-चार हो रही हैं। जब ये सभी लड़कियां अपने गांव के घरों से निकलकर नए बसेरे में पहुंचीं, तो उन्हें गांववालों का मनोरंजन करने की ज़िम्मेदारी मिली - एक ऐसी शाम, जहां उनकी परफॉर्मेंस से तय होना था कि कौन बनेगी मिस बमुलिया। इसी शाम की महफिल में ऐश्वर्या खरे ने अपनी सुरीली आवाज़ में गाया 'तू मेरा हमदर्द है' और ये गाना उन्होंने समर्पित किया अपनी साथी प्रतियोगी एरिका पैकर्ड को। ऐश्वर्या की आवाज़ और भावनाएं इतनी सच्ची थीं कि एरिका की आंखों से आंसू बह निकले। ऐश्वर्या ने बताया कि गाना उनके खून में है और ये कला उन्हें उनके पिता से विरासत में मिली है। मालूम हो कि 'छोरियाँ चली गाँव' रोज़ रात साढ़े नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है। एरिका भी इस लम्हे से बेहद भावुक हो गई और उन्होंने खुलकर ये स्वीकार किया कि ऐश्वर्या से उनका रिश्ता उम्मीद से कहीं ज्यादा गहरा हो गया है।

## असीम मुनीर के बाद बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान लगातार भारत को युद्ध की धमकियां दे रहा है। पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के बाद अब बिलावल भुट्टो ने ऑपरेशन

**सिंधु जल के लिए जंग लड़ेगा पाक**

सिंदूर और सिंधु जल समझौते पर भारत को गीदड़भभकी देना शुरू कर दिया है।

बिलावल भुट्टो ने कबूल किया है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान का बड़ा नुकसान किया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पूरे पाकिस्तान को एकजुट होने का राग अलापा है। पीपीपी पार्टी के अध्यक्ष और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री रहे बिलावल भुट्टो ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रद रखेगा तो पाकिस्तान के पास युद्ध लड़ने के अलावा कोई और चारा नहीं बचेगा। आप लोग युद्ध लड़कर सभी 6 नदियों का पानी फिर से हासिल कर सकते हैं। अगर भारत अपने इरादे पर डटा रहा, तो हमारे पास युद्ध के सिवाए कोई विकल्प नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर पर बात करते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा, हमने युद्ध शुरू नहीं किया था। लेकिन अगर आप ऑपरेशन सिंदूर की तरह हमपर हमला करेंगे, तो पाकिस्तान के हर राज्य के लोग आपके खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए तैयार हैं और आप पक्का यह युद्ध हार जाएंगे।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089